16 दिसंबर, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 58

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

सीजीएल परीक्षा पर टकराव की स्थिति, दोनों पक्ष तैयार






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 72,600 रु./10 ग्राम
चांदी 93,000 रु./प्रति किलो



# आखिर क्यों आजसू को खारिज कर दिया वोटरों ने, क्या सबक लिया सुदेश ने

## ■ वैकल्पिक राजनीति का पर्याय मानी जाने वाली आजसू को किसका ग्रहण लगा

## ■ 2014 और 2019 की गलतियों ने सबक नहीं ली पार्टी ने, आज अस्तित्व पर सवाल

## ■ सामूहिक निर्णय पर विश्वास नहीं करने की उठ रही बात, पार्टी करे विचार

आजाद सिपाही विशेष

झारखंड की सियासी गाड़ी में इन दिनों विधानसभा चुनाव के परिणाम की समीक्षा का जोर है। खासकर एनडीए खेमा, जिसमें भाजपा और आजसू प्रमुख हैं, चुनावी हार की समीक्षा में जुटे हैं। इस चुनाव ने आजसू पार्टी को सियासी नक्शे से लगभग गायब कर दिया है और कभी झारखंड में वैकल्पिक राजनीति का पर्याय मानी गयी इस पार्टी के सभी बड़े सूरमा चुनावी रणनीति में खेत रहे। उसे केवल एक सीट ही मिली। यह उसका अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन है। खास बात यह है कि आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो को भी बुरी तरह चुनाव में पराजित होना पड़ा है। इस चुनाव में सुदेश महतो को महज 39 हजार के आसपास वोट आये। इतनी कम संख्या में मतदाताओं का सुदेश महतो के प्रति विश्वास जताना अति चिंता का विषय है। सुदेश महतो ही क्यों, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी से लेकर डॉ लंबोदर महतो सहित आजसू पार्टी के तमाम नेताओं को यह समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर पार्टी को इतनी बुरी तरह हार का सामना क्यों करना पड़ा। सुदेश महतो को अलग और गंभीर किस्म का राजनीतिज्ञ माना जाता है, लेकिन इस चुनाव परिणाम ने साबित कर दिया है कि खुद सुदेश ने और आजसू पार्टी ने जमीन से कटने की कीमत चुकायी है। यह भी सच है कि हाल के दिनों में सुदेश महतो उन सभी लोगों से एक तरह से कट गये हैं, जिन्होंने कभी सुदेश महतो के राजनीतिक उत्थान में किसी न किसी रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। उसकी फेहरिश्त काफी लंबी है। जिस सिल्ली को कभी सुदेश महतो का अभेद्य किला कहा जाता था और यहां से खड़े होनेवाले प्रत्याशियों को दूसरे-तीसरे स्थान के लिए संघर्ष करने की बात कही जाती थी, आज वह किला साल दर साल खोखला होता जा रहा है। जिस सिल्ली को सुदेश महतो ने अपने समय का 80 फीसदी समय दिया हो, वहां से उनकी राजनीतिक जमीन का इस तरह कबड़ना यह साबित करता है कि सिल्ली के लोगों में सुदेश महतो के अंदर अब वह बात नहीं दिखती, जो कुछ साल पहले तक दिखती थी। वहां से सुदेश महतो की हार ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि या तो सुदेश महतो वहां की जनता की आकांक्षाओं पर खरा नहीं उतर पा रहे हैं या जनता उनसे ऊबती जा रही है। चुनाव परिणाम की समीक्षा के दौरान आजसू पार्टी के कई नेताओं ने रणनीतिक चूक और सामूहिक निर्णय के अभाव की बात को कहा भी। ऐसे पार्टी नेतृत्व के खिलाफ पहली आवाज पश्चिमी सिंहभूम के जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने 1 नवंबर को ही फेसबुक कर एक पोस्ट डाल कर उठायी थी। पार्टी नेताओं का मानना है कि दरअसल आजसू पार्टी की कमजोरी पार्टी को ऐसे लोगों का निर्देश देना है, जिनका राजनीति से कोई लेना-देना ही नहीं था। पार्टी ने झारखंड के ढाई दशक के इतिहास में कामयाबी की कई कहानियां लिखी तो हैं, लेकिन अपना एक ठोस जनाधार अब तक नहीं बनाया है। दरअसल, पार्टी अब व्यक्ति केंद्रित हो गयी है और सुदेश महतो ही इसके लिए सब कुछ हैं। वहां दूसरे की आवाज या सुझाव का कोई मायने-मतलब नहीं है। ऐसे में किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में व्यक्ति का महत्वपूर्ण होना न केवल खतरनाक, बल्कि कितना आत्मघाती हो सकता है, यह आजसू पार्टी की वर्तमान स्थिति से समझना आसान है। जिस समय तमाड़ के विधायक विकास सिंह मुंडा आजसू पार्टी को छोड़ रहे थे, तो उन्होंने आजाद सिपाही से बात करते हुए कहा था कि पार्टी में किसी एक व्यक्ति का ही सुना जाता है। दूसरे की बात कोई मायने नहीं रखती। कहा था कि अगर कोई पार्टी हित में कुछ कहना भी चाहे, तो उसे न सिर्फ नजरअंदाज बल्कि उस व्यक्ति को ही खारिज कर दिया जाता है। ऐसे में इस पार्टी को छोड़ना ही बेहतर विकल्प है। आज की तारीख में विकास सिंह मुंडा की बात सही साबित हो रही है। उन्होंने जब से पार्टी छोड़ी और झामुमो का दामन थामा, तब से उनका राजनीतिक कद लगातार बढ़ रहा है। आजसू पार्टी के लिए इससे दुखद और आश्चर्यजनक भला और क्या हो सकता है, जब रोशनलाल चौधरी जैसे नेता आजसू को छोड़ देते हैं और भाजपा का दामन थाम लेते हैं। भाजपा में शामिल होते ही वह तीन बार की हार से बाहर आ जाते हैं और विधानसभा पहुंच जाते हैं। उमाकांत रजक और योगेंद्र प्रसाद भी उदाहरण हैं। खुद सुदेश महतो अपने गढ़ में तीसरी बार पराजित होकर अब क्या रणनीति अपनायेंगे, यह अब तक साफ नहीं है, लेकिन इस चुनाव ने उनके राजनीतिक अवसान की कहानी का प्लॉट जरूर तैयार कर दिया है। अगर सुदेश महतो अब भी नहीं चेते और समय के साथ-साथ लोगों की सही पहचान नहीं की, तो राजनीति की डगर काफी मुश्किल होती जायेगी। क्या है सुदेश महतो की हार का कारण और क्या हो सकता है भविष्य में पार्टी का हश्र बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

झारखंड में संपन्न विधानसभा चुनाव के बाद पसरे सियासी सन्नाटे के बीच अब एक बड़ा सवाल रह-रह कर गूंज रहा है। यह सवाल है कि अब आजसू पार्टी और खास कर उसके सुप्रीमो सुदेश महतो की रणनीति क्या होगी। इसमें कोई दो राय नहीं कि आजसू पार्टी ने झारखंड की राजनीति को अलग पहचान दी है और यह पार्टी सामाजिक बदलावों के जरिये राजनीति की नयी लकीर खींचने की बात करती है, लेकिन चुनाव दर चुनाव इसके प्रदर्शन ने इसकी रणनीति पर सवालिया निशान लगा दिया है।

### इस बार एक तरह से आजसू का सूपड़ा साफ हो गया

इस विधानसभा चुनाव में एक तरह से आजसू का सूपड़ा साफ हो गया है। अपने ढाई दशक के इतिहास में यह उसका सबसे खराब प्रदर्शन है। पार्टी केवल एक सीट जीत सकी और वह भी महज 231 वोट के मामूली अंतर से। पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो तक अपनी सीट नहीं बचा सके। किसी तरह सिल्ली में वह तीसरे स्थान पर खिसकते-खिसकते बच गये। इस चुनाव परिणाम से यह बात साबित हो गयी कि आजसू पार्टी को न केवल अपनी रणनीति पर दोबारा विचार करने की जरूरत है, बल्कि सुदेश महतो को भी अब सियासत में बने रहने के लिए पार्टी में सामूहिक निर्णय पर अमल करना होगा। इसके साथ-साथ उसे नहीं राह भी तलाशनी होगी। उसे उन तमाम कटे हुए सिपहसालारों और शुभचिंतकों को अपनी तरफ मोड़ने के लिए हठधर्मिता को त्यागना होगा।

### सात चुनावों में सुदेश महतो का प्रदर्शन

जहां तक सुदेश महतो के प्रदर्शन का सवाल है, तो इस बार उन्होंने सबसे खराब प्रदर्शन किया। इस बार वह महज 49 हजार 302 वोट ही ला सके। सुदेश महतो पहली बार वर्ष 2000 में चुनाव मैदान में उतरे थे। उस चुनाव में उन्हें कुल 40 हजार 322 वोट (44.69 फीसदी) मिले थे। उन्होंने कांग्रेस के कद्दावर नेता केशव महतो कमलेश को हराया था। उस चुनाव में सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में कुल एक लाख 46 हजार 24 वोटर थे, जिनमें से 90 हजार 218 ने वोट डाले थे। इसके बाद 2005 में झारखंड में पहली बार विधानसभा चुनाव हुआ। उस चुनाव में सिल्ली में दो लाख 25 हजार एक सौ वोटरों में से एक लाख 41 हजार 779 ने वोट डाले थे और सुदेश महतो को 39 हजार 281 वोट (27.71 फीसदी) मिले थे। वह लगातार दूसरी बार चुनाव जीते थे। वर्ष 2009 के चुनाव में सिल्ली के कुल एक लाख 67 हजार 840 वोटरों में से एक लाख 17 हजार 147 ने वोट डाले थे। इनमें से 45 हजार 673 (38.99 फीसदी) ने सुदेश महतो को वोट देकर विधानसभा भेजा था। इसके बाद 2014 में पहली बार सुदेश महतो को पराजय का मुंह देखना पड़ा। उस चुनाव में कुल एक लाख 84 हजार 393 वोटरों में से एक लाख 43 हजार 205 ने वोट डाले, लेकिन सुदेश महतो को केवल 50 हजार सात वोट (34.92 फीसदी) मिले और वह हार गये। फिर 2018 में उप चुनाव हुआ और उसमें सिल्ली में एक लाख 94 हजार 497 वोटरों में से एक लाख 47 हजार 517 ने वोट डाले। इनमें से सुदेश महतो को 63 हजार 619 वोट (43.13 फीसदी) वोट मिले और फिर वह अमित महतो की पत्नी सीमा देवी से हार गये। फिर 2019 में सिल्ली के दो लाख पांच हजार 955 वोटरों में से एक लाख 58 हजार 708 ने वोट डाले और सुदेश महतो को 83 हजार सात सौ वोट (52.74 फीसदी) वोट पड़े। वह विधायक चुने गये। लेकिन 2024 में सिल्ली के दो लाख 37 हजार 557 वोटरों में से एक लाख 94 हजार 211 ने वोट डाले। इनमें से सुदेश महतो को केवल 49 हजार 302 वोट (28.74 फीसदी) मिले। वोटरों की संख्या को देखते हुए यह उनके द्वारा हासिल किया गया सबसे कम वोट है।



### 2014 के लोकसभा चुनाव में रामटहल चौधरी के खिलाफ चुनाव लड़ना बड़ा झटका

2014 के लोकसभा चुनाव में आजसू पार्टी ने अकेले चुनाव मैदान में उतरने का फैसला किया और जमशेदपुर, लोहरदगा और पलामू को छोड़ कर राज्य की बाकी 11 सीटों पर प्रत्याशी उतार दिये। पार्टी प्रमुख सुदेश महतो खुद रांची से उस कद्दावर नेता रामटहल चौधरी के खिलाफ चुनाव मैदान में उतर गये, जिन्हें कुर्मी मतदाताओं के बीच बड़ा चेहरा माना जाता था। उस समय एक नारा भी प्रचलित हो गया था रामटहल चौधरी दिल्ली, सुदेश महतो सिल्ली। उस बार इन 11 सीटों पर आजसू पार्टी को कुल चार लाख 81 हजार 646 वोट मिले थे। पार्टी को कहीं भी सफलता नहीं मिली थी। यह सुदेश महतो के लिए पहला बड़ा चुनावी झटका था। इस झटके ने कुर्मियों के एक बड़े वर्ग में सुदेश महतो के खिलाफ एक ऐसा बीजारोपण कर दिया, जो अब धीरे-धीरे बड़ा आकार ले रहा है और उसका खामियाजा सुदेश महतो को दिन पर दिन भुगतना पड़ रहा है।

### रणनीतिक कमजोरी या अति-आत्मविश्वास

चुनावी आंकड़ों की पृष्ठभूमि में यह बात सामने आती है कि आजसू पार्टी और खासकर सुदेश महतो ने जब-जब अपनी जड़ों से कटने की कोशिश की, उसे झटका लगा। उदाहरण के लिए 2014 और 2019 के बीच के दौर को लिया जा सकता है। वह आजसू पार्टी के उफान का दौर था। ऐसा कहा जाने लगा था कि सुदेश महतो ही झारखंड के भविष्य हैं और आजसू पार्टी के पास ही झारखंड के विकास का विजन है। पार्टी में शामिल होनेवालों की कतार लग गयी। आजसू पार्टी का नेतृत्व आंख बंद कर लोगों को अपने खेमे में लाता रहा। उस दरम्यान ऐसे-ऐसे अवसरवादी लोग सुदेश महतो के साथ जुड़ने लगे, जिन्होंने उनकी राजनीतिक साख में बट्टा लगा दिया। एक समय तो ऐसा भी आया, जब आजसू पार्टी में पूर्व में नक्सली रहे लोगों का जमावड़ा लग गया। कुछ गलत लोग भी पार्टी से जुड़ने लगे। उन लोगों ने सुदेश महतो के राजनीतिक गुब्बारे में ऐसी हवा भर दी कि सुदेश महतो को यह लगने लगा कि अब वह अपनी गांव की सरकार बना ही लेंगे। राजनीतिक गुब्बारे में प्रदूषित हवा का ही यह दुष्परिणाम था कि आजसू अपनी असली जमीन को भूल गयी और एक साथ 53 सीट पर उम्मीदवार उतार दिये। इस दरम्यान पार्टी नेतृत्व यानी सुदेश महतो को इस बात का एहसास ही नहीं हुआ कि उनके पास जो लोग हैं, उनमें आजसू के प्रति राजनीतिक प्रतिबद्धता कितनी है। वे कितनी दूर तक आजसू पार्टी का साथ दे सकते हैं। यह बात तब समझ में आयी, जब अधिकांश ने 2019 के चुनाव के बाद पार्टी छोड़ दी। इसके अलावा बीते पांच सालों में जो लोग आजसू पार्टी में शामिल हो रहे हैं, उनमे राजनीतिज्ञों की संख्या कम और कारोबारियों की संख्या ज्यादा है।

### अब क्या है सुदेश महतो की चुनौती

अब बात चुनौतियों की। सुदेश महतो के सामने आज सबसे बड़ी चुनौती जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम तो है ही, साथ ही उन्हें अपना खोया आधार हासिल करने की चुनौती भी है। सिल्ली के अपने गढ़ को वह तब तक दोबारा हासिल नहीं कर सकते, जब तक सुदेश अपने चारों तरफ एक ऐसा आभा मंडल कायम रखेंगे, जिनका राजनीति से कुछ भी लेना-देना नहीं। सुदेश महतो को यह भी समझना होगा कि अब वह सिर्फ एक जाति की राजनीति करके मैदान में सफलता नहीं पा सकते। उन्हें अपनी कार्यशैली बदलनी होगी। उन्हें यह पहचान करनी होगी कि कौन आजसू के प्रति प्रतिबद्ध है और कौन लाभ लेने के लिए उनकी चाटुकारिता कर रहा है। एक समय ऐसा भी था, जब हर वर्ग के लोग सुदेश महतो से जुड़े थे। वे सुदेश महतो में झारखंड का हितैषी का चेहरा देखते थे। लेकिन आज उनका यह विश्वास डगमगा गया है। या तो सुदेश महतो ने ऐसे लोगों से खुद किनारा कर लिया या फिर अपमानित महसूस करते हुए ऐसे लोगों ने खुद अलग राह नाप ली या खामोश बैठ गये हैं। फिलहाल उनके पास जो आभा मंडल और चाटुकारों की फौज खड़ी है, वही उन्हें अपने लोगों से काट रही है। यह बात उन्हें समझनी होगी। सुदेश महतो को झारखंड की राजनीति का कभी डार्क हॉर्स कहा जाता था। उन्होंने झारखंड बनने के बाद से एक कुशल राजनीतिज्ञ के रूप में अपनी अलग पहचान स्थापित भी की है। उन्होंने हमेशा मुद्दों की राजनीति की है और गंभीरता से अपनी पार्टी की रणनीति निर्धारित की है। विधानसभा में भी उनकी बात सभी पक्ष के सदस्य गंभीरता से सुनते रहे हैं। अपने एक-एक कार्यकर्ता के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़ा रहना सुदेश के विशिष्ट गुणों में कभी शामिल था। उनकी यही कार्यशैली उन्हें दूसरे राजनेताओं से अलग करती थी। पिछले एक दशक में अपनी पार्टी का जिस रफ्तार से विस्तार किया, वह किसी अचंभे से कम नहीं था, लेकिन आज सुदेश महतो का पूरा करियर इस सियासी तूफान में फंसा नजर आ रहा है, जिससे निकलने का रास्ता और हौसला भी केवल सुदेश महतो के पास ही है। ऐसे में यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि सुदेश अपनी रणनीति पर दोबारा विचार करें और चुनौतियों की पृष्ठभूमि में अपने भविष्य का निर्धारण करें।

---

# राम प्रकाश प्रभाकर का बलिदान देश हमेशा याद रखेगा: संजय सेठ

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ गुरदासपुर में शहीद राम प्रकाश प्रभाकर की 33वीं बरसी पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ गुरदासपुर में शहीद राम प्रकाश प्रभाकर की 33वीं बरसी पर आयोजित शहीदों को समर्पित कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सेवक संघ के सह सर कार्यवाह अरुण कुमार ने की। उनके बलिदान दिवस पर उन्हें नमन करते हुए श्री सेठ ने कहा कि राम प्रकाश प्रभाकर देश के वीर सपूतों में से एक थे उनका बलिदान देश हमेशा याद रखेगा।



राम प्रकाश प्रभाकर ने अपने जीवन को समाज को समर्पित कर दिया। वे समाज के सभी लोगों को साथ लेकर एक सूत्र में पिरोकर चलते थे। वह संघ के प्रचारक के रूप में भी कई उल्लेखनीय कार्य किये। उनका हर कार्य उनका संपूर्ण जीवन हम सबके लिए प्रेरणादाई है। चाहे समाज का कोई भी वर्ग हो उन्होंने सामाजिक क्षेत्र में भी काफी काम किया। शहीद राम प्रकाश का जीवन हर व्यक्ति के लिए प्रेरणादाई है।

# जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में धांधली की साजिश के पीछे सरकार का हाथ : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रविवार को हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में धांधली की साजिश के पीछे सरकार का हाथ है।

उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में धांधली की साजिश के पीछे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का हाथ साफ नजर आता है। पहले हेमंत सोरेन के जरिये सीआइडी जांच का झूठा आश्वासन दिया गया, फिर जेएसएससी ने खुद को क्लीन चिट दे दी। अब छात्र आंदोलनकारियों की गिरफ्तारी के सख्त आदेश जारी कर सरकार ने युवाओं की आवाज दबाने की साजिश रच दी है।



उन्होंने रविवार को ट्वीट कर कहा है कि हेमंत सोरेन शायद भूल गये हैं कि झारखंड की भूमि आंदोलनों और संघर्षों की प्रतीक है। झारखंड का युवा दमनकारी नीतियों का करारा जवाब देना जानता है। उन्होंने लिखा है कि हेमंत सोरेन छात्रों की गिरफ्तारी का तुगलकी फरमान वापस लेकर सीजीएल परीक्षा की सीबीआइ जांच कराने का आदेश दें और छात्रों के गतिरोध को समाप्त करने की सकारात्मक पहल करें।

www.epaper.azadsipahi.in

16 दिसंबर, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 58







# जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा पर टकराव की स्थिति, महाघेराव आज

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा आयोजित सीजीएल परीक्षा के मुद्दे पर टकराव की स्थिति बन गयी है। परीक्षा रद्द करने की मांग के समर्थन में राज्य भर से अभ्यर्थी सोमवार को आयोग का घेराव करने के लिए तैयार हैं। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे जेएलकेएम के छात्र संगठन झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन ने कहा है कि वह हर हाल में डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन को रोकेगी। आंदोलन के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने भी व्यापक तैयारी की है। नामकुम स्थित आयोग के कार्यालय के आसपास बैरिकेडिंग की गयी है और फायर ब्रिगेड के साथ वाटर कैनन और वज्र वाहन को तैनात किया गया है।

## हर हाल में रोकेंगे डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशनः देवेंद्रनाथ महतो



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) की छात्र इकाई झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन ने कहा है कि राज्य भर के अभ्यर्थी सोमवार को हर हाल में जेएसएससी द्वारा सीजीएल परीक्षा के डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन को रोकेंगे। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। यूनियन के अध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो ने रविवार को कहा कि यूनियन के बैनर तले जेएसएससी कार्यालय का घेराव किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सीजीएल परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर संपूर्ण झारखंड के 24 जिलों के अभ्यर्थी रांची पहुंच चुके हैं। वे सुबह नौ बजे से ही जेएसएससी कार्यालय के महाघेराव के लिए पहुंचेंगे और हर हाल में डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन रोकने का काम करेंगे। इसके साथ पूरी परीक्षा को रद्द कर सीबीआइ से जांच करा कर दोषी अधिकारियों पर कड़ी करवाई करने का मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा छात्रों की आवाज को कमजोर करने के लिए राज्यभर के छात्रावासों में पुलिस तैनात की गयी है तथा बैरिकेडिंग कर अभ्यर्थियों को जिला से बाहर निकलने नहीं दिया जा रहा है। हजारों अभ्यर्थियों को रांची के बाहर रोका जा रहा है। जेएसएससी कार्यालय को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। महतो ने कहा कि सरकार हमारी आवाज को दबाना चाहती है। किसी भी हाल में ऐसा नहीं होने दिया जायेगा। कल छात्रों-युवाओं का शक्ति प्रदर्शन होगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन चाहे कितनी भी ताकत लगा ले, झारखंड के युवा अपना हक-अधिकार लेकर रहेंगे।

## पुलिस प्रशासन तैयार, बैरिकेडिंग वाटर कैनन और वज्र वाहन तैनात



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सीजीएल परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर जेएसएससी के घेराव के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने व्यापक तैयारी की है। सोमवार से इस परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवारों का डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन भी शुरू हो रहा है, जबकि इसे रोकने के लिए आयोग के घेराव की घोषणा की गयी है। ऐसे में किसी भी तरह के हिंसात्मक विरोध को ध्यान में रखते हुए रांची पुलिस की ओर से पुख्ता तैयारी की गयी है। पुलिस की तैयारी ऐसी है कि आंदोलन कर रहे अभ्यर्थी जेएसएससी कार्यालय तक पहुंच ही न सकें। इसके लिए नामकुम में जेएसएससी कार्यालय और वहां तक पहुंच के सभी रास्तों में बैरिकैडिंग कर दी गयी है। फायर ब्रिगेड, वाटर कैनन और वज्र वाहन तैनात किये हैं। प्रशासन वीडियोग्राफी और ड्रोन के जरिये भी स्थिति पर नजर रखे हुए है। पुलिस के तमाम बड़े अधिकारियों ने इलाके का जायजा भी लिया है। संभावित हुड़दंग से निपटने के लिए करीब ढाई हजार जवानों और अधिकारियों को मौके पर तैनात किया गया है। साथ ही जेएसएससी कार्यालय जाने वाले रास्तों में दो स्तर की सुरक्षा की गयी है। जेएसएससी कार्यालय के बाहर पुलिस प्रशासन के लिए टेंट और पूरे मैदान में बैरिकेडिंग की गयी है। सभी गतिविधियों की वीडियोग्राफी भी की जा रही है। जेएसएससी ऑफिस के एक सौ मीटर पहले से ही आवाजाही बंद कर दी गयी है। जेएसएससी कार्यालय और सदाबहार चौक के पांच सौ मीटर के दायरे में धारा 163 लागू कर दी गयी है। यह आदेश 20 दिसंबर तक लागू रहेगा।

# झारखंड सरकार की धान खरीद योजना शुरू

### मंत्री इरफान अंसारी ने किया उद्घाटन



**किसानों को बोनस के तौर पर 100 की जगह 200 रुपया मिलेगा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जामताड़ा।** रविवार को झारखंड सरकार की ओर से धान खरीद की शुरुआत की गयी, जिसके तहत राज्य के खाद आपूर्ति मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने जामताड़ा लैंपस में कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर मंत्री ने किसानों से धान की खरीदारी की और चेक के माध्यम से भुगतान किया। मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने किसानों के लिए प्रति क्विंटल 2300 और 100 रुपये बोनस, यानी कुल 2400 रुपये की दर तय की है। उन्होंने घोषणा की कि किसानों को बोनस के तौर पर 200 मिलेगा, जिससे अब प्रति क्विंटल धान का मूल्य 2500 होगा। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य में जन वितरण प्रणाली में सुधार लाने के लिए 2जी पोस मशीन को बदलकर 5जी पोस मशीन लगायी जायेंगी, जिससे राशन वितरण में आसानी होगी। मंईयां सम्मान योजना को लेकर चल रहे सामाजिक गतिरोध पर सवाल पूछे जाने पर मंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत कई भाजपा विधायक की पत्नियों ने भी लाभ लिया है, और अब हमें गाली दी जा रही है। इस पर उन्होंने मजाक करते हुए कहा, ऐसी स्थिति में रिकवरी तो होगी ही। मंत्री ने यह भी बताया कि सरकार किसानों के हित में हर संभव कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दायित्व को पूरी तरह से निभाने का प्रयास करेंगे।

## तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन का निधन



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। विश्व विख्यात तबला वादक और पद्म विभूषण उस्ताद जाकिर हुसैन का निधन हो गया है। सैन फ्रांसिस्को में उनका इलाज चल रहा था। वहीं उन्होंने आखिरी सांस ली। उनका जन्म 9 मार्च 1951 को मुंबई में हुआ था। उस्ताद जाकिर हुसैन को 1988 में पद्मश्री, 2002 में पद्म भूषण और 2023 में पद्म विभूषण से नवाजा गया था। जाकिर हुसैन को तीन ग्रैमी अवॉर्ड भी मिल चुके थे। उनके पिता का नाम उस्ताद अल्लाह रक्खा कुरैशी और मां का नाम बीवी बेगम था। जाकिर के पिता अल्लाह रक्खा भी तबला वादक थे। जाकिर हुसैन की प्रारंभिक शिक्षा मुंबई के माहिम स्थित सेंट माइकल स्कूल से हुई थी। इसके अलावा ग्रेजुएशन मुंबई के ही सेंट जेवियर्स कॉलेज से हुआ था। जाकिर हुसैन ने सिर्फ 11 साल की उम्र में अमेरिका में पहला कॉन्सर्ट किया था। 1973 में उन्होंने अपना पहला एल्बम 'लिविंग इन द मैटेरियल वर्ल्ड' लॉन्च किया था।

## न्यूज रील्स

### आज नहीं आयेगा 'एक देश-एक चुनाव' बिल

नयी दिल्ली। 'एक देश-एक चुनाव' बिल लोकसभा में सोमवार को पेश नहीं किया जायेगा। इससे जुड़े दोनों बिल को लोकसभा की संशोधित सूची से हटा दिया गया है। इससे पहले 13 दिसंबर के कैलेंडर में कहा गया था कि सोमवार को बिल लोकसभा में रखा जायेगा। सूत्रों के मुताबिक अब वित्तीय कामकाज के पूरा होने के बाद 18 दिसंबर को बिल सदन में पेश किया जायेगा। हालांकि सरकार बिल को आखिरी समय में भी लोकसभा स्पीकर की अनुमति के बाद पूरक लिस्टिंग के जरिये सदन में पेश कर सकती है। कैबिनेट ने 12 दिसंबर को बिल की मंजूरी दी थी। लोकसभा में 13 और 14 दिसंबर को संविधान पर चर्चा हुई थी। अब तक प्रधानमंत्री मोदी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और राजनाथ सिंह इस पर बोल चुके हैं। 16 और 17 दिसंबर को अब राज्यसभा में संविधान पर चर्चा होगी। संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर को शुरू हुआ था, जो 20 दिसंबर को खत्म होगा। बता दें कि एक देश-एक चुनाव पर विचार के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में दो सितंबर 2023 को एक कमिटी बनायी गयी थी।

### महाराष्ट्र में 39 मंत्रियों ने ली शपथ

नागपुर। महाराष्ट्र में महायुति की सरकार का नागपुर में रविवार को मंत्रिमंडल विस्तार किया गया। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने नये मंत्रियों को शपथ दिलायी। इससे पहले 1991 में भी नागपुर में मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया था। कैबिनेट विस्तार में भाजपा के 19 विधायकों को मंत्री बनाया गया है। इनमें तीन महिलाएं शामिल हैं। एनसीपी (अजित) कोटे के नौ विधायकों को मंत्री बनाया गया है। इनमें एक महिला शामिल है। शिवसेना कोटे से 11 विधायकों को मंत्रिमंडल में जगह दी गयी है।

# रांची में जमीन कारोबारी की दिन-दहाड़े हत्या

**नामकुम के कवाली में मारी एक दर्जन गोलियां**

**2016 में भी हुआ था हमला, 18 साल पहले पत्नी की हो चुकी है हत्या**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची से सटे नामकुम के कवाली में रविवार को दिन-दहाड़े एक जमीन कारोबारी लाल मधुसूदन राय उर्फ मधु राय की हत्या कर दी गयी। अपराधियों ने उन्हें 12 गोलियां मारी। घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक बाइक पर आये अपराधियों ने उनका पीछा करते हुए कवाली में बीच सड़क पर गोली मार दी। मधु राय अपनी स्कूटी से राजाउलातू उनीडीह स्थित घर से नामकुम पतराटोली स्थित गढ़ा ढाबा जाने के लिए निकले थे। परिजनों को लगभग एक बजे घटना की जानकारी मिली। उसके बाद सभी मौके पर पहुंचकर सड़क जाम कर दी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने समझा-बुझाकर उन्हें जाम हटाने को कहा और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। अपराधी घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गये। फिलहाल हत्या के कारणों का पता नहीं चला है।

### पूर्व में हो चुकी है पत्नी की हत्या

मृतक लाल मधुसूदन राय का अपराध से पुराना नाता था। पूर्व में भी 2007 में राजा उलातू स्थित जमीन पर पत्नी के साथ मौजूद मधु राय को टारगेट कर अपराधियों ने गोली मारी थी, जिसमें उनकी पत्नी की मौत हो गयी थी। 2016 में दोबारा राजा उलातू में ही बाइक सवार अपराधियों ने मधु राय को गोली मारी थी, जिसमें उनके हाथ में गोली लगी थी। अभी गोली उनके हाथ में अटकी हुई थी। मधु राय के खिलाफ भी थाने में कई मामले दर्ज हैं।

# आजसू को एक और झटका : मनीष शाहदेव के बाद अब छात्र विंग के महासचिव विशाल महतो का इस्तीफा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



मनीष शाहदेव



विशाल महतो

**रांची।** आजसू छात्र संगठन के प्रदेश महासचिव विशाल कुमार महतो ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने रविवार को पत्र जारी कर इसकी जानकारी दी। विशाल महतो धनबाद के रहनेवाले हैं। उन्होंने पत्र में लिखा कि मैं विगत 11 वर्षों से आजसू पार्टी के एक कार्यकर्ता के रूप में निःस्वार्थ भाव से कार्य करता रहा हूं। मैंने वर्ष 2016 में विनोबा भावे विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में पीके रॉय महाविद्यालय के छात्र संघ सचिव पद पर जीत हासिल की। इसके बाद मुझे आजसू छात्र संघ का नेतृत्व करते हुए विश्वविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने का मौका मिला। उन्होंने आगे कहा कि मैं एक आम कार्यकर्ता के रूप में आजसू छात्र संघ से जुड़ा था, जिसके बाद मुझे कॉलेज अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव जैसे पदों का दायित्व मिला, जिसे मैं निःस्वार्थ भाव से इमानदारी से अपनी क्षमता अनुसार निर्वहन किया।

लेकिन आज मैं अपने व्यक्तिगत कारणों से अपने दायित्वों से मुक्त होना चाहता हूं। इसलिए मैं भारी मन से अपने सभी पदों एवं प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देता हूं।

बता दें कि 14 दिसंबर को भी आजसू युवा विंग के राज्य संयोजक डॉ लाल मनीषनाथ शाहदेव ने पार्टी के सभी पदों और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने कहा कि मैं व्यक्तिगत कारणों से आजसू पार्टी के सभी पदों और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देता हूं। विगत 20 सालों से पार्टी और पार्टी के सभी लोगों ने अपार प्यार और सहयोग दिया, इसके लिए मैं सभी को हृदय से धन्यवाद देता हूं।

साथ ही पार्टी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ये दोनों ही नेताओं ने विधानसभा चुनाव में आजसू पार्टी की करारी हार और पार्टी में एकतरफा लिये जा रहे निर्णय से आहत होकर आजसू से इस्तीफा दिया है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW



# सलगी और नगड़ी पंचायत को आदर्श पर्यटन स्थल के रूप में पहचान मिले : सरयू राय

- युगांतर भारती की वार्षिक आमसभा रांची में संपन्न
- शहरी आबादी बढ़ी, नदियां हुईं गंदी
- 2024 में संस्था ने समस्त लक्ष्य हासिल किया : अंशुल शरण
- हमने नदियों को मार दिया है : संजय रंजन सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** युगांतर भारती के संरक्षक और जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा है कि सरकार को दामोदर नद का उद्गम स्थल सलगी और स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल नगड़ी का विशेष ध्यान देकर विकास करना चाहिए और सरकार को यह प्रयास करना चाहिए कि दोनों स्थानों का नाम भारतीय पर्यटन के मानचित्र पर दिखे।

युगांतर भारती के वार्षिक आम सभा में सरयू राय ने कहा कि नगड़ी को आदर्श प्रशासनिक इकाई के रूप में विकसित करने की नितांत जरूरत है। उन्होंने नगड़ी और सलगी में सांस्कृतिक गतिविधियां बढ़ाने का भी सुझाव दिया।

जमशेदपुर पश्चिम के विधायक ने कहा कि झारखंड में अब 32 प्रतिशत आबादी शहरों में रहने लगी है। उनका विरोध शहरों में लोगों के रहने से नहीं अपितु शहरों में बढ़ रही समस्याओं का सरकारी स्तर पर समाधान नहीं होने से है। उन्होंने कहा कि शहरों के कारण नदियां गंदी हो रही हैं। सरयू राय ने युगांतार भारती के अध्यक्ष, अंशुल शरण को सुझाव दिया कि युगांतर न्यूज यू-ट्यूब चैनल पर पर्यावरण पाठशाला



नामक साप्ताहिक कार्यक्रम नववर्ष के बाद आरंभ करायें।

इसके पूर्व युगांतर भारती के अध्यक्ष अंशुल शरण ने संगठन की अब तक की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला और आने वाले वर्ष में क्या कार्य किये जाने शेष हैं, इस संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि युगांतर भारती में पर्यावरण, भोजन, स्वर्णरेखा महोत्सव, दामोदर महोत्सव, पर्यावरण दिवस जैसे अनेक बेंच मार्क वाले कार्य वर्ष 2024 में किये हैं। श्री शरण ने 2025 की कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नगड़ी, हुंडरू, जोन्हा, मूरी, चांडिल और जमशेदपुर में 12 से 14 जनवरी के बीच स्वर्णरेखा महोत्सव का आयोजन होगा। 22 मार्च को जल दिवस, 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस, 22 मई को जैव विविधता दिवस और 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस एवं दामोदर महोत्सव (गंगा दशहरा) का एक साथ आयोजन होगा। उन्होंने इन सभी आयोजनों की सफलता के लिए लोगों से सुझाव भी मांगे। सेवानिवृत पुलिस उपमहानिरीक्षक संजय रंजन सिंह ने कहा कि हमने नदियों को मार दिया है और अगर इन्हें दुबारा जीवित नहीं किया गया तो इंसानी सभ्यता को लोप हो जायेगा। ख्यातिनाम पर्यावरणविद् प्रो एमके जमुआर ने कहा कि नये लोगों को जोड़ना समय की मांग है। दस्तावेजीकरण को और बढ़ावा देना होगा। वायु प्रदूषण को लेकर नया आंदोलन छेड़ने की जरूरत है। इसके साथ ही उन्होंने युगांतर भारती को स्कूलों में इको क्लब बनाने की जरूरत को भी रेखांकित किया। स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के ट्रस्टी आशुतोष राय ने जमशेदपुर में ट्रस्ट की गतिविधियों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी।

धन्यवाद ज्ञापन स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी अशोक गोयल ने किया। इस वार्षिक आम सभा में राज्य के विभिन्न जिलों से पर्यावरणविद्, विभिन्न पर्यावरणीय संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे। जिनमें मुख्य रूप से युगांतर भारती के सचिव आशीष शीतल, डॉ. ज्योति प्रकाश, सामाजिक कार्यकर्ता, धर्मेंद्र तिवारी, गणेश रेड्डी, तपेश्वर केशरी, आनंद कुमार, रामानुज शेखर, विदेश सिंह, गोविंद मेवाड़, सुबोध श्रीवास्तव, राकेश माथुर, दिनेश सिंह, अभिषेक सिंह, शत्रुघ्न ओझा, रमाकांत यादव, बिरेंद्र सिंह, मुकेश पांडेय, रितेश झा, प्रवीण सिंह, सुरेंद्र प्रसाद सिन्हा, समीर सिंह, ओम प्रकाश सिंह, बालकृष्णा सिंह, कमल भगत, उदय सिंह, मनोज सिंह आदि उपस्थित थे।

# हिल टॉप पब्लिक स्कूल में कला और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बरियातू स्थित हिल टॉप पब्लिक स्कूल के प्रांगण में कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। इस विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में डीआइजी (वायरलेस विभाग) झारखंड अश्वनी कुमार सिन्हा के द्वारा किया गया। मौके पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर एसएस मेमोरियल कॉलेज के पूर्व प्राचार्या डॉ वंदना राय, अधिवक्ता पीके लाला, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, समाजसेवी डॉ अनिल कुमार स्कूल के निदेशक राजेश कुमार गुप्ता, स्कूल की प्राचार्या संगीता राज, उप प्राचार्या सुनीता श्रीवास्तव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस प्रदर्शनी में कक्षा 05 से 10 तक के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक आधुनिक तकनीक से



संबंधित प्रोजेक्ट बनाकर सबका मन मोह लिया। 10वीं वर्ग के प्राची, सिदरा, नंदनी एवं आदित्य ने पॉल्यूशन कन्वर्ट बनाया। नवम वर्ग के सोनाली, आर्यन, सलमान, सोनमति, शिफा, आठवीं वर्ग के सृष्टि, दीपिका, सुप्रिया, सप्तमी वर्ग के रितेश हमजा एवं महिमा ने भी अपने-अपने प्रोजेक्ट से आश्चर्य चकित कर दिया। ग्रामीण क्षेत्र का विकास, स्मार्ट सिटी, चंद्रयान 3, हाइड्रो लाइट ब्रिज, स्मार्ट एग्रीकल्चर, हैंगिंग वाल, वाटर साइकिल जैसे शिल्पकला ने दर्शकों एवं समस्त आगंतुकों को आकर्षित किया। सभी छात्र-छात्राओं ने इस कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी में बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया। इस प्रदर्शनी में सीमा लाला, सरिता, स्नेहा, सूर्यकांत, शंकर कुमार, पूरोबी, सिमकी, शिवानी, गार्गी, मौशमी, साधना, सविता, प्रियंका, निकिता समस्त शिक्षक-शिक्षकाएं की भूमिका अहम रही। नन्हे मुन्हें बच्चों मे शिशिर, जैद इमाम, पीहू, अंशिका, आरवी, जुबैरिया, शहजैन का विशेष आकर्षित करने वाला का प्रदर्शन रहा। यह जानकारी सुनीता श्रीवास्तव ने दी।

## डीजीपी ने चांडिल थाना प्रभारी को निलंबित किया

रांची (आजाद सिपाही)। सरायकेला के चांडिल थाना प्रभारी को पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने निलंबित कर दिया है। डीजीपी ने रविवार को बताया कि सीआइडी की रिपोर्ट के बाद चांडिल थाना प्रभारी वरुण यादव को सस्पेंड किया गया है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने आम जनता से दुर्व्यवहार करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही थी। इसको लेकर डीजीपी ने रेंज के डीआइजी और जिले के एसपी को आदेश जारी किया था। डीजीपी ने राज्य के सभी जिलों में थाना प्रभारी और थाना के अन्य कर्मियों को आम जनता के प्रति अच्छा व्यवहार करने के संबंध में कई दिशा-निर्देश भी जारी किये थे। डीजीपी ने जारी दिशा निर्देश में कहा है कि साइबर अपराध, एसटी, एससी, मानव तस्करी और महिला अपराध से संबंधित भुक्तभोगी के आवेदन पर आवेदित थाना में ही मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई करें। किसी भी पीड़िता के आवेदन पर क्षेत्र के संबंध में विचार किये बिना अविलंब आवेदित थाना में मामला दर्ज करें। सभी रेंज के डीआइजी और एसपी को निर्देश दिया कि अपने-अपने जिला और क्षेत्र में ऐसी व्यवस्था कायम करें कि यदि थाना प्रभारियों द्वारा आम जनता के आवेदन पर आवश्यक कार्रवाई नहीं की जाती है, तो अपनी शिकायतों को वरीय अधिकारियों के पास दर्ज करा सकें।

# पेपर लीक मामले पर लीपापोती कर रही राज्य सरकार : आजसू

- अभ्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ करना बंद करे जेएसएससी
- जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा की निष्पक्ष जांच सीबीआइ से करायी जाये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यभर के लाखों अभ्यर्थियों ने 21 और 22 सितंबर को हुए जेएसएससी-सीजीएल के पेपर लीक का अंदेशा जताया है। अखिल झारखंड छात्र संघ अभ्यर्थियों की जायज मांग और सोमवार को होने वाले घेराव एवं धरने को नैतिक समर्थन देती है। सरकार इस मामले की सीबीआइ से जांच करने की जगह सीआइडी से मामले की लीपापोती करने में लगी है। एक ओर जहां पर जेएसएससी सीजीएल मामला हाइकोर्ट में विचाराधीन है तब क्यों राज्य सरकार ने आनन फानन में रिजल्ट जारी कर दिया। उक्त बातें अखिल झारखंड छात्र संघ के



प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहीं। जेएसएससी सीजीएल मामले की निष्पक्ष जांच सीबीआई से कराई जाये। उन्होंने कहा कि सरकार ने परीक्षा लेने के लिए दो दिनों तक इंटरनेट बंद किया था लेकिन फिर जेएसएससी कदाचार मुक्त परीक्षा कराने में विफल रही। अभ्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ करना बंद करे जेएसएससी। अतः आजसू मांग करती है कि इस पूरे प्रकरण को सीबीआइ से जांच करायी जाये।

## सीएम के सीए जयशंकर जयपुरियार को मातृशोक



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सीए जयशंकर जयपुरियार, नीतू जयपुरियार की माता महामाया सिन्हा (84) का निधन रविवार 15 दिसंबर को सुबह आठ बजे उनके मोरहाबादी रतन हाइट स्थित आवास में हो गया। सोमवार को काशी के मणिकर्णिका घाट में उनका अंतिम संस्कार होगा। वह बोकारो में शिक्षिका के पद से सेवानिवृत्त होकर जयपुरियार स्कूल, नवी मुंबई की चेयरमैन थीं। वो अपने पीछे दो पुत्र, पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गयीं। उनके निधन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, कांग्रेस के मुख्य सचेतक सह विधायक अनूप सिंह, अनुपमा सिंह, पंडित रामदेव पांडेय, नवनीत जयपुरियार, अनिश, प्रमोद गुप्ता, विधायक राज सिन्हा, पूर्व विधायक विरंची नारायण, मुन्ना शुक्ला, प्रणव कुमार बब्बू, सहित अनेक लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त किया है।

## कल से नौ दिनी संगीतमय श्रीराम कथा

रांची (आजाद सिपाही)। गाड़ीखाना में श्री द्वारिकाधीश धाम में कलश शोभायात्रा के साथ 17 दिसंबर से नौ दिनी संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जायेगा। मंदिर के मुख्य पुजारी अमरदास महाराज ने बताया कि श्रीराम नाम के अखंड संकीर्तन के 60 साल पूरे होने पर नवाह्नपरायण यज्ञ, कथा समेत विशेष धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि श्रीधाम अयोध्याजी से आये राष्ट्रीय कथावाचक प्रिय प्रियतम दास महाराज संगीतमय श्रीराम कथा में प्रवचन करेंगे। उन्होंने बताया कि विशेष धार्मिक अनुष्ठान मंगलवार को दिन के नौ बजे कलश यात्रा के साथ आरंभ होगा। कलश यात्रा हरमू रोड, महावीर चौक, शहीद चौक समेत विभिन्न मार्ग से होकर श्री द्वारिकाधीश धाम पहुंचेगी। मंदिर में 18 दिसंबर को वेदी पूजन, नवाह्न पाठ के साथ श्रीराम कथा आरंभ होगी। 20 दिसंबर को श्रीराम जन्मोत्सव, 26 दिसंबर को श्रीराम राज्याभिषेक, व्यास पूजन व कथा को विराम मिलेगा। उन्होंने बताया कि 27 दिसंबर को पूणार्हूति के बाद दिन के तीन बजे से महाभंडारा में भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया जायेगा। कथा आयोजन को लेकर श्रीराम भक्तों की ओर से तैयारी शुरू कर दी गयी है।

## जांच सीआइडी को सौंपना सराहनीय कदम : विजय शंकर नायक



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में हुई कथित गड़बड़ियों की जांच सीआइडी से कराने का विजय शंकर नायक ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का यह सराहनीय कदम है। जिसका मंच स्वागत करता है और आशा व्यक्त करता है कि कार्मिक एवं प्रशासनिक विभाग मुख्यमंत्री के निर्देशों का पालन सख्ती से करेगा। श्री नायक ने यह भी कहा कि पेपर लीक होने की घटना को रोकने की दिशा में झारखंड सरकार एक मजबूत रणनीति बना कर उस पर कार्य करे ताकि झारखंड में बराबर लग रहे पेपर लीक कलंक को धोया जा सके।

# 35 महिलाओं को महिला कांग्रेस का सदस्य बनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव की उपस्थिति में रविवार को कांग्रेस भवन, रांची में प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह की। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी की विचारधारा से जोड़ते हुए 35 महिलाओं को महिला कांग्रेस का मेंबर बनाया गया। यह निर्णय लिया गया बैठक में सभी जिलों प्रखंड और पंचायत स्तर पर महिला कांग्रेस द्वारा कैंप लगाकर महिला सदस्यता अभियान चलाया जायेगा एवं पार्टी की विचारधारा से महिलाओं को जोड़ा जायेगा 18 दिसंबर के राजभवन मार्च, 21





को आभार समागम, शताब्दी समारोह एवं कांग्रेस स्थापना दिवस तथा आगामी भावी कार्यकर्मों पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने अपने संबोधन में कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्देशित कार्यक्रमों को सफल बनाना हम सबका दायित्व है। उस दिन भारी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता नेत्री शामिल हों। राजभवन मार्च जबरदस्त तरीके से होना चाहिए। झंडा पताका के साथ मार्च में आयें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के जो संगठन हैं, वो बैनर लेकर अपने नेता के साथ अनुशासन से चलेंगे।

कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि महिला कांग्रेस पार्टी की रीढ़ है। संगठन को और सशक्त बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आगामी कार्यक्रमों में महिला कांग्रेस चढ़ बढ़ कर शामिल होना सुनिश्चित करें। संचालन रांची जिला महानगर महिला कांग्रेस नीतू देवी ने किया। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह ने अपने मुख्य अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं को सम्मानित करते हुए कहा कि प्रदेश नेतृत्व का जो भी निर्देश है, उसे सफल बनाने हम महिला कांग्रेस कार्यकर्ता कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए तैयार हैं। बैठक में पिंकी सिंह, पार्वती सिंह, नीतू देवी, कंचन चौधरी, सीमा साहू, अनीता चौधरी, नीलम सहाय सहित अन्य महिला कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहीं।

### झारखंड एग्रो चैंबर के अध्यक्ष का राज्य सरकार से आग्रह

# चुनावी वादा पूरा करें, 32 सौ रुपये की दर से धान खरीदें

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड एग्रो चैंबर के अध्यक्ष आनंद कोठारी ने कहा है कि चुनाव में इंडिया गठबंधन ने वादा किया था कि सरकार बनने पर किसानों से धान की खरीद 32 सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जायेगी, लेकिन अब सरकार ने 24 सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदने की घोषणा की है। इसका मतलब यह है कि किसानों को आठ सौ रुपये प्रति क्विंटल का नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में सरकार द्वारा सीधे किसानों से छह लाख टन धान खरीदने का

- वादा नहीं निभाया, तो राज्य के गरीब किसानों को 480 करोड़ का होगा नुकसान



लक्ष्य निर्धारित किया गया है, यानि इतना धान खरीदने पर किसानों को कुल 480 करोड़ रुपये का नुकसान होगा।

कोठारी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपील की है कि वे अपने वादे को अमल में लायें और किसानों से 32 सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीद करें। सरकार द्वारा सीधे किसानों से धान की खरीद होनी चाहिए, बिचौलियों से धान की खरीद नहीं होनी चाहिए। निगरानी विभाग द्वारा इस पर पूर्ण रूप से निगरानी रखी जानी चाहिए। साथ ही किसानों को धान खरीद का भुगतान तुरंत करवाने को सुनिश्चित किया जाये।

## जयपाल सिंह मुंडा की जयंती आंदोलनकारी दिवस के रूप में मनेगी : मोर्चा

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य लंबे संघर्ष और शहादत के बाद बना है। 18 दिसंबर को झारखंड आंदोलन के अमर पुरोधा विनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि है। 25 दिसंबर को शहीद निर्मल महतो की जयंती, 1 जनवरी 2025 को खरसवा गोली कांड के शहीदों को नमन किया जायेगा एवं शहीद सोबरन अंसारी की जयंती और 3 जनवरी को झारखंड अलग राज्य के आंदोलन के अगुवा मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती को झारखंड आंदोलनकारी दिवस के रूप से मनाया जायेगा। कहा कि झारखंड आंदोलनकारी अपने अस्तित्व अपनी पहचान एवं अस्मिता को मिटने ना देंगे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### 180वें नि:शुल्क श्रीकृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। माता अन्नापूर्णा जन्मदिवस एवं मार्ग शीर्ष पूर्णिमा पर 180वें नि:शुल्क श्रीकृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें 1500 से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पुंदाग स्थित संस्था के मंगल राधिका सदानंद सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम के प्रांगण में निर्मल जालान, विशाल जालान, डूंगरमल अग्रवाल, पूरणमल सर्राफ, विष्णु सोनी श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का विधिवत उद्घाटन कर वितरण कार्य शुरू किया। सेवा कार्य में राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, शिव भगवान अग्रवाल, सज्जन पाडिया, पुरुषोत्तम मोदी, प्रवीण मोदी, अंजनी अग्रवाल, विशाल जालान, आरव मोदी, विष्णु सोनी, मनीष सोनी, ज्ञान धीरज कुमार गुप्ता, चंद्रदीप साहू, परमेश्वर साहू, महिला समिति की मीना मोदी, स्नेहा मोदी, प्रीति अग्रवाल, मुस्कान मोदी, संतोष देवी अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, उर्मिला पाड़िया उपस्थित थे। यह जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजू अग्रवाल) ने दी।

### दुग्ध उत्पादन में आ रही चुनौतियों से डॉ मीनेश शाह को अवगत कराया



रांची (आजाद सिपाही)। रविवार को डॉ मीनेश शाह, अध्यक्ष, राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड के रांची दौरे के क्रम में उन्होंने झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक महासंघ के ग्रामीण दुग्ध उत्पादकों को उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। इस मुलाकात के दौरान दुग्ध उत्पादकों के प्रतिनिधिमंडल ने डॉ शाह को वर्तमान में दुग्ध उत्पादन में हो रही चुनौतियों से अवगत कराया। डॉ शाह ने दुग्ध उत्पादकों की समस्याओं का संज्ञान लेते हुए उन्हें हर संभव सहयोग देने का आश्वासन देते हुए दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में योजनाओं एवं संभावनाओं से अवगत कराया। डेयरी व्यवसाय में स्वचालित मशीनों के उपयोग को बढ़ावा देने तथा पशु चारा उत्पादन तथा संवर्धन के क्षेत्र में आ रही नयी तकनीकों पर किसानों को राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड की मदद से पायलट प्रोजेक्ट के लिए मदद का आश्वासन दिया। किसानों के प्रतिनिधिमंडल को संगठित रहकर झारखंड के दुग्ध व्यवसाय में आ रही चुनौतियों से निपटने की सलाह दी ताकि झारखंड के अपने ब्रांड मेधा की पहुंच हर घर तक पहुंचायी जा सके।

### पूर्व मंत्री कृष्णानंद झा के निधन पर राजेश शुक्ल ने शोक जताया



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड स्टेट बार कौंसिल के वाइस चेयरमैन और अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल ने संयुक्त बिहार के पूर्व मंत्री और देवघर के मधुपुर के पूर्व विधायक और कई शिक्षण संस्थान के प्रमुख कृष्णानंद झा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है और इसे झारखंड के राजनितिक जगत की अपूरणीय क्षति बताया है। श्री शुक्ल ने अपने शोक संदेश में कहा है कि श्री झा से उनके पारिवारिक संबंध थे। श्री शुक्ल ने प्रभु से उनकी आत्मा कि शांति के लिए प्रार्थना की और परिजनों के प्रति संवेदना जतायी है।

### मां अन्नपूर्णा मंदिर के लिए किया गया भूमि पूजन



रांची (आजाद सिपाही)। मां अन्नपूर्णा जयंती के अवसर पर मनातू कांके में भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन रोटी बैंक के संस्थापक सपत्नीक विजय पाठक के द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि रांची के मनातू में भव्य मां अन्नपूर्णा मंदिर का निर्माण किया जायेगा और मंदिर से समाज के लोगों को जोड़कर अन्नपूर्णा सेवा जरूरतमंदों के लिए निरंतर चलती रहेगी ताकि कोई भूखा ना सोये। इस मौके पर सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष डॉ अमिताभ पांडेय, राघवदत्त पाठक, समाजसेवी अमित साहू, अनूप महतो, अरविंद किशोर वैध, शशि भूषण मिश्रा, हरेंद्र सिंह, पूजा सिंह, संगीता प्रसाद एवं समाज के कई गणमान्य उपस्थित थे।

### झारखंड ने गोवा को 129 रनों से हराया





रायपुर (आजाद सिपाही)। झारखंड ने बीसीसीआइ अंडर -23 क्रिकेट टूर्नामेंट में गोवा को आसानी से 129 रनों से हरा दिया। यहां पहले बल्लेबाजी करते हुए झारखंड ने निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट पर 349 रन बनाये। शिखर मोहन ने एक छक्के एवं 6 चौके की मदद से 62, आर्यन ने एक छक्के एवं आठ चौके की मदद से 66, सत्य सेतु ने तीन छक्के एवं पांच चौके की मदद से 63 एवं राजनदीप ने चार छक्के व तीन चौके की मदद से 63 रन बनाये। गोवा की ओर से लोकेश ने 70 रन देकर चार और शिवम ने 55 रन देकर दो विकेट लिया। जवाब में गोवा की टीम 39.1 ओवर में 220 रन ही बना सकी। जी कांबली ने 68 एवं आर्यन अजय नावरेकर ने 57 रन बनाये। झारखंड की ओर से शुभ शर्मा व कोनेन कुरैशी ने दो विकेट लिये।

### चुटिया थाना इलाके से मिला अज्ञात शव, जांच में जुटी पुलिस

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची के चुटिया थाना क्षेत्र स्थित नायक टोली में एक अज्ञात का शव मिला है। स्थानीय लोगों ने इस मामले की जानकारी चुटिया थाने की पुलिस को दी, जिसके बाद चुटिया थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर अज्ञात शव अपने कब्जे में लिया और आसपास के लोगों से इसकी पहचान में जुटी हुई है। फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो पायी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# छात्राओं से छेड़खानी करने वाला फिरोज अली गिरफ्तार



**फिरोज अली को लोअर बाजार इलाके से गिरफ्तार किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कोतवाली थाना क्षेत्र की छात्राओं से छेड़खानी करने वाला फिरोज अली गिरफ्तार हुआ है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने रविवार की देर शाम कार्रवाई करते हुए फिरोज अली को लोअर बाजार इलाके से गिरफ्तार किया। फिरोज अली है हिंदपीढ़ी के नाला रोड के गली नंबर आठ का रहने वाला है। पुलिस को फिरोज अली के बारे में सूचना देने वाले को पुलिस ने इनाम देने की घोषणा की थी। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने इसकी पुष्टि की। गौरतलब है कि बीते कई दिनों से मनचले स्कूल के बाहर बच्चियों के साथ छेड़खानी कर रहे थे। मनचले सुबह सात बजे से सन्नाटा गली का फायदा उठाकर उनके साथ गलत हरकत करने की भी कोशिश करते थे। इस डर से कई बच्चियों ने स्कूल आना बंद कर दिया था। इस मामले को लेकर स्कूल के शिक्षक थाना भी गये थे, लेकिन कोई कारवाई नहीं की गयी। यह पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हुई है। फुटेज में साफ दिख रहा है कि एक बदमाश लड़कियों के साथ कैसे बदसलूकी कर रहा है।

## मोरहाबादी में फिट इंडिया साइकिलिंग का आयोजन कल

**रांची (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया 17 दिसंबर को नयी दिल्ली में फिट इंडिया साइकिलिंग को मंगलवार को हरी झंडी दिखायेंगे। रांची के मोरहाबादी स्थित बिरसा फुटबॉल स्टेडियम में भी साइकिलिंग कार्यक्रम का आयोजन भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआइ) के द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम का नेतृत्व ओलंपियन मनोहर टोपनो करेंगे, जो भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआइ) फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी के गेट नंबर 16 से 5 किलोमीटर की साइकिलिंग जॉय राइड शुरू करेंगे और मोरहाबादी ग्राउंड से होते हुए उसी स्थान पर समाप्त होंगे। इस कार्यक्रम में झारखंड के शीर्ष एथलीट शामिल होंगे, जिनमें सुमराय टेटे पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी शामिल होंगी। साथ ही स्थानीय फिटनेस उत्साही और खेल प्रेमी भी शामिल होंगे। युवा मामले और खेल मंत्रालय इन कार्यक्रमों का आयोजन भारतीय साइकिलिंग महासंघ (सीएफआइ), माई भारत, साई क्षेत्रीय केंद्रों, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों (एनसीओइ), खेलो इंडिया केंद्रों (केआइसी) और जिला प्रशासन के साथ सीधे सहयोग से कर रहा है। फिट इंडिया साइकिलिंग मंगलवार पहल 17 दिसंबर को पूरे भारत में 1000 से अधिक स्थानों पर फैलेगी, जिसमें सभी क्षेत्रीय केंद्रों में एक साथ कार्यक्रम होंगे। लॉन्च के बाद, देश भर में हर मंगलवार को साइकिलिंग कार्यक्रम जारी रहेंगे। यह अभियान समग्र रूप से स्वास्थ्य, खेल और देश में स्वदेशी खेलों को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।

## रेलवे की जमीन पर चला बुलडोजर

**रांची।** रेलवे ने रविवार को जिला प्रशासन के सहयोग से बायपास रोड पर स्थित रेलवे की जमीन से अतिक्रमण हटाया है। अतिक्रमणकारियों के विरोध के बीच आरपीएफ और जिला प्रशासन की टीम ने रविवार को 75 से अधिक अवैध घर तोड़ दिये। अतिक्रमण हटाने के दौरान बायपास रोड जाम रहा।

# मुख्यमंत्री हेमंत ने कृष्णानंद झा के निधन पर जताया शोक



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बिहार सरकार में पूर्व मंत्री और मधुपुर से पूर्व विधायक, शिक्षाविद कृष्णानंद झा के निधन पर शोक जताया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर रविवार को ट्वीट कर कहा है कि कृष्णानंद झा के निधन की दुःखद खबर मिली। वह सौम्य व्यक्तित्व के धनी थे। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विषम घड़ी सहन करने की शक्ति और साहस दें।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर बाबूलाल मरांडी ने दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी है। मरांडी ने रविवार को ट्वीट कर कहा है कि देश को एकता और अखंडता के सूत्र में पिरोने वाले 'लौहपुरुष' सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि। भाजपा ने अपने संदेश में लिखा है कि भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक, आधुनिक भारत के शिल्पकार महार, स्वतंत्रता सेनानी, भारत रत्न 'लौह पुरुष' सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर शत–शत नमन।



### शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास झारखंड प्रांत के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक

# प्रयागराज में आयोजित होनेवाले ज्ञान महाकुंभ पर विस्तृत चर्चा की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, झारखंड प्रांत के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक रविवार को झारखंड राय विश्वविद्यालय में क्षेत्रीय प्रमुख प्रो विजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में 7, 8, 9 फरवरी 2025 को प्रयागराज में आयोजित होने वाले ज्ञान महाकुंभ पर विस्तृत चर्चा की गयी। इस अवसर पर सरला बिरला विवि के कुलपति प्रो विजय कुमार सिंह ने बताया कि ज्ञान महाकुंभ एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम होगा, जिसमें



पूरे देश से शिक्षाविद और विद्वान एकत्रित होकर शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति और भारतीय ज्ञान परंपरा पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। बैठक में 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस, 21 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस तथा भारतीय ज्ञान परंपरा एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर एक दिवसीय कार्यक्रम का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर प्रो आरएम झा, डॉ सुमित पांडेय, महेंद्र सिंह, डॉ पीयूष रंजन, मिथिलेश कुमार, डॉ वालेश्वर पाठक सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### आइरिस सुपर स्पेशियलिटी आइ केयर सेंटर में सीएमइ का आयोजन

# 6 मरीजों का मुफ़्त लाइव ऑपरेशन किया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आइरिस सुपर स्पेशियलिटी आइ केयर सेंटर ने रविवार को नेशनल सीएमइ का आयोजन किया। इसमें एम्स नयी दिल्ली, शंकर नेत्रालय, अरविंद आइ हॉस्पिटल के अनुभवी डॉक्टर्स के द्वारा लाइव सर्जरी और चर्चा की गयी। इस सम्मलेन में चीफ गेस्ट डॉ राज मोहन, एक्स-प्रेसिडेंट झारखंड ओफ्थल्मोलॉजिकल सोसाइटी एवं गेस्ट स्पीकर डॉ प्रमोद एस भेंडे, शंकर नेत्रालय, चेन्नई, डॉ तापस रंजन पढ़ी, भुवनेश्वर, डॉ लव कोचगावे-नेत्रलायाम, कोलकाता, डॉ. सोमदत्त प्रसाद-कोलकाता, डॉ पार्थप्रतिम दत्ता मजूमदार-शंकर नेत्रालय, चेन्नई, डॉ विशाल अरोरा - गुड़गांव, डॉ रुचिर तिवारी-तिवारी आइ सेंटर, नोएडा, अनंत जैन (डायरेक्टर) और कृष्ण अग्रवाल (डायरेक्टर) उपस्थित थे। इस सीएमइ में 6 मरीजों का मुफ़्त लाइव ऑपरेशन किया गया। साथ ही डॉ सुबोध कुमार सिंह (मैनेजिंग पार्टनर) आइरिस ने ये भी कहा कि आगे भी हम इसी तरह मेडिकल के क्षेत्र में अपना योगदान जारी रखेंगे।

# जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम पर विधानसभा चुनाव के दौरान विदेशी फंडिंग का आरोप

**पश्चिम बंगाल के रहने वाले राहुल बनर्जी की ओर से शिकायत किये जाने के बाद चुनाव आयोग ने संज्ञान लिया है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डुमरी विधायक जयराम महतो की पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पर विधानसभा चुनाव के दौरान विदेशी फंडिंग का आरोप लगा है। पश्चिम बंगाल के रहने वाले राहुल बनर्जी नाम के व्यक्ति द्वारा शिकायत किये जाने के बाद चुनाव आयोग ने संज्ञान लिया है। पूरे मामले को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग इस मामले में जांच के बाद कार्रवाई करेगा। एक शिकायत पत्र मिला है। बोकारो डीसी को पत्र लिख कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है। बोकारो डीसी को लिखे पत्र में चुनाव आयोग ने बताया है कि पश्चिम बंगाल निवासी राहुल बनर्जी ने इ-मेल के जरिए राज्य चुनाव आयोग से शिकायत की है कि झारखंड में हुए विधानसभा चुनाव में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने अवैध तरीके से विदेशी फंडिंग के जरिए धन मंगाया था, जिसका इस्तेमाल चुनाव में किया गया। पत्र में लिखा है कि चुनाव में विदेशी धन का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता, यह चुनाव आचार संहिता का पूरी तरह उल्लंघन है। पत्र के जरिए चुनाव आयोग से यह भी शिकायत की गयी है कि ज्यादातर विदेशी धन सऊदी अरब से लाया गया था। इस संबंध में इ-मेल में क्यूआर कोड और भेजी गयी राशि का ब्योरा भी दिया गया है। पत्र में यह भी कहा गया है कि जयराम महतो की पार्टी के खिलाफ विदेशी फंडिंग की शिकायत करने वाले राहुल बनर्जी ने आयोग को तमाम साक्ष्य भी उपलब्ध कराये हैं, जिनसे पता चलता है कि सऊदी में रहने वाले एक दर्जन लोगों ने झारखंड में हुए विधानसभा चुनाव में मदद के लिए जयराम की पार्टी को पैसे भेजे थे। शिकायत पत्र में पैसे भेजने वालों के नाम और भेजी गयी रकम का भी जिक्र किया गया है।

# सिटी ट्रेंड्स मॉल में लक्की ड्रॉ का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के हटिया, सिंह मोड़ स्थित सिटी ट्रेंड्स मॉल में दुगार्पूजा, दिवाली, और छठ पूजा के अवसर पर लक्की ड्रा का आयोजन किया गया था। इस लक्की ड्रा का परिणाम रविवार को समाज सेवी मंजुल केरकेट्टा के द्वारा घोषित किया गया। इस लक्की ड्रा में प्रथम पुरस्कार के



विजेता बने गणेश प्रसाद, खूंटी जिन्हें हीरो पैशन प्लस मोटरसाइकिल दी गयी। द्वितीय पुरस्कार पटेल नगर रांची के पवन कुमार ने जीता, जिन्हें फ्रिज दिया गया। तृतीय पुरस्कार के रूप में इसोनो को टीवी मिला, चतुर्थ विजेता को मिक्सर ग्राइंडर और पंचम पुरस्कार के विजेता बने हटिया रांची के अर्पित कुमार जिन्हें आयरन दिया गया। सिटी ट्रेंड्स मॉल के स्टोर मैनेजर ने बताया कि ग्राहकों का हित उनके लिए सर्वोपरि है और समय-समय पर ग्राहकों के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहेंगे।

# 5वां कलिंगा ग्लोबल फिल्म फेस्टिवल संपन्न

**अभिनेता अमित सियाल ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध**

**उड़िया सिनेमा में अभिनय करने की इच्छा व्यक्त की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** केआइआइटी-डीयू द्वारा आयोजित 5वें कलिंगा ग्लोबल फिल्म फेस्टिवल (केजीएफएफ) का समापन रविवार को हो गया। इसमें अभिनेता अमित सियाल ने समापन समारोह में सुर्खियां बटोरीं। महारानी और जामताड़ा जैसी टीवी श्रृंखलाओं और तितली जैसी फिल्मों में समीक्षकों द्वारा प्रशंसित प्रदर्शन के लिए जाने जाने वाले सियाल ने सिनेमा, संस्कृति पर अपने विचारों और किट विश्वविद्यालय के प्रति अपनी प्रशंसा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



सियाल से ओड़िया सिनेमा में अभिनय के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने जवाब दिया कि अगर कहानी अच्छी है, तो मैं निश्चित रूप से एक उड़िया फिल्म में अभिनय करूंगा। उन्होंने भारत में अपार प्रतिभा पर जोर देते हुए कहा कि हमारे देश में अद्भुत प्रतिभा है। आदिवासी नृत्य और संगीत, जो पुरानी फिल्मों का प्रमुख हिस्सा हुआ करते थे, को आज के सिनेमा में भी जगह मिलनी चाहिए।

सियाल ने ओड़िशा की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं की भी प्रशंसा की और किट और इसके संस्थापक डॉ अच्युत सामंत की सराहना की। कहा कि डॉ सामंता जो कर रहे हैं ,वह काफी सराहनीय है। मैंने पूरे परिसरों की यात्रा की और वे सभी मंत्रमुग्ध कर देने वाले हैं। यह यात्रा वास्तव में यादगार रही है। इससे पहले दिन में छात्रों ने किस परिसर में पारंपरिक नृत्य और गीतों के साथ उनका स्वागत किया।

अभिनेता ने छात्रों के सवालों का जवाब देकर दर्शकों को खुश किया। जब सियाल से उनकी गायन की आदतों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मैं किशोर कुमार के कुछ गाने गा सकता हूं। इसके बाद उन्होंने क्लासिक गीत हमें तुमसे प्यार कितना गाकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपनी पसंदीदा भूमिकाओं के बारे में सियाल ने कहा कि तितली में मैंने जो किरदार निभाया, सावरकर और महारानी में निभाया किरदार मेरे पसंदीदा में से हैं।

समापन समारोह में प्रशंसित थिएटर और ओड़िया फिल्म व्यक्तित्व अनंत महापात्र भी शामिल हुए, जिन्होंने सिनेमा और कहानी कहने पर अपनी अंतर्दृष्टि साझा की। किट और डकिस के संस्थापक डॉ अच्युता सामंत, कुलपति प्रो सरनजीत सिंह, प्रो कुलपति प्रो देबाशीष बंदोपाध्याय और रजिस्ट्रार प्रो जेआर मोहंती उपस्थित थे। प्रोफेसर बंदोपाध्याय ने 13 दिसंबर से शुरू हुए तीन दिवसीय महोत्सव के समापन पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया।

डॉ सामंत के दूरदर्शी नेतृत्व में केजीएफएफ सिनेमा का जश्न मनाने और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए एक प्रमुख मंच बन गया है। किट स्कूल ऑफ फिल्म, फैशन और मीडिया स्टडीज के महानिदेशक हिमांशु शेखर खटुआ के मार्गदर्शन में आयोजित इस वर्ष के महोत्सव में कई स्थानों पर फीचर फिल्मों, लघु कथा, वृत्तचित्र और छात्र परियोजनाओं सहित 45 फिल्मों का प्रदर्शन किया गया।

# बीसीसीआइ अंडर-23 स्टेट ए ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में केरल, हरियाणा, सौराष्ट्र और आंध्रप्रदेश की आसान जीत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेएससीए की मेजबानी में रांची में चल रहे बीसीसीआइ अंडर-23 स्टेट ए ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को केरल, हरियाणा, सौराष्ट्र और आंध्र प्रदेश ने अपने-अपने मैच आसानी से जीत लिये। जेएससीए स्टेडियम में खेले गये मैच में केरल ने मणिपुर को 166 रनों के भारी अंतर से पराजित किया। केरल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट पर 278 रन बनाये। अमर ने 6 एवं दो छक्के मदद से 60 एवं रोहन ने पांच चौके की मदद से 54 रन बनाये। मणिपुर की ओर से डोमिनिक ने 42 रन देकर दो एवं विवेक ने 36 रन देकर दो विकेट लिये। जवाब में मणिपुर की टीम 46.2 ओवर में मात्र 116 रन ही बना सकी। डोमिनिक ने तीन चौके की मदद से 28 एवं सुरेश ने पांच चौके मदद से 25 रन बनाये। हरियाणा ने पहले खेलते हुए 50 ओवर में दो विकेट पर 471 रन बनाये हरियाणा की ओर से अर्श ने शानदार दोहरा शतक ( 230) जमाया, उसने कुल 16 छक्के एवं 17 चौके लगाये। इसके अलावा



यश ने 132 रनों की शानदार पारी खेली, उसने छह छक्के एवं 11 चौके लगाये। इसके अलावा सम्राट में 79 रनों की पारी खेली। जवाब में उत्तराखंड ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 333 रन बनाये। उत्तराखंड की ओर से संस्कार एवं शाश्वत ने शतकीय पारी खेली। संस्कार ने 8 छक्के एवं 15 चौके की मदद से 127 एवं शाश्वत ने पांच छक्के एवं 12 चौके के मदद से 114 रन बनाये हरियाणा की ओर से हरीश ने 37 और देकर 5 विकेट लिये।

मेकन ग्राउंड में खेले गये मैच में सौराष्ट्र ने नागालैंड को 242 रनों के भारी अंतर से पराजित किया। सौराष्ट्र ने पहले खेलते हुए निर्धारित 50 ओवर में पांच विकेट पर 363 रन बनाये। पी चौहान ने 85, अंश गोसाई ने 101 एवं जी समर ने 66 रन बनाये। नागालैंड की ओर से नेकचा में 60 रन देकर दो विकेट लिया। उषा मार्टिन मैदान में खेले गये मैच में आंध्र प्रदेश ने दिल्ली को 7 विकेट से हराया। इस मैच में आंध्र प्रदेश ने टॉस जीत कर दिल्ली को पहले बैटिंग के लिये आमंत्रित किया। दिल्ली ने पहले खेलते हुए 50 ओवर में 9 विकेट पर 166 रन बनाये। कुश नाजपत ने 40 एवं तेजस्वी ने 48 रन बनाये। आंध्र प्रदेश की ओर से केएस राजू ने 33 रन के चार और जी सुमित ने 22 रन देकर दो विकेट लिये। जवाब में आंध्र प्रदेश में 31 ओवर में तीन विकेट पर 169 रन बनाकर में जीत लिया। हेमंत रेड्डी ने 46 एवं रेवंत रेड्डी ने 85 दरन बनाये। दिल्ली की ओर से रौनक ने 38 रन देकर दो विकेट लिया। उक्त जानकारी जेएससीए के मीडिया मैनेजर मंधाता सिंह ने दी।

## कांके का पारा पहुंचा 2.4 डिग्री सेल्सियस

**रांची।** झारखंड में पड़ रही कड़ाके की ठंड अब लोगों को सता रही है। राज्य के कई जिलों में रात के समय तापमान लगातार गिर रहा है। ऐसे में लोग दिन में भी अलाव जलाकर बैठने को मजबूर हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, रविवार को कांके का न्यूनतम तापमान 2.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 7587 date 14.12.2024, I, BABLI DEVI, W/o- Late Raju Kumar, aged about 18 years, by faith-Hindu, by Nationality- Indian, R/o Vill- Near D.A.V School, Sandi, P.O- Sandi, P.S- Rajrappa, Dist- Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as follows :- 1. That my daughter's actual & correct name is SUMAN KUMARI which is mentioned in her Birth Certificate & Educational certificates but it is wrongly mentioned as SARITA KUMARI in my daughter's Aadhar card bearing No. 6418 4566 3145. 2. That SUMAN KUMARI & SARITA KUMARI is both name of same and single girl who is my daughter. That i sworn this affidavit to rectify my daughter's name as SUMAN KUMARI in place of SARITA KUMARI in her aforsaid Aadhar Card . 4. That I sworn this affidavit to rectify my daughter's name as SUMAN KUMARI in place of SARITA KUMARI in her aforesaid Aadhar card.

# सीरिया:नया अध्याय

5 दशक से अधिक समय तक सत्तावादी शासन के बाद, सीरिया पर असद वंश की पकड़ नाटकीय घटनाक्रम में ढह गयी है। अल-कायदा से जुड़े अल-नुसरा फ्रंट से जुड़े एक समूह हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) के नेतृत्व में एक तेज सैन्य आक्रमण ने सहयोगी गुटों के साथ मिलकर पूरे देश में तबाही मचायी, प्रमुख शहरों पर कब्जा किया और दमिश्क के पतन के साथ इसका समापन हुआ। राष्ट्रपति बशर अल-असद रूस भाग गये हैं, जो सीरिया के 13 साल के संघर्ष में एक निर्णायक क्षण है। हालांकि, एक रणनीतिक विचारधारा यह मानती है कि बशर अल-असद का बाहर निकलना पतन नहीं था, बल्कि ईरान, रूस और तुर्की द्वारा एचटीएस को सत्ता हस्तांतरण सुनिश्चित करने के लिए एक मोड्स ऑप्रेंडी था, जिसमें असद देश छोड़ कर चले गये, जबकि प्रधानमंत्री मोहम्मद अल-जलाली के नेतृत्व में प्रमुख शासन के नेता देश को नये शासकों को सौंपने के लिए यहीं रहे। यह कितना सच है, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि एचटीएस और उसके सहयोगियों द्वारा पूर्ण नियंत्रण और कमान संभाले जाने पर बाथ पार्टी के लोग प्रतिशोध से बच पाते हैं या नहीं। जब सीरियाई लोग एक युग के अंत को देख रहे हैं, तो उनकी भावनाओं में सतर्क आशा और अनिश्चितता का मिश्रण है। नये नेतृत्व का इतिहास और उद्देश्य दशकों की अशांति से पीड़ित राष्ट्र के लिए आगे के मार्ग पर छाया डालते हैं। एक राष्ट्र का असद राजवंश का पतन सीरिया के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ है, लेकिन इसके पूर्ण महत्व को समझने के लिए, किसी को राष्ट्र के अशांत अतीत पर विचार करना चाहिए। अपने पिता हाफिज अल-असद के उत्तराधिकारी के रूप में बशर अल-असद ने 2000 में सत्ता संभाली, जिन्होंने 3 दशकों तक कठोर शासन किया था। बशर के अधीन सुधार की उम्मीदें जल्दी ही फीकी पड़ गयी, क्योंकि उन्होंने अपने पिता के निरंकुश शासन को जारी रखा। 2011 में अरब स्प्रिंग ने सीरियाई लोगों को राजनीतिक परिवर्तन और अधिक स्वतंत्रता के लिए आह्वान करने के लिए प्रेरित किया, लेकिन असद के हिंसक दमन ने विरोध को विनाशकारी गृहयुद्ध में बदल दिया। 2010 के दशक के मध्य तक, सीरिया छद्म युद्धों के लिए एक युद्ध का मैदान बन गया, जिसमें रूस और ईरान असद का समर्थन कर रहे थे, जबकि तुर्की, कतर और पश्चिमी शक्तियां विपक्षी समूहों का समर्थन कर रही थीं। आइएसआइएस और एचटीएस जैसे चरमपंथी गुटों ने उथल-पुथल का फायदा उठाया, जिससे संघर्ष और भी विखंडित हो गया। असद शासन के पतन के बाद, अहमद अल-शरा (पूर्व में अबू मोहम्मद अल-गोलानी) के नेतृत्व में हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) ने एक संक्रमणकालीन प्राधिकरण के गठन की घोषणा की है। वर्तमान प्रधानमंत्री मोहम्मद अल-जलाली को इस अंतरिम अवधि के दौरान राज्य संस्थानों की देखरेख करने के लिए नियुक्त किया गया है, जो समावेशिता और सीरियाई नेतृत्व द्वारा आकार दिए गए भविष्य का वादा करता है। हालांकि, एचटीएस के चरमपंथ के इतिहास ने इसके आश्वासनों को धुंधला कर दिया है। बशर अल-असद के शासन के पतन ने दुनिया भर में भूचाल ला दिया है। रूस के लिए, जिसने 2015 में असद को मजबूत करने के लिए हस्तक्षेप किया था, यह एक महत्वपूर्ण झटका है। ईरान को अपने प्रतिरोध की धुरी में एक बड़े व्यवधान का सामना करना पड़ रहा है, जो तेहरान को सीरिया के माध्यम से लेबनान में हिजबुल्लाह से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण गलियारा है।

नये नेतृत्व का इतिहास और उद्देश्य दशकों की अशांति से पीड़ित राष्ट्र के लिए आगे के मार्ग पर छाया डालते हैं। एक राष्ट्र का असद राजवंश का पतन सीरिया के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ है, लेकिन इसके पूर्ण महत्व को समझने के लिए, किसी को राष्ट्र के अशांत अतीत पर विचार करना चाहिए।

अभिमत
आजाद सिपाही

**सिनेमा 1913 से ही हमारे देश के दिल में है, जब भारत ने अपनी पहली फिल्म रिलीज की थी, तब से, हमारे दर्शकों ने इसे ऐसे अपनाया है, जैसा कोई और नहीं कर सका है। हम दुनिया में फिल्मों के सबसे बड़े निर्माता और उपभोक्ता बन गए हैं। इस साल, मैंने महोत्सव के अधिकारियों से उन लोगों का जश्न मनाने के लिए कहा, जिन्होंने इसे संभव बनाया है - हमारे दर्शक। उनके अटूट समर्थन की वजह से ही हम आज इस मुकाम पर पहुंचे हैं।**

# आइएफएफआइ 2024: एक सिनेमाई उत्सव, एक रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन

**शेखर कपूर**



जब मैं यहां बैठकर 55वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आइएफएफआइ) पर विचार कर रहा हूं, तो मैं सोचता हूं सिनेमा सिर्फ. एक फिल्म की लंबाई नहीं है, बल्कि यह उसके द्वारा पीछे छोड़े गये प्रभाव के बारे में है। और क्या आईएफएफआइ 2024 ने कोई प्रभाव छोड़ा है। अगर इस साल का महोत्सव एक फिल्म होती, तो यह एक ब्लॉकबस्टर होती - यह नयी कहानी, अविस्मरणीय अभिनयों और एक या दो कथानक मोड़ से भरी होती, जो हम सभी को चौंका देती।

सिनेमा 1913 से ही हमारे देश के दिल में है, जब भारत ने अपनी पहली फिल्म रिलीज की थी, तब से, हमारे दर्शकों ने इसे ऐसे अपनाया है, जैसा कोई और नहीं कर सका है। हम दुनिया में फिल्मों के सबसे बड़े निर्माता और उपभोक्ता बन गए हैं। इस साल, मैंने महोत्सव के अधिकारियों से उन लोगों का जश्न मनाने के लिए कहा, जिन्होंने इसे संभव बनाया है - हमारे दर्शक। उनके अटूट समर्थन की वजह से ही हम आज इस मुकाम पर पहुंचे हैं।

इस महोत्सव ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि सिनेमा एक सार्वभौमिक भाषा है, जो समय, सीमाओं और पीढ़ियों से परे है। रिकॉर्ड तोड़ उपस्थिति से लेकर युवा फिल्म निर्माताओं द्वारा निर्मित अविश्वसनीय कहानियों तक, फिल्म महोत्सव 2024 एक क्लासिक फिल्म की तरह था- जो जीवंतता, रंग और अविस्मरणीय क्षणों से भरा था, लेकिन अधिकांश फिल्मों के विपरीत, इसके बाद आभार को प्रदर्शित (क्रेडिट रोल) नहीं किया जायेगा। इसके बजाय, हम सभी अगले महोत्सव की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

इस महोत्सव ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि सिनेमा एक सार्वभौमिक भाषा है, जो समय, सीमाओं और पीढ़ियों से परे है।

**आइए संख्याओं से शुरू करते हैं:** 11,000 से अधिक उपस्थित लोग, जो पिछले वर्ष की तुलना में 12% की वृद्धि के रेखांकित करता है। फिल्म बाजार, सबसे बड़े फिल्म बाजारों में से एक के रूप में उभरा, जिसके प्रतिनिधियों की संख्या में 142% की आश्चर्यजनक वृद्धि हुई और 1,876 प्रतिभागी शामिल हुआ। इसका मतलब था अधिक सहयोग, अधिक भागीदारी और अधिक रचनात्मक प्रतिभाओं का एक साथ आना।

हमने गोवा में छह नए स्थानों पर अपने स्क्रीनिंग स्थलों का विस्तार भी किया - क्योंकि जब आप इस तरह का भव्य उत्सव मनाते हैं, तो आपको मल्टीप्लेक्स से ज्यादा स्क्रीन की जरूरत होती है। हमने गोवा में हर किसी को पहली पंक्ति में बैठने की जगह देने के लिए कला अकादमी का एक अस्थायी थिएटर भी जोड़ा - स्क्रीनिंग के दौरान लोगों के चेहरे खिले हुए थे।

आइएफएफआइ 2024 पूरी तरह से युवाओं के बारे में था - और न केवल उन युवाओं के बारे में जिन्हें आप फिल्मों में देखते हैं, बल्कि उनके पीछे के फिल्म निर्माताओं के बारे में भी।

**युवा फिल्म निर्माता :** भविष्य अभी है थीम के साथ, हमने भारतीय सिनेमा में आगे क्या आने वाला है, इसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नवोदित फिल्म निर्माताओं की 66 फिल्मों में से कुछ को देखते हुए, यह सचमुच महसूस होता है कि, ह्यहम यहां नये दिग्गजों का जन्म देख रहे हैं।

भविष्य के रचनाकार (सीएमओटी) कार्यक्रम मुख्य आकर्षणों में से एक था, जिसमें 100 युवा फिल्म निर्माताओं को एक साथ लाया गया, ताकि वे कर कुछ नया और अभिनव कर सकें। यदि यह पर्याप्त नहीं था, तो उन्हें 48 घंटे की लघु फिल्म चुनौती में शामिल किया गया, जिसमें एक थ्रिलर की ऊर्जा थी - तेज गति, उच्च दांव और रोमांच से भरपूर। परिणाम? प्रमुख प्रोडक्शन हाउस से 62 प्रस्ताव! यह केवल भविष्य नहीं है - भविष्य आपके दरवाजे पर दस्तक दे रहा है।

नयी विशेषज्ञता पर भी जोर दिया गया, जिसमें एआइ जैसी अत्याधुनिक तकनीकों पर मास्टरक्लास शामिल थे। इन सत्रों ने रेखांकित किया कि कहानी कहने का भविष्य विकसित होते प्रारूपों और तेजी से बदलते उपकरणों में निहित है, लेकिन इसके मूल में, कहानी कहने की कला कालातीत बनी हुई है।

हम सभी आज की युवा आवाजों के बारे में उत्साहित थे, आइएफएफआइ ने भारतीय सिनेमा के दिग्गजों को सम्मानित करने को भी महत्वपूर्ण माना - जिन्होंने कहानी कहने की ऐसी भाषा बनायी, जिसका हम आज जश्न मनाते हैं। इस साल, हमने राज कपूर, मोहम्मद रफी, अक्किनेनी नागेश्वर राव और तपन सिन्हा को श्रद्धांजलि दी। उनकी फिल्में उन महान क्लासिक्स की तरह हैं, जिन्हें हम सभी देखते हैं, जो हमें याद दिलाती हैं कि हमें सिनेमा से प्यार क्यों हुआ।

आवारा, देवदासु और हम दोनों जैसी उनकी कालजयी क्लासिक्स की विशेष स्क्रीनिंग से हमें जादू को फिर से जीने का मौका मिला, जबकि मीरामार बीच पर सुदर्शन पटनायक द्वारा एक शानदार रेत कला स्थापना ने हम सभी को इन दिग्गजों की विरासत को एक नयी रोशनी में सराहने पर मजबूर कर दिया। साथ ही, उनके योगदान को अमर बनाने के लिए माई स्टैंप के माध्यम से इन दिग्गजों को श्रद्धांजलि दी गयी। अगर कोई ऐसा स्टैम्प है, जो सिनेमा के सार को दशार्ता है, तो वह उनके चेहरे वाला स्टैंप है।

हर साल, आइएफएफआइ किसी खास देश की सिनेमाई उपलब्धियों का जश्न मनाता है। इस साल का फोकस देश ऑस्ट्रेलिया था, और यह कितना शानदार चयन था - यह मेरे दिल के बहुत करीब का चयन था है, क्योंकि मुझे कई बेहतरीन ऑस्ट्रेलियाई लोगों के साथ काम करने का सम्मान मिला है - कैट ब्लैंचेट, जेफ्री रश, हीथ लेजर, एबी कॉर्निश, जिल बिलकॉक।

सात ऑस्ट्रेलियाई फिल्मों के साथ, हमें ह्यूगो वीविंग और फिलिप नॉयस की मेजबानी करने का सौभाग्य मिला। हमारे पास ऑस्ट्रेलियाई निर्माताओं और फिल्म निमार्ताओं का एक मजबूत प्रतिनिधिमंडल भी था, जिसने हमारे दो फिल्म उद्योगों के बीच सहयोग का एक नया अध्याय शुरू किया। जल्द ही कुछ भारत-ऑस्ट्रेलिया सह-निर्माण देखने की उम्मीद है - और नहीं, मैं बॉलीवुड-पश्चिमी हाइब्रिड की बात नहीं कर रहा हूं (हालांकि यह मजेदार होगा)।

एक फिल्म महोत्सव एक उत्सव होता है, और गोवा से बेहतर जश्न मनाने की जगह और कहां हो सकती है?

इस साल का आइएफएफआइ-इएसटीए सिर्फ. एक साइड इवेंट नहीं था; यह अपने आप में एक उत्सव था।

खाने के स्टॉल से लेकर असीस कौर और पैराडॉक्स के लाइव प्रदर्शन तक, यह एक ऐसा कार्निवल था, जिसने दिखाया कि जब सिनेमा संस्कृति से मिलता है, तो क्या होता है। निफ्ट फैशन शो भारतीय सिनेमा के छह दशकों का जश्न मना रहा है - भारतीय सिनेमा के प्रति एक सच्चा सम्मान। केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा 'भारतीय सिनेमा की यात्रा' प्रदर्शनी। 18,000 आगंतुकों के बाद, मैं निश्चित तौर पर कह सकता हूं कि भारतीय सिनेमा की विरासत जीवित है और आगे बढ़ रही है।

जब मैं आइएफएफआइ 2024 को मुड़कर देखता हूं, तो मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि हमने फि ल्म महोत्सव के नये मानदंड स्थापित किये हैं। मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि हम कितनी दूर आ गये हैं। हमने भारत की पहली फि ल्म राजा हरिश्चंद्र बनाने के लिए पश्चिमी तकनीक को अपनाया और तब से हमने फिल्म जगत को दुनिया का सबसे बड़ा फि ल्म उद्योग बना दिया है। हमारे दर्शक सर्वश्रेष्ठ के हकदार हैं, और इस साल के आइएफएफआइ ने बस यही पेश किया है - अब तक का सबसे बड़ा और सबसे गतिशील संस्करण।

आइएफएफआइ 2024 सिनेमा के अतीत, वर्तमान और भविष्य का उत्सव था। हमने नवोदितों का जश्न मनाया, दिग्गजों को सम्मानित किया और कहानी को सभी रूपों में व्यक्त करने को अपनाया। आइएफएफआइ का यह संस्करण सिर्फ. एक उत्सव नहीं था; यह उन चीजों का उत्सव था, जो सिनेमा को वास्तव में जादू बनाते हैं। और हां, मैंने इन सब से एक बात सीखी है: सिनेमा एक अच्छे कथानक मोड़ की तरह है - आप इसे आते हुए कभी नहीं देख पाते हैं, लेकिन जब यह सामने आता है, तो इसका असर जोरदार होता है। यहां कहानी कहने का जादू और इस अविश्वसनीय यात्रा का अगला भाग है।

मैं इसके अगले संस्करण का इंतजार करूंगा, और इस बार, मैं वादा करता हूँ कि मैं शुरू होने से पहले थोड़ी नींद पूरी कर लूंगा।

**(लेखक : 55वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2024 के निदेशक हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

### एआइ इंजीनियर अतुल सुभाष सुसाइड केस

# गुरुग्राम से पत्नी और प्रयागराज से सास, पत्नी का भाई गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जौनपुर।** एआइ इंजीनियर अतुल सुभाष सुसाइड केस में शनिवार को पत्नी निकिता, सास निशा और पत्नी के भाई अनुराग को गिरफ्तार कर लिया गया। बेंगलुरु पुलिस ने यह कार्रवाई की। डीसीपी शिवाकुमार ने कहा- सास और साले को प्रयागराज से, जबकि पत्नी को गुरुग्राम से गिरफ्तार कर-के बेंगलुरु लाया गया। रविवार सुबह कोर्ट में पेश करने के बाद उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।



बता दें कि एआइ इंजीनियर अतुल ने 9 दिसंबर को बेंगलुरु के फ्लैट में सुसाइड कर लिया था। आत्महत्या से पहले उसने 1.20 घंटे का वीडियो बनाया। इसमें पत्नी निकिता और उनकी फैमिली पर हैरेसमेंट का आरोप लगाया था। बेंगलुरु में पत्नी निकिता, सास निशा, साले अनुराग और चाचा ससुर सुशील सिंघानिया पर एफआइआर दर्ज की गयी थी।

**जौनपुर में ताला लगा कर फरार हो गये थे सभी :** एफआइआर के बाद शुक्रवार 13 दिसंबर को बेंगलुरु पुलिस जौनपुर पहुंची। अतुल सुभाष के ससुराल पहुंची तो वहां ताला बंद था। टीम ने नोटिस चस्पा कर दिया। पुलिस के पहुंचने से पहले ही अतुल की सास, साला फरार हो गये। पुलिस ने पड़ोसियों से पूछताछ की थी, लेकिन परिवार के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। बुधवार-गुरुवार की रात 1.30 बजे सुभाष की सास और साले का घर से भागते का वीडियो सामने आया था। इसमें ताला बंद करके बाइक से भाग रहे थे। वहां मौजूद मीडियाकर्मियों ने पूछा तो सास ने कोई जवाब नहीं दिया और हाथ जोड़ लिया। घर से भागकर वह जौनपुर के ही एक होटल में पहुंची थीं। वहां थोड़ी देर रुकी। फिर वहां से फरार हो गयीं। होटल का भी सीसीटीवी सामने आया था, जिसमें दोनों नजर आये थे।

### सुनील पाल और मुश्ताक खान किडनैप मामला

# दरोगा की पिस्टल छीनकर गाड़ी से कूदा, पुलिस ने पैर में गोली मारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेरठ।** कॉमेडियन सुनील पाल और एक्टर मुश्ताक खान किडनैप मामले में गिरफ्तार अर्जुन कर्णवाल ने रविवार को पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश की। मेडिकल चेकअप के लिए ले जाते समय वह दरोगा की पिस्टल छीन कर गाड़ी से कूद गया और पुलिस पर फायरिंग कर दी। क्रॉस फायरिंग में उसके पैर में गोली लगी। अर्जुन को पुलिस ने शनिवार रात पकड़ा था। उसके पास से किडनैप में इस्तेमाल की गयी स्कॉर्पियो कार, 2 लाख रुपये और फिरौती में इस्तेमाल किया गया मोबाइल मिला था। अर्जुन ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि उसको लवी टास्क देता था। किसका किडनैप करना है, कितनी फिरौती वसूलनी है, इस पूरी कहानी के बारे में सिर्फ लवी ही जानता था। अर्जुन को सिर्फ उतना ही पता होता था, जितना लवी उसे बताता था।

**दो दिसंबर को सुनील पाल को किडनैप किया था :** कॉमेडियन सुनील पाल के मुताबिक उनको 2 दिसंबर की रात हरिद्वार के एक इवेंट में बुलाया गया था। सुनील पाल फ्लाइट से मुंबई से दिल्ली पहुंचे। दिल्ली से मेरठ के बीच सुनील पाल को किडनैप कर लिया गया। किडनैपर सुनील पाल को मेरठ लाये। आंखों पर पट्टी बांध कर रखा गया। दोस्तों को फोन कर-के 8 लाख की फिरौती मांगी गयी। फिरौती की सारी रकम ऑनलाइन मंगायी गयी। इसके बाद बदमाशों ने बेगमपुल के आकाश गंगा ज्वेलर्स से 4 लाख और जवाहर क्वार्टर में अक्षित सिंघल की शॉप से सवा 2 लाख के जेवरात खरीदे। दोनों जगह पर सुनील पाल के नाम से बिल बनवाये। सुनील पाल के आधार कार्ड और पैन कार्ड की कॉपी भी दी गयी। 3 दिसंबर को बदमाशों ने फिरौती के 8 लाख रुपए ऑनलाइन मंगाये। पैसे मिलने के बाद बदमाशों ने 20 हजार मुझे फ्लाइट के टिकट के लिए दिये। इसके बाद लालकुर्ती थाना क्षेत्र में मुझे छोड़ दिया।

# ईरान में ऑनलाइन कांसर्ट के दौरान हिजाब नहीं पहनने पर महिला सिंगर परस्तू गिरफ्तार

**कॉन्सर्ट का वीडियो यूट्यूब पर अपलोड किया था**

**चार में से दो म्यूजिशियन भी गिरफ्तार किये गये**

**एजेंसी**

**तेहरान।** ईरान में एक ऑनलाइन कॉन्सर्ट के दौरान हिजाब नहीं पहनने के आरोप में महिला सिंगर को गिरफ्तार किया गया है। महिला सिंगर का नाम परस्तू अहमदी है। महिला ने बुधवार, 11 दिसंबर को यूट्यूब पर कॉन्सर्ट का वीडियो अपलोड किया था।

इस वीडियो में अहमदी स्लीवलेस ड्रेस पहनकर गाना गा रही थीं। वीडियो अपलोड होने के बाद गुरुवार को एक कोर्ट में अहमदी के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। इसके बाद शनिवार को परस्तू अहमदी को गिरफ्तार कर लिया गया।



अहमदी की उम्र 27 साल है। न्यूज एजेंसी से बात करते हुए एक ईरानी वकील ने बताया कि सिंगर को पुलिस ने ईरान के उत्तरी प्रांत मजांदरान की राजधानी सारी से गिरफ्तार किया है। सिंगर के अलावा उसके साथ वीडियो में दिख रहे 4 म्यूजिशियंस में से 2 को गिरफ्तार किया गया है।

**गाना मेरा अधिकार, अनदेखा नहीं कर सकती : परस्तू अहमदी**
महिला सिंगर परस्तू अहमदी ने यूट्यूब पर वीडियो अपलोड करने से एक दिन पहले सोशल मीडिया पर लिखा था-मैं वो परस्तू लड़की हूं, जो उन लोगों के लिए गाना चाहती हूं, जिन्हें मैं प्यार करती हूं। मैं इस अधिकार को अनदेखा नहीं कर सकती हूं। मैं उस जमीन के लिए गाना गा रही हूं जिसे मैं बहुत प्यार करती हूं।'

सिंगर के वीडियो को यूट्यूब पर अब तक 16 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। परस्तू अहमदी को गिरफ्तारी के बाद कहां रखा गया है इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। इसके अलावा उन पर किन धाराओं में केस दर्ज किया गया है, ये भी साफ नहीं है।

परस्तू अहमदी के अलावा जिन दो म्यूजिशियन को गिरफ्तार किया गया है उनके नाम सोहेल फगीह नासिरी और एहसान बेराघदार हैं। दोनों को राजधानी तेहरान से गिरफ्तार किया गया है।

# उत्तरप्रदेश में ठंड का 20 साल का रिकॉर्ड टूटा

**ओड़िशा में तापमान माइनस 10 डिग्री पहुंचा**

**एमपी-राजस्थान के 4 शहरों में 2 डिग्री से नीचे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** उत्तर भारत के राज्यों में तेज ठंड का दौर जारी है। उत्तर प्रदेश में 20 साल बाद दिसंबर के दूसरे ही हफ्ते में कोल्डवेव चल रही है। अमूमन यहां तीसरे या चौथे हफ्ते में शीतलहर चलती है। तेज सर्दी के कारण शनिवार को चित्रकूट के एक किसान की मौत हो गई। ओड़िशा में भी ठंड और कोल्डवेव के कारण मयूरभंज में तापमान -10 डिग्री तक पहुंच गया। यहां पेड़ के पत्तों पर ओस की बूंद जमने लगी है। मध्य प्रदेश में सबसे कम तापमान शहडोल में 1.5 डिग्री दर्ज किया गया। भोपाल में भी रात का पारा 4 डिग्री से कम पहुंच गया। मौसम विभाग ने कहा- दिसंबर में 10 साल में दूसरी बार इतना कम पारा दर्ज किया गया।

**जम्मू-कश्मीर के जोजिला में पारा माइनस 22 डिग्री**

**जम्मू-कश्मीर के कई जिलों में तापमान माइनस में बना हुआ है। मौसम विभाग ने बताया कि बर्फबारी के कारण यहां न्यूनतम तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। जोजिला में टेंपरेचर माइनस 22 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं, श्रीनगर में माइनस 3.4 डिग्रीसेल्सियस, पहलगाम में माइनस 4.0 डिग्रीसेल्सियस, गुलमर्ग में माइनस 3.8 डिग्रीसेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया।**

राजस्थान में 11 शहरों में सीजन का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया है। ढ़ढ और राजस्थान के कुल 15 शहरों में शनिवार को तापमान 4 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विभाग ने कहा है कि इन राज्यों में 2-3 दिन तक ठंड का दौर जारी रहेगा। रविवार को बिहार-हरियाणा समेत 14 राज्यों में कोल्डवेव का अलर्ट है। पंजाब और ढ़ढ में सीवियर कोल्डवेव की चेतावनी जारी की गयी है।

# बांग्लादेश : हिंदू मंदिर पर हमले के आरोप में चार लोग गिरफ्तार

**170 लोगों पर मामला दर्ज है, सोशल मीडिया पोस्ट के बाद भड़की थी हिंसा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**ढाका।** बांग्लादेश में जांच एजेंसियों ने हिंदू मंदिरों और घरों पर हमले के आरोप में 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों पर उत्तरी जिले सुनामगंज में एक मंदिर और हिंदुओं के घरों व दुकानों में तोड़फोड़ करने का आरोप था। पुलिस ने इस मामले में 12 नामजद और 170 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। सुनामगंज जिले में 3 दिसंबर को एक फेसबुक पोस्ट के बाद इलाके में तनाव फैल गया था। हालांकि विवाद के बाद पोस्ट को डिलीट कर दिया गया था, लेकिन उसके स्क्रीन शॉट्स सोशल मीडिया पर वायरल हो गये थे। इसके बाद क्षेत्र में हिंसा फैल गयी थी। दंगाइयों ने इस दौरान सुनामगंज के लोकनाथ मंदिर और हिंदुओं के घरों में तोड़-फोड़ की थी। हिंसा फैलने के बाद पुलिस ने पोस्ट करने वाले आकाश दास को उसी दिन हिरासत में ले लिया था।

बता दें कि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद से हिंदुओं के खिलाफ धार्मिक हिंसा के मामले बढ़े हैं। 'सेंटर फॉर डेमोक्रेसी, प्लुरलिज्म एंड ह्यूमन राइट्स' की रिपोर्ट के मुताबिक 5 से 9 अगस्त के बीच ही हिंदुओं के साथ लूटपाट की 190 घटनाएं सामने आयी थीं। 32 घरों में आगजनी, 16 मंदिरों में तोड़-फोड़ और यौन हिंसा के 2 मामले सामने आये थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 16 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in
07

## नौ वर्षीय बच्चे की कुआं में गिरने से मौत

भवनाथपुर। मकरी पंचायत के बरवाबांध में खेलने के दौरान 9 वर्षीय बच्चे की कुआं में गिरने से मौत हो गयी। मृतक बच्चा सुमेर राम का पुत्र बताया जाता है। समाचार के अनुसार बरवाबांध गांव में रविवार को दोपहर सुमेर राम का नौ वर्षीय पुत्र गांव के ही बच्चों के साथ खेल रहा था। खेलने के दौरान कुआं में गिर गया। उसके साथ खेल रहे बच्चों ने शोरगुल किया, तब ग्रामीण व परिजन एकत्रित होकर कुआं से बच्चे को निकाला, लेकिन तब-तब बच्चे की मौत हो गयी थी। सूचना मिलते ही थाना के एसआई प्रवेज आलम दलबल के साथ मकरी पंचायत के बरवारी गांव में पहुंचे, जहां करीब घंटे भर तक गांव में ग्रामीणों से घटना के संबंध में जानकारी लेते रहे, लेकिन उक्त गांव में किसी भी तरह की घटना होने से ग्रामीणों ने इंकार किया। एसआई प्रवेज आलम ने बताया कि सूचना मिलते ही गया था, लेकिन बरवारी गांव में कोई घटना का पता नहीं चला। मुखिया पति को 15 से 20 बार फोन मिलाया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# न्यायालय के निर्देश पर प्रशासन ने डंडई के महुदंड गांव के एक घर में जड़ा ताला

आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई।** थाना क्षेत्र के तसरार पंचायत के महुदंड गांव के स्कूल टोला के निवासी इंतियाज अंसारी, फरीद अंसारी, सफीक के पिता इस्हाक अंसारी और महमूद अंसारी, कमरूदीन, अब्बास, शहाबुदीन, इस्हाक, रुस्तम, नसरुद्दीन, सलीम अंसारी के पिता स्व रोजमोहम्मद अंसारी के खपरैल और पक्का मकान में रविवार को गढ़वा अनुमंडल कोर्ट के निर्देश पर घर में रखे समान को बाहर निकाल कर ताला जड़ दिया गया। वहीं घर के चारों तरफ लाल झंडा गड़ दिया गया है। घर के परिजन इम्तियाज अंसारी, रोजमोहम्मद अंसारी, नसरुद्दीन अंसारी, शहाबुद्दीन अंसारी, इस्हाक अंसारी, फिरोज अंसारी सहित अन्य लोगों ने बताया कि शनिवार को डंडई थाना पुलिस उन लोगों के घर पहुंच घर को खाली करने का निर्देश दिया था। रविवार को दिन में करीब 11 बजे अचानक हमलोगों के घर में ताला लगाया जाने लगा। इसके पूर्व हम लोगों को कोर्ट के द्वारा किसी तरह कोई नोटिस नहीं दिया गया। घर में ताला लगा रहे लोगों से पूछताछ किया, तो बताया कि गढ़वा अनुमंडल कोर्ट के निर्देश पर यह कार्रवाई किया जा रहा है। घर में लगे ताला और झंडा को छेड़छाड़ नहीं करना है। अगर ताला और झंडा का कोई नुकसान किया तो जेल भेज देंगे, जिसमें हमलोग काफी आहत हैं। खाने पीने का सभी सामग्री घर में ही बंद है। साथ ही बताया कि इस घर में हमलोग पिछले 40 वर्ष से रह रहे है । वहीं तबस्सुम बीबी, जमीला बीबी, सलमा बीबी, सबाना बीबी, मैमून बीबी सहित अन्य महिलाओं ने बताया कि इस ठंड व कनकनी में अपने छोटे-छोटे बच्चों को कहा लेकर जाये। बच्चों के गर्म कपड़ा व स्कूल में पढ़ने का कॉपी किताब घर में ही बंद है। इस घर में हमलोग करीब 30 परिवार रहते है। इस रात में हमलोग अपने बाल बच्चे को लेकर कहां रहेंगे। प्रशासन की यह करवाई से हमलोग काफी आहत है।



घर के बाहर लगे ताला को दिखाते परिजन।

### क्या कहा पदाधिकारियों ने

- इस संबंध में थाना प्रभारी अवधेश कुमार यादव ने बताया कि कोर्ट के निर्देश पर दखल कब्जा कराया गया है।
- वहीं इस संबंध में अंचलाधिकारी राजकुमार प्रजापति ने बताया कि मामले में किसी भी तरह का हमें कोई जानकारी नहीं है।

## विशुनपुरा प्रखंड में निकाली गयी स्वागत सह आभार यात्रा

# विधानसभा क्षेत्र की तकदीर और तस्वीर बदलने का कार्य करूंगा : अनंत प्रताप

आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** भवनाथपुर विधानसभा के झामुमो के नवनिर्वाचित विधायक अनंत प्रताप देव की जीत पर विशुनपुरा प्रखंड में स्वागत सह आभार यात्रा निकाली गयी। इस मौके पर विधायक अनंत प्रताप देव ने सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। झामुमो पार्टी ने झारखंड में प्रचंड बहुमत हासिल किया है। बीजेपी ने सिर्फ हिन्दू मुस्लिम कर बांटने की राजनीति किया है। उन्होंने कहा कि मेरे चुनाव में राजनीति कर मांस भी फेकवाने का कार्य किया गया था, फिर भी यहां की जनता ने आशीर्वाद देने का कार्य किया। सरकार ने मंईयां सम्मान योजना का जो वादा किया था, उसे 1 हजार से 2500 सौ रु देने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि 2009 में जब विधायक बना था, तब विशुनपुरा सबसे पिछड़ा प्रखंड था। उसे विशुनपुरा, मझिआंव और नगर तक पक्की सड़क से जोड़ने का कार्य किया गया है। विशुनपुरा में 5 एकड़ जमीन देकर थाना ब्लॉक बनवाने का कार्य किया था। विधानसभा का तकदीर व तस्वीर बदलने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि गांव में तालाब सुंदरीकरण, सड़क सहित सभी विकास योजनाओं का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि लोग कहते हैं कि बटोगे तो काटोगे, लेकिन यहां के लोग न बटेंगे न कटेंगे विकास की रास्ते पर बढ़ेंगे। वहीं इसके पूर्व मुख्यालय में पैदल मार्च कर लोगों का आभर प्रकट किया। उसके बाद वे विष्णु मंदिर पहुंच कर भगवान विष्णु की पूजा अर्चना किया। इस मौके पर मंदिर समिति के सदस्यों ने विधायक अनंत प्रताप देव को भगवान की फोटो और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, शिवबचन यादव, संजय गुप्ता, बलराम पासवान, नारायण शर्मा, मंदिर कमिटी सचिव, ज्वाला प्रसाद, गौरीशंकर गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।



## विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



रंका (आजाद सिपाही)। सर्वोच्च न्यायालय नयी दिल्ली के निर्देशन, उच्च न्यायालय झालसा रांची के मार्गदर्शन तथा प्रथम जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष नलिन कुमार, सचिव रवि चौधरी के आदेश से अनुलिका कुमार न्यायाधीश मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास के नेतृत्व में 15 दिसंबर 2024 को रंका प्रखंड परिसर में विधिक सशक्तिकरण विधिक सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नालसा और झालसा के द्वारा चलाये जा रहे निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी देते हुए सरकारी योजनाओं से संबंधित लाभुकों के बीच 2529600 की संपत्ति का वितरण किया गया। इस इस अवसर पर नव चयनित पीएलबी अमरेंद्र कुमार, राजेश कुमार, महेंद्र ठाकुर, कैमुद्दीन अंसारी, मुनेश्वर कछप, शशि कुमारी, सरस्वती देवी ने भी इस कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया। इस मौके पर लाभुक सहित सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## आग लगने से धान और पुआल जलकर बर्बाद

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बेलपहाडी गांव में एक किसान के खलिहान में रखी धान का बोझा और पुआल ढेर में अज्ञात तत्वों द्वारा आग लगा देने से हजारों रुपये का धान और पुआल जलकर बर्बाद हो गया। जानकारी के अनुसार किसान हसमत मौलाना और हातिम अंसारी ने अपने धान की फसल एवं पुआल खलिहान पर रखा था। रविवार को खलिहान पर धान का बोझा एवं पुआल के टाल में एकाएक आग लग गयी।जिसमें काफी मात्रा में धान एवं पुआल जल गया।आग की सूचना मिलने के बाद वहां पहुंचकर आसपास के लोगों के सहयोग से मोटर स्टार्ट कर आग को बुझाया गया।आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।



धान के बोझा में लगे आग को बुझाते ग्रामीण।

## सगमा में एक दिवसीय शिविर का आयोजन



सगमा (आजाद सिपाही)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा प्रखंड कार्यालय पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित ग्रामीणों के द्वारा विभिन्न प्रकार के आवेदन स्वीकार करते हुए आन स्पॉट निवारण किया गया। साथ ही उक्त शिविर में ग्रामीणों के द्वारा मिले आवेदन के आधार पर मनरेगा से संबंधित दस जॉब कार्ड उपलब्ध कराया गया, जबकि मंईयां सम्मान निधि के संबंध में पचास आवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें सात प्रतिशत आवेदन की स्वीकृति प्रदान किया गया। जेएसएल पीएस के द्वारा सीसीएल के माध्यम से डेढ़ लाख का लोन महिला समूह को चेक के माध्यम से उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर झालसा के अधिवक्ता उत्तम कुमार भारती, बीडीओ सह सीओ जुल्फिकार अंसारी, सीआई राजेश कुमार त्रिपाठी, प्रखंड सहायक अजीत कुमार, सुरेंद्र सिंह, रविरंजन कुमार, अनुकूलित कक्षप प्रधान सहायक चोनहास इक्का प्रभास पांडे, मुखिया कलावती देवी सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## उपासना केंद्र उर्जितपा में सत्संग का आयोजन



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी के शिष्यों द्वारा शनिवार को संध्या समय सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा में सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शंख ध्वनि, दीप प्रज्वलन तथा वंदे पुरुषोत्तम ध्वनि के साथ किया गया। तत्पश्चात सामूहिक संध्याकालीन प्रार्थना, समवेत नामजप ध्यान, सत्यानुसरण ग्रन्थ पाठ, नारीनीति ग्रन्थ पाठ किया गया। धृति सुंदर लाल, अखिलेश दा, माला मां, सुप्रिया कुमारी, अनिता देवी के द्वारा भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया गया। इष्टचर्चा करते हुए सत्संगी अजय दा ने कहा कि मनुष्य का लक्ष्य होता है, ईश्वर की प्राप्ति करना। ईश्वर की प्राप्ति के लिए मनुष्य को वर्तमान पुरुषोत्तम श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी का शरण में जाकर उनके द्वारा प्रदत सतनाम को ग्रहण करना चाहिए। ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने सत्संग की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि सत्संग सभी लोगों के लिए आवश्यक है, सत्संग में सभी देवता गण उपस्थित रहते हैं, इसलिए सत्संग सर्वोतम स्वर्ग है। वर्तमान पुरुषोत्तम का सत्संग मानव जीवन का उद्धार का एक साधन है। कार्यक्रम में गोविंद दा, संजय दा, शक्ति दास सिन्हा,अरुण बिहारी दा, पप्पू जायसवाल, राज कुमार दा, धृति दीप, सुजय विजय, आदित्य, बृंदा देवी, चंचला गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पानी टंकी निर्माण में बरती जा रही भारी अनियमितता : प्रमुख

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** जल जीवन मिशन हर घर जल के लिए डूमरसोता पंचायत के श्रीनगर में निर्माण होने वाले पानी टंकी की ढलाई में घटिया बालू उपयोग किया जा रहा है, यह आरोप रविवार को कांडी प्रमुख सह प्रमुख संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय ने लगाया। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन योजना के तहत पेयजल और स्वच्छता विभाग से बनने वाली पानी टंकी का निर्माण मैकमिलन कंपनी के द्वारा किया जा रहा है, जिसमें भारी अनियमितता बरती जा रही है। उन्होंने कहा कि इस निर्माण कार्य में कार्य करने वाले मजदूरों के सुरक्षा का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है, कार्य करने के दौरान मजदूरों के जीवन से खिलवाड़ भी किया जा रहा है जो आये दिन बड़ी घटना को आमंत्रित कर रहा है। टंकी निर्माण में हो रहे लापरवाही के कारण उच्चस्तरीय पानी टंकी का जीवन ज्यादा दिनों तक नहीं चल सकता, क्योंकि टंकी में घटिया बालू का प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस हेतु हमने विभाग के उच्च अधिकारियों तक शिकायत की है। आगे उन्होंने कहा कि यदि अधिकारियों के द्वारा इसमें निष्पक्ष जांच नहीं होती है, तो मैं इस मामले को राजधानी रांची तक ले जाऊंगा और राज्य के मुख्यमंत्री तक शिकायत करूंगा।

प्रमुख के शिकायत पर पेयजल और स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता विवेक कुमार रवि ने निर्माण स्थल पर जाकर चल रहे कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कार्य स्थल पर जांच किया गया, जिसमें यह पाया गया की एक दिनों पहले टंकी निर्माण में बगल के बालू का प्रयोग किया गया था। आज हमने प्रयोग होने वाले सभी मटेरियल का सैंपल लेकर उच्च अधिकारियों को भेज दिया है। जिसमें उच्च स्तरीय जांचों के बाद दोषी पाये जाने पर संबंधित लोगों पर उचित कार्रवाई होगी।



# इग्नू के पाठ्यक्रम नौकरीपेशा लोगों के लिए बेहतरीन अवसरः रागिनी राय

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** एसपीडी कॉलेज स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र गढ़वा में जुलाई सत्र में नामांकित शिक्षार्थियों के लिए आयोजित अभिप्रेरणा बैठक में झारखंड के क्षेत्रीय इग्नू अध्ययन केंद्र की सहायक निदेशक डॉ रागिनी राय ने कहा कि इग्नू (इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय) नौकरीपेशा और अन्य कारणों से नियमित शिक्षा प्राप्त न कर पाने वाले लोगों के लिए एक शानदार अवसर प्रदान करता है। इग्नू के विभिन्न पाठ्यक्रमों के माध्यम से लोग अपनी शिक्षा पूरी कर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

डॉ रागिनी राय ने कहा कि इग्नू बहुत कम शुल्क में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम उपलब्ध कराता है। इसमें पुलिसकर्मी, अधिकारी, और सेना के जवान जैसे लोग भी शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत्ति के बाद अधिकारी 'डिजास्टर मैनेजमेंट' और 'रूरल डेवलपमेंट' जैसे कोर्स करके अपनी रुचि के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इग्नू अध्ययन केंद्र और क्षेत्रीय कार्यालय के माध्यम से शिक्षार्थियों को हर संभव सुविधा उपलब्ध करायी जाती है ताकि वे नौकरी के साथ-साथ आसानी से अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। इस अवसर पर इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ अरुण कुमार तिवारी ने नामांकन, असाइनमेंट जमा करने, परीक्षा फॉर्म भरने और पुनः पंजीकरण से संबंधित जानकारी विस्तार से दी। भूगोल विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर वीरेंद्र पांडे, इतिहास विभाग के प्रोफेसर परवेज आलम, और अर्थशास्त्र विभाग के डॉ. उमेश सहाय ने भी शिक्षार्थियों को इग्नू की उपयोगिता और सुविधाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन सहायक समन्वयक प्रोफेसर विवेकानंद उपाध्याय ने किया।




## अर्पित लाइन होटल की दूसरी शाखा शिप्रा मिष्टान्न भंडार के शोरूम का हुआ उद्घाटन



**अब मेराल में मिलेगा बड़े शहरों जैसा मिष्ठान का वैरायटी, मिष्ठान के साथ फास्ट फूड का बैठकर उठा सकते हैं लुफ्त : संजय भगत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** प्रसिद्ध अर्पित लाइन होटल के मालिक संजय भगत का दूसरा ब्रांच मेराल बस स्टैंड में पिलर नंबर 37 के सामने शिप्रा मिष्ठान भंडार और नमकीन नामक प्रतिष्ठान के शोरूम का शुभारंभ रविवार को पूजा अर्चना के बाद प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अनिल साह और वरिष्ठ नागरिक प्रेमचंद प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य लोग स्थानीय व्यवसाय एवं जनप्रतिनिधि शामिल थे। मौके पर प्रतिष्ठा के मालिक संजय भगत एवं प्रोपराइटर सत्यम मल्होत्रा ने कहा कि अब मेराल में भी बड़े शहरों जैसा क्वालिटी के साथ मिष्ठान का वैरायटी उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। मेराल का यह पहला प्रतिष्ठान है जहां लोग मिष्ठान के साथ फास्ट फूड का लुफ्त बैठकर ले सकते हैं। साथ ही बताया कि शादी विवाह सहित अन्य अवसरों पर बुकिंग सुविधा उपलब्ध रहेगा। मौके पर राहुल मल्होत्रा, थाना प्रभारी विष्णु कांत, पुलिस अवर निरीक्षक रवि कुमार, मुखिया रामसागर महतो, कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, नवीन, महेंद्र सहित बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने नये प्रतिष्ठा की सराहना की तथा वैरायटी मिष्ठान का लुफ्त उठाया।

## रंका में धान क्रय केंद्र का शुभारंभ



**रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय बाजार स्थित व्यापार मंडल पैक्स में रविवार को अंचलाधिकारी शिव पूजन तिवारी ने नारियल फोड़कर धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पहला धान विक्रेता श्याम विहारी सिन्हा ने कहा कि रंका में सरकार के द्वारा धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ कर दिया गया है, जिससे सभी किसानों के लिए खुशी की बात है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि सेठ साहूकारों के पास औने पौने दाम पर धान नहीं बेचें, क्योंकि सरकारी मूल्य पर बेचने से अधिक मुनाफा मिलेगा। इस मौके पर पैक्स संचालक विकास कुमार, डीलर परशु ठाकुर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।**

# ठंड में बच्चों और बुजुर्गों की समुचित देखभाल की जरूरत : डॉ पातंजली

**निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 250 मरीजों की जांच**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के वार्ड नंबर सात स्थित मिस्कार मुहल्ला में राधा पार्वती एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट और एकल विद्यालय फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा जांच और परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में वायरल फीवर, ब्लड प्रेशर, शुगर सहित विभिन्न प्रकार के करीब 250 मरीजों की निःशुल्क जांच की गयी। जांचोपरांत मरीजों के बीच आवश्यकता अनुसार निःशुल्क दवा भी वितरण किया गया। उक्त अवसर पर राधा पार्वती एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के निदेशक डॉक्टर पातंजली केशरी, वार्ड पार्षद विनोद प्रसाद उर्फ करीमन, अनिरुद्ध शरण सहित अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के निदेशक डॉ पातंजली केशरी ने कहा कि बढ़ती ठंड में लोगों के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना चाहिए। सर्दी के मौसम में सर्दी, फ्लू और श्वसन संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। बीमारियां हमारे स्वास्थ्य के साथ दैनिक रूटिंग पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। हमें इन बीमारियों के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को समय-समय पर अपना शुगर, बीपी की जांच करते रहना चाहिए। मौके पर वार्ड पार्षद विनोद प्रसाद उर्फ करीमन, अनिरुद्ध, सत्यनारायण, अब्दुल मन्नान, डॉ इश्तियाक राजा, डॉआदित्य प्रकाश, डॉ अंजली, संगीता कुमारी, खुशी कुमारी, राहुल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।




# 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वावधान में आयोजित होनी वाली 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता सोमवार से गोविंद हाई स्कूल के मैदान में शुरू होगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन डीसी शेखर जमुआर और एसपी दीपक कुमार पांडेय करेंगे। प्रेस वार्ता में प्रतियोगिता के संरक्षक अलख नाथ पांडे ने कहा कि यह प्रतियोगिता प्रदेश के सबसे बड़ा क्रिकेट प्रतियोगिता के रूप में जाना जाता है, 23वीं आयोजन में 52 टीम के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं । यह प्रतियोगिता एक माह तक चलेगी, जिसका समापन 14 जनवरी को होगा। जिसमें जिले के सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय के बच्चे भाग ले रहे है। उन्होंने बताया कि अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता 23 वें वर्ष में प्रवेश कर गयी है। प्रतियोगिता तीन ग्रुप मे आयोजित किया जाता है, ताकि विद्यालय के सभी आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों में छुपी खेल के हुनर को परवाज देने के लिए आज से 23 साल पहले गढ़वा में शुरू हुई क्रिकेट प्रतियोगिता का सोमवार से आगाज होने जा रहा है।

प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष धनंजय सिंह ने कहा कि हम आयोजकों को मैदान बिना इस खेल आयोजन को आगाज से अंजाम तक पहुंचाने में कितनी परेशानी होती होगी, उसे हम सभी बेहद दिली संजीदगी से महसूस किया करते हैं, क्योंकि एक मात्र गोविंद स्कूल का मैदान जिसे हम सभी टाऊन हॉल मैदान से भी जानते हैं, जो गाड़ियों का पार्किंग और सब्जी बाजार बन कर रह गया है, तो उधर बालिका मध्य विद्यालय का मैदान जिसे स्टेडियम के रूप में विकसित करने और उद्घाटन हो जाने के बाद भी बंद पड़ा हुआ है, जिसे उपलब्ध कराये जाने की मांग वरीय अधिकारियों से की गयी थी, परंतु इस आयोजन के लिए वो नहीं मिल सका, जिससे एक मात्र मैदान में ही पूरे एक महीने के इस स्कूली क्रिकेट के कुंभ को संपन्न कराना होगा, लेकिन इसके बावजूद भी एक बार फिर से उसे उपलब्ध कराये जाने की मांग किया गया। इस मौके पर संघ के दीपक, अशोक विश्वकर्मा, चंद्रभूषण सिन्हा, पीके दुबे, कमलेश कुमार दुबे ,सह सचिव प्रिंस कुमार सोनी, अभिषेक द्विवेदी, रोहन तिवारी, सोनू सहित कई लोग शामिल थे।



## आरके पब्लिक स्कूल में फूड फेस्ट का आयोजन



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। आरके पब्लिक स्कूल, श्री बंशीधर नगर में फूड फेस्ट का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक अलख नाथ पांडेय के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के उत्तर भारतीय, दक्षिण भारतीय, चाइनीज, इटालियन, मैक्सिकन आदि व्यंजनों के 60 से अधिक स्टॉल लगाये गये थे। इस अवसर पर निदेशक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में प्रबंधन की क्षमता विकसित करने में मदद मिलती है। सुबह से ही विद्यालय परिसर में कक्षा तीन से कक्षा 10 तक के प्रतिभागियों के उत्साह देखने लायक था। फूड फेस्ट में ग्रुप अ, इ, उ और ऊमें प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र तथा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एलके ओझा ने बच्चों की हौसलाफज्जाई किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की भी कामना किया। श्री ओझा ने बताया कि इस तरह के आयोजन से बच्चों को गणित, क्रय-विक्रय के नियम, लाभ-हानि, अनुपात आदि के नियम भी सीखने को मिलते हैं। मौके पर आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के प्रशासक पीके झा, विजय चौबे, विद्यालय के शिक्षक प्रशांत चौबे, अमर, रविकांत चौबे, प्रतिभा कुमारी, प्रीति देव, प्रीति देवी सहित अभिभावकगण भी उपस्थित थे।

## कई दुकानों के शटर तोड़ कर चोरी किया का प्रयास

**बुंडू।** बुंडू नगर के कई घरों में चोरी हुई, वहीं चोरों ने कई दुकानों के शटर तोड़कर दुकानों में चोरी करने का प्रयास किया। इनमें से जिनके वहां अधिक क्षति हुई उन्होंने थाने में मामला दर्ज कराया लेकिन जिनके वहां क्षति नहीं हुई उन्होंने थाने में मामला दर्ज ही नहीं कराया। जिसमें ताजा घटना पुराना बाजारटोली निवासी सामाजिक कार्यकर्ता व ठीकेदार संतोष जायसवाल के घर पर घटी शनिवार को वे सुबह एक रात के लिए शादी घर चाईबासा गये थे उसी रात चोरों ने घर का ताला तोड़कर घर में घुसे और घर का दो अलमीरा तोड़कर लगभग 50-60 हजार रुपए का गहना और नगदी चोरी कर लिया। संतोष जायसवाल ने बताया कि चोरों ने सबसे पहले मुख्य दरवाजे का ताला व कुंडी तोड़कर घर में घुसकर बारी बारी से अलमीरा तोड़ा और बार से एक एक चीजों की तलाशी लेकर कपड़ों को फेंककर अस्त व्यस्त कर दिया है।चोर वहां रखा एक बोतल शराब भी अपने साथ ले गये। इस संदर्भ में संतोष जायसवाल ने बुंडू थाने में एक मामला दर्ज कराया है चोर इसके एक सप्ताह पूर्व श्रीपति दास मास्टर के घर में भी घुसे थे लेकिन चोरों को वहां बहुत ज्यादा कुछ नहीं मिला इसी प्रकार चोर शर्मा मेडिकल का भी शटर तोड़ने का प्रयास किया लेकिन वे असफल रहे बुंडू क्षेत्र में इन दिनों चोरी की घटना बढ़ी है।

## सीएम ने खलारी के पूर्व सीआइ पर कार्रवाई का दिया आदेश

**आरोपों की जांच के लिए विभागीय जांच संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया है और प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी अपर समाहर्ता रांची को नियुक्त किया गया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तत्कालीन अंचल निरीक्षक, खलारी, सेवानिवृत्त सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, हरेराम कुमार सिंह पर कार्रवाई का आदेश दिया है। उनके विरुद्ध खलारी अंचल के मौजा-होयर की सरकारी भूमि के रैयतीकरण के आरोपों के संबंध में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी कार्यालय, रांची ने 30 दिसंबर 2020 को ही आरोप पत्र सरकार को भेजा था और कार्रवाई की अनुशंसा की थी। आरोप पत्र में लगाये गये आरोपों के संदर्भ में विभागीय ने 09.02.2021 के माध्यम से हरेराम सिंह से स्पष्टीकरण की मांग भी की थी। इसके आलोक में उन्होंने अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया है। पूरे मामले में विधि विभाग से राय ली गयी ओर भारतीय दंड संहिता की धारा-409/406/420/467/468/471/109/120बी तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा-19(1) के तहत अभियोजन स्वीकृति प्रदान की गयी है।

यह स्वीकृति भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा-13(2) सहपठित धारा-13(1)(सी) (डी) के अंतर्गत प्रदान की गयी है। ऐसे में हरेराम सिंह के विरुद्ध आरोप पत्र में लगाये गये आरोप, और उनके द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण, तथा उपलब्ध अभिलेखों की समीक्षा के पश्चात निर्णय लिया गया है कि झारखंड पेंशन नियमावली के नियम-43(ख) के तहत विभागीय कार्रवाई संचालित की जायेंगी। इस पर सीएम की सहमति ली गयी है। आरोपों की जांच के लिए विभागीय जांच संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया है और प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी अपर समाहर्ता रांची को नियुक्त किया गया।

## नवनिर्वाचित कांके विधायक सुरेश बैठा का खलारी में दो दिवसीय दौरा 17 और 18 को

खलारी (आजाद सिपाही)। नवनिर्वाचित कांके विधायक सुरेश बैठा 17 दिसंबर को खलारी प्रखंड क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर आयेंगे। उक्त दौरे को लेकर जानकारी देते हुए खलारी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष साबीर असांरी ने बताया कि अपने दौरे के पहले दिन 17 दिंसबर को सबसे पहले खलारी हुटाप मोड़ पर विधायक सुरेश बैठा का कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के द्वारा जोरदार स्वागत किया जायेगा। जिसके बाद वे छापर टोला, ध्रुवा मोड़ लपरा, हेसालौंग मंदिर, तुमांग धमधमियां स्थित बिरसा चैक और अंबेडकर चैक से करकट्टा विश्रामपुर, खलारी बाजारटांड़ में कार्यकर्ताओं और लोगों से मिलेंगे।

## विधायक ने रूगड़ी में 11 कमरों का अतिरिक्त कमरा निर्माण का शिलान्यास किया



तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के आदर्श उच्च विद्यालय रूगडी में रविवार को 11 कमरों का अतिरिक्त वर्ग कछ निर्माण का शिलान्यास फीता काट कर तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा ने किया। इस अवसर पर उनके कार्यकर्ता और विद्यालय परिवार के सदस्य सह ग्रामीण उपस्थित हुए।

## पुलिस ने दो एकड़ में लगी अफीम को किया नष्ट



तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बुरुडीह के जंगल में पुलिस बल के मदद से अफीम के बीज लगे लगभग दो एकड़ खेत को तमाड़ पुलिस ने विनष्ट किया गया।

## तुमांग मुखिया संतोष कुमार महली के प्रयास से जलमीनार की हुई मरम्मत



खलारी (आजाद सिपाही)। तुमांग पंचायत के करकट्टा बस्ती में पंचायत मुखिया संतोष कुमार महली के द्वारा जलमीनार की मरम्मत करायी गई है। वार्ड सदस्य पंकज मुंडा के पहल पर मुखिया ने मरम्मती कार्य किया। ग्रामीणो ने बताया कि करकट्टा बस्ती में लगा जलमीनार तीन चार महीने से खराब हो गया था जिसके कारण ग्रामीणों को पानी के लिए काफी परेशानी हो रही थी। जलमीनार की मरम्मत होने से बस्ती में पानी की समस्या ठीक हो गया है। जलमीनार मरम्मत कार्य करने के लिए ग्रामीणों ने मुखिया एवं वार्ड सदस्य के प्रति आभार व्यक्त किया है। आभार व्यक्त करने वाले ग्रामीणों में नूनी देवी, रीना देवी, झालो देवी, राजेश मुंडा, भीम मुंडा, संजय मुंडा, संदीप मुंडा, अमीन गंझू, सुरेश गंझू, आदि ग्रामीण शामिल है।

## रक्तदान शिविर संपन्न, 35 यूनिट रक्त एकत्रित

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** रविवार को मारवाड़ी युवा मंच खूंटी नगर शाखा द्वारा रक्तदान शिविर संपन्न हुआ। 35 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। शिविर में रक्त संग्रह हेतु रांची सेवा सदन एवं खूंटी ब्लड बैंक की टीम मौजूद थी। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन खूंटी के चीफ सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी, पूर्व अध्यक्ष उदय लाल भाला, वर्तमान अध्यक्ष अखिल सरावगी और रांची सेवा सदन की टीम से आये डॉ जितेंद्र जी ने किया।

सचिव मुकुल पीपुरिया ने रक्तदान के फायदे बताये जैसे की दिल का दौरा का खतरा कम होना, कैंसर का खतरा कम होना, वजन घटने में मदद आदि। मंच के रक्त दान संयोजक विशाल जैन ने बताया को पिछले 6 माह में मारवाड़ी युवा मंच ने खूंटी के जरूरमंदों को 38 यूनिट रक्त उपलब्ध कराया है, जो की जिलेवासियों का भरोसा मंच का प्रति दशार्ता है। सचिव ने इस सफलता का रहस्य सभी सदस्यों का सामूहिक प्रयास को दिया। इस बार के शिविर में अदिति मिश्रा, सरिता कुमारी, अनिल कुमार और स्माइल कंदिर ने पहली बार रक्तदान किया। सेवा सदन की टीम ने सभी रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट और मोमेंटो दे कर उनको सम्मानित किया। 2017 से अबतक हमने 19 वां शिविर लगाये हैं। शिविर को सफल बनाने में पूर्व अध्यक्ष उदय लाल भाला, अध्यक्ष अखिल सरावगी, सचिव मुकुल पीपुरिया, कोषाध्यक्ष अनुराग प्रतीक, संयोजक विशाल जैन, ओम शर्मा, राजेश मिश्रा, आशीष, विनय अग्रवाल, प्रिंस अग्रवाल, हिमांशु, रोहित, मोनी, हर्षित सरावगी, शुभम जैन, अदिति मिश्रा, नमिता, बजरंग, निश्चय बाहेती आदि का योगदान रहा।

## प्रशासन ने चलाया जागरूकता अभियान




रड़गांव/तमाड़ (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत आराहंगा पंचायत के बेलबेड़ा, मुकरुमडीह, पियाकुली और अराहंगा गांव के मुखिया, ग्रामप्रधान, वार्ड मेंबर और ग्रामीणों के साथ सुमित कुमार अग्रवाल (भापुसे) पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, रांची के नेतृत्व में बैठक किया गया। बैठक में अफीम-पोस्ता, गांजा इत्यादि मादक पदार्थों की खेती नहीं करने, उससे होने वाले नुकसान और कानूनी कार्रवाई के बारे, डायन प्रथा जैसे अंधविश्वास, बाल मजदुरी, बाल व्यापार, उग्रवादी तथा नक्सली संगठन में शामिल नहीं होने, उनका समर्थन नहीं करने, साथ ही समाज से भटक कर उग्रवादी संगठन में शामिल हुए व्यक्तियों को मुख्य धारा में लौटने हेतु आह्वान किया। पुलिस से मदद पाने हेतु डायल 100, 112 साइबर ठगी का शिकार होने पर 1930 पर फोन कर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी देते हुए जागरूकता अभियान चलाया गया। बैठक में पुलिस और जनता के बीच आपसी विश्वास को मजबूत करने के लिए आम जनता से सुझाव लिया गया। तथा उनकी समस्या से अवगत होते हुए समाधान का प्रयास किया गया। साथ ही 18/12/2024 को होने वाले जन जागरूकता अभियान के बारे मे जानकारी दी गयी। सभी पदाधिकारियों के द्वारा अपना अपना फोन नंबर आम जनों को दिया गया। इस बैठक में ओम प्रकाश, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बुंडू, हंसे उरांव, पुलिस निरीक्षक तमाड़ अंचल और रौशन कुमार, थाना प्रभारी तमाड़ उपस्थित रहे।

## बीजेपी ने खूंटी में किया सदस्यता अभियान का आयोजन



खूंटी (आजाद सिपाही)। रविवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय खूंटी में सदस्यता अभियान के निमित जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिला के उपाध्यक्ष तथा सदस्यता अभियान के जिला संयोजक विनोद नाग की अध्यक्षता में किया गया, कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संजय साहू तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री निखिल कंडुलना के द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में में मुख्य रूप से जिले के सदस्यता प्रभारी आरती कुज्जूर, सह प्रभारी अमरनाथ मांझी, तोरपा विधानसभा के पूर्व विधायक कोच मुंडा, पूर्व विधायक गंगोत्री कुज्जूर, जिला के संगठन प्रभारी सत्यनारायण सिंह सहित विभिन्न मंडलों के सदस्यता अभियान के संयोजक तथा सहसंयोजक और वरिष्ठ कार्य कर्ता गण उपस्थित रहे।

## मैकलुस्कीगंज-पिपरवार रेल लाइन फेज वन की 20 को बंदी को लेकर समीक्षा बैठक

मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। मैकलुस्कीगंज-पिपरवार रेल लाइन के विस्थापितों और रैयतों को मुआवजा और नौकरी को लेकर 20 को घोषित बंदी की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक हेसालोंग गंझू टोला में मोर्चा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा तथा संचालन हेमलाल गंझू ने किया। बैठक में रेल लाइन में अधिग्रहित जमीन के बदले नौकरी मुआवजा मिलने में हो रही देरी और परेशानी को लेकर चर्चा की गयी। साथ ही 20 दिसंबर की घोषित रेल लाइन फेज वन बंदी को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही कहा गया कि अब सीसीएल प्रबंधन की आश्वासन से रैयत अब मानने वाले नहीं हैं। प्रबंधन और अंचल जब रैयत की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं है, तो रैयत भी अब किसी के आश्वासन पर नही मानेंगे। इसलिए इस बार अनिश्चितकालीन बंदी को लेकर रैयत भी कमर कस लिए है। बैठक में रमेश कुमार, ताहिर अंसारी,अर्जुन गंझु, सुकरा गंझू, महेश गंझू, नारायण गंझू, विकास कुमार, उपेंद्र गंझू सहित कई रैयत मौजूद थे।

## विधायक की पहल पर दो साल से बीमार युवक का इलाज शुरू



**विधायक सुदीप गुड़िया की पहल पर दो साल से बीमार युवक पारस सिंह को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**तोरपा।** विधायक सुदीप गुड़िया की पहल पर दो साल से बीमार युवक पारस सिंह का ईलाज शुरू हुआ। रविवार को विधायक की पहल पर उसे सदर अस्पताल खूंटी में भर्ती कराया गया। युवक पारस सिंह तोरपा बड़ाइक टोली का रहने वाला है। उसके सिर में चोट लगने से घाव बन गया है। पैसे के आभाव में उसके परिवार के लोग ईलाज नहीं करा पा रहे थे। रविवार को इसकी जानकारी मिलने पर विधायक सुदीप गुड़िया पारस के घर पहुंचे। उन्होंने उनके परिजनों से मिला हर संभव ईलाज का आश्वाशन दिया। विधायक सुदीप गुड़िया ने इस संबंध में सिविल सर्जन खूंटी से बात कर पारस के बारे में जानकारी दी तथा ईलाज शुरू करने को कहा। इसके तुरंत बाद सिविल सर्जन ने एंबुलेंस भेजकर पारस को अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। उसका ईलाज शुरू कर दिया गया है। ईलाज शुरू होने पर पारस की मां व पिता ने विधायक को धन्यवाद दिया है।

क्या है मामला : प्रखंड के बड़ाइक टोली निवासी पारस सिंह(25) विगत दो वर्षो से बीमार है। चलने फिरने में असमर्थ है। घर में ईलाज के लिये पैसे नहीं हैं। पैसे के आभाव में पारस इलाज के आभाव में घर में पड़े नारकीय जिंदगी जीने को विवश है। उसकी मां रांति देवी भी लकवाग्रस्त है। वह किसी तरह अपने बेटे पारस की देखभाल कर रही है। पारस के पिता भैरों सिंह किसी तरह परिवार का भरण पोषण करते हैं। छत से गिरने से हुआ था बीमार : मिली जानकारी के अनुसार पारस काम करते वक्त छत से गिर गया था। छत से गिरने से उसके सिर व जगहों पर गंभीर चोट आयी थी। उसका ईलाज रिम्स में किया गया था। उसने बताया कि सिर का ऑपरेशन किया गया। परंतु घाव नहीं भरा। इसी बीच पारस का बयां हिस्सा काम नहीं करने लगा। परिजनों ने काफी ईलाज कराया पर पारस ठीक नहीं हुआ।

## मृतक के परिजनों से मिले विधायक सुदीप गुड़िया



तोरपा। विधायक सुदीप गुड़िया रविवार को सुंदारी में बिजली का करंट लगने से मरे बिजली मिस्त्री मथुरा मुंडा तथा तोरपा में सड़क दुर्घटना में मरे जेरकु महतो के परिजनों से मिल सांत्वना दिया। उन्होंने दोनों के परिजनों को खाद्यान्न व कम्बल दिया। उन्होंने कहा कि दोनों मृत परिवार के आश्रितों को मुआवजा दिलाने का प्रयास करेंगे। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रुबेन तोपनो, जिला सहसचिव प्रदीप केशरी, नंदू महतो, अरुण कुमार आदि उपस्थित थे।

## खाली समय में अपने रचनात्मक और कलात्मक ज्ञान का सही उपयोग करें कैदी : डालसा सचिव

खूंटी (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेस कुमार के मार्गदर्शन में रविवार को उपकारा खूंटी में जेल लोक अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जेल अदालत में उपस्थित कैदियों को संबोधित करते हुए डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने कहा कि डालसा वैसे परिवारों को मदद और निशुल्क सहायता उपलब्ध कराती है जिनका वार्षिक आय तीन लाख से कम हो। उन्होंने बंदियों को उनके अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक काराधीन बंदियों को अपने-अपने वाद संख्या के साथ ही अपने अधिवक्ता का नाम एवं मोबाइल नंबर की जानकारी रखना उनका अधिकार है। कार्यक्रम में डीएलएसए के प्रभारी, कारा अधीक्षक अनुराधा कुमारी, उपकारा के बड़ा बाबू शहजादा खान, डालसा पीएलवी अंजनी कुमारी, प्रेम कुमार ठाकुर सहित उपकारा के अन्य सहकर्मी उपस्थित रहे। यह जानकारी डीएलएसए सचिव, राजश्री अपर्णा कुजूर ने दी।

## नि:शुल्क आंख जांच शिविर का हुआ आयोजन

बुंडू (आजाद सिपाही)। रविवार को जिला अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम रांची और दृष्टि सुरक्षा केंद्र के सौजन्य से बुधराम नगर बारेडीह तमाड़ में नि:शुल्क आंख जांच शिविर लगाया गया था। इस शिविर में 100 लोगों ने अपनी आंख जांच कराकर शिविर का लाभ उठाया, इनमें से 25 लोगों में मोतियाबिंद मिला, जिन्हें सोमवार को बिरसा आई हॉस्पिटल बुंडू में नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन किया जायेगा।

## रेमटा खूंटी ने राधे-राधे स्पोर्टिंग को 1-0 से पराजित किया



ईचागढ़। प्रखंड क्षेत्र के आर एफसी टीकर द्वारा आयोजित एक दिवसीय फुटबॉल खेल का उद्घाटन ईचागढ़ के राजा प्रशांत कुमार आदित्यदेव ने कीक मारकर और फीता काट कर किया। उद्घाटन में सरस्वती ज्ञान मंदिर के छात्र-छात्राओं के सैनिक प्रेड आकर्षण का केंद्र बना। इस खेल मे विधायक सविता महतो, आजसू के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो सहित विभिन्न समाजसेवी सम्मिलित हुए। ये खेल 8 दलों के बीच संपन्न हुआ। नेताजी स्पोर्टिंग रेमता खुंटी ने राधे-राधे स्पोर्टिंग टीम को हराकर विजेता बनी। रेमता खुंटी को प्रथम पुरस्कार विधायक सविता महतो के हाथों 1 लाख 50 हजार रु ओर सील्ड, उपविजेता राधे राधे टीम को प्रमुख गुरू पद मार्डी के द्वारा 1 लाख रु और कप एवं तृतीय स्थान पर रहे नेताजी तमाड़ व चतुर्थ स्थान पर रही टेल्को टीम को 25 हजार 5 सौ रु. और कप देकर कमेटी द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस खेल के आयोजनकर्ता के रुप में प्रमुख गुरुपद मार्डी, ललित घोष, गुरुदयाल शर्मा, अजय साहू, दिवाकर कैवर्त, परशुराम, कार्तिक प्रामाणिक, बलराम, श्यामापद, दिलीप साहु आदि उपस्थित थे।

## महिला को दी गयी आर्थिक सहायता

खलारी। गुलजारबाग में मंगला देवी को केडीएच डंप कमिटि के द्वारा आर्थिक सहायता की गयी है। मंगला की आर्थिक और अस्वस्थ रहने के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जिसको देखते हुए रैयत विस्थापित मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष जालिम सिंह ने उसकी आर्थिक सहायता की है। उसे काफी मदद की जरूरत है इसलिए उसे केडीएच डंप कमेटी के द्वारा दस हजार रुपये की मदद दिया गया।

# विभिन्न जगहों पर हुआ धान खरीद केंद्र का उद्घाटन

## रूगड़ी में धान खरीद केंद्र का सविता महतो ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**ईचागढ़।** प्रखंड क्षेत्र के रूगड़ी लैंपस का उद्घाटन विधायक सविता महतो, बीडीओ एकता वर्मा तथा सितु लैंपस में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन मुखिया लक्ष्मी देवी ने नारियल फोड़कर व फीता काट कर किया। विधायक सविता महतो ने रूगड़ी लैंपस में किसानों का धान वजन कराकर धान अधिप्राप्ति का शुभारंभ किया। विधायक सविता महतो को बीडीओ एकता वर्मा ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। विधायक ने लैंपस गोदाम का भी निरीक्षण किया। विधायक ने लैंपस कर्मीयों व बीसीओ को निर्देश देते हुए कहा कि धान अधिप्राप्ति केंद्र में धान बेचने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करें और अधिक से अधिक किसानों का कैंप लगाकर निबंधन कराये, ताकि किसानों को ओने-पौने दामो में बिचौलियो के हाथो अपना धान बेचने से बचे। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी एकता वर्मा ने कहा कि आज विधायक के हाथो धान अधिप्राप्ति केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया गया उन्होंने कहा कि ईचागढ़ प्रखंड में तीन अधिप्राप्ति केंद्र रुगडी, सितू, लेपाटाड का संचालन शुभारंभ हो गया। उन्होंने कहा कि 2300 रू प्रति क्विंटल और 100 रू कमिशन के तौर किसानों को भुगतान किया जायेगा तथा 50 प्रतिशत राशि पहली किस्त के रूप में व अंतिम राशि बाद में भूगतान किया जायेगा। मौके पर बीसीओ राजकुमार रजक, बसंत कुमार राय, मुखिया बीपीन सिंह मुंडा, काबलू महतो अमित सिन्हा, नरेन गोप, मधुसुदन घोष, मधु गोप आदि उपस्थित थे।

### तमाड़ लैंपस कार्यालय में धान खरीद केंद्र का उद्घाटन

तमाड़। तमाड़ लैंपस कार्यालय में रविवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र का फीता काट कर उद्घाटन झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष हलधर महतो और उप प्रमुख शकुंतला खंडित के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर दो किसानों से सावित्री देवी और देवी दास सेठ से धान की खरीदारी की गयी। इस अवसर पर लैंपस प्रबंधक श्यामल नायक रश्मि देवी, हाराधन सिंह मुंडा, अध्यक्ष बेरनादेत कच्छप के अलावे सैकड़ों किसान उपस्थित हुए थे।

## तमांग और राय लैंपस में हुआ धान खरीद केंद्र का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** खरीफ विपणन मौसम 2024-25 के लिये खलारी प्रखंड अंतर्गत धान अधिप्राप्ति केंद्रों का उद्घटान किया गया। खलारी प्रखंड अन्तर्गत 2 धान अधिप्राप्ति केंद्र के रूप में तमांग और राय लैम्प्स का चयन किया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी खलारी संतोष कुमार ने प्रखण्ड क्षेत्र के सभी किसानों से अपील किया है कि वो अपना धान बिचैलिओं के माध्यम से अथवा खुले बाजार में न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम मूल्य पर ना बेचें। साथ ही इस अवसर पर उन्होंने जानकारी दी की वैसे किसान जिन्होंने अपना निबंधन नही कराया है, वो उपार्जन पोर्टल से ऑनलाइन निबंधन करवा सकते हैं। वहीं रविवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र तमांग का उद्घाटन तुमांग पंचायत मुखिया संतोष कुमार महली के द्वारा फीता काट कर किया गया। वहीं राय केंद्र का उद्घाटन मुखिया शीला कुमारी और उप प्रमुख सुमन देवी के द्वारा संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर और फीता काटकर किया गया।

## धान क्रय केंद्र सिल्ली लैंपस का उद्घाटन



मुरी। सिल्ली लैंपस का सत्र 24-25 सिल्ली विधायक अमित महतो ने धान क्रय के लिए फीता काट कर उद्घाटन किया। उससे पहले इलेक्ट्रानिक वेट मशीन का नारियल फोड़कर चढ़ाया गया। सहकारिता अधिकारी ने विधायक को धान क्रय से संबंधित महत्वपूर्ण बातों की चर्चा की, जिसमें बताया गया कि रविवार से सिल्ली धान क्रय केंद्र के अलावा रामपुर क्रय केंद्र चालु किया जायेगा। बाद में दो केंद्र दोबाड़ु और टुटकी को भी खोलने का प्रस्ताव है। किसानों के लिए धान क्रय पंजीकरण रोजाना चालु है। पंजीकरण में आधार कार्ड, वोटर कार्ड, बैक पासबुक, मुखिया द्वारा सत्यापित वंशावली के साथ जमीन का रसीद के प्रतिलिपि, मोबाइल नंबर चालु हालत वाला दे। उद्घाटन के मौके पर मुरी पुर्वी जिप प्रतिनिधि अखिल महतो, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, बांसारूली मुखिया लालू उरांव, समेत लैंपस कमिटी के अध्यक्ष और सदस्य मौजूद थे।

## अमन ग्रुप एंड वेलफेयर ट्रस्ट का पुनर्गठन अताउल्लाह अध्यक्ष और अमन बने सचिव



**रातू/मांडर (आजाद सिपाही)।** अमन ग्रुप वेल्फेयर ट्रस्ट की बैठक रविवार को ब्राम्बे में हुई। इसमें कमेटी का पुनर्गठन और विस्तार को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान कमेटी का पुनर्गठन करते हुए सदर पद के लिए पुनः अताउल्लाह अंसारी, सचिव अमन राज, कोषाध्यक्ष युसुफ अंसारी, महासचिव शमी अंसारी, कार्यकारी अध्यक्ष बबलू अंसारी, प्रवक्ता मोहसिन खान को बनाया गया। यह कमेटी तीन वर्ष के लिए बनाया गया है। साथ ही कमेटी में छह-छह उप सदर और उपसचिव भी बनाये गये। इसके अलावा 10 लोगों की संरक्षक मंडली बनाई गई जिसमें कांके के पूर्व जिला परिषद सदस्य व आजसू के कार्यकारिणी अध्यक्ष हकीम अंसारी को फिर से अमन ग्रुप एंड वेलफेयर ट्रस्ट का मुख्य संरक्षक बनाया गया। इसके अलावा शमीम बड़ेहार, नासिर अंसारी, आजम अहमद, जमील अंसारी, सामी खान, इफ्तेखार नुरुल्लाह हबीब नदवी व मुस्लिम अंसारी को संरक्षक बनाया गया है। इस अवसर पर संरक्षक नुरूल्लाह हबीब नदवी ने कहा कि आज हमारे समाज में जो कुरीतियां व्याप्त है उसे दूर करने की सख्त जरूरत है। वहीं, संरक्षक शमीम बाड़ेहार ने कहा कि हमें सभी समाज के लिए काम करना और जो भी बुराइयां है उसे मिलजुल कर खत्म करना है। हकीम अंसारी ने कहा कि शादी-ब्याह में फिजूलखर्ची को रोकना है। शिक्षा के लिए काम करना है। लगे हाथ कमेटी का विस्तार करना है। इससे पहले सचिव अमन राज ने ट्रस्ट की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर दर्जनों लोगों ने सदस्यता ग्रहण ली। इस मौके पर मोहसिन खान, नासिर अंसारी, जमील अख्तर , सलामत अंसारी ने अपने विचार रखा। कार्यक्रम की सदारत अत्ताउल्ला अंसारी ने किया। संचालन शमीम बाड़ेहार ने किया। मौके पर संरक्षक हकीम अंसारी, सचिव अमन राज,मो शमी, अजीज अंसारी, मुस्लिम अंसारी, अमानत अंसारी, जुल्फान अंसारी, शमशेर अंसारी, युसुफ अंसारी, मो एनायतुल्ला, मो गुलजार, नेयाजुल खान, इरशाद इमाम, रफीक, जैनुल आबेदीन, जियाउल हक, बबलू, इंतियाज खान, इस्तेखार खान, जबारुल अंसारी आदि मौजूद थे।

## जेल अदालत में बंदी को किया गया कारामुक्त

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रांची झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से रविवार को बिरसा मुण्डा केन्रीय कारा होटवार में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने की। बतातें चलें कि विभिन्न न्यायालयों में लंबित वाद निष्पादन के निमित बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार रांची में संसीमित बंदियों का आवेदन जेल अदालत के लिए समर्पित किया गया था। इ दौरान एक बंदी को जेल अदालत का लाभ देते हुए कारामुक्त किया गया। इस अवसर पर प्रत्येक जेल अदालत के दौरान बंदियों एवं काराकर्मियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कारा में चिकित्सा कैंप का भी शुभारंभ किया गया। जेल अदालत में डालसा सचिव रांची द्वारा बंदियों की समस्याओं को सुना गया एवं बंदियों से आवेदन लेकर उक्त समस्या का तुरंत निराकरण के लिए उपस्थित एलएडीसी एवं सदस्यों को निर्देशित किया गया। मौके पर डालसा सचिव कमलेश बेहरा, कारापाल अक्षत श्रीवास्तव, न्यायिक दंडाधिकारी, कराकर्मी, डिप्टी एलएडीसी, न्यायालयकर्मी, बंदीगण आदि उपस्थित थे।

## लापुंग, मालगो एवं लातरातू लैंपस में धान क्रय केंद्र का शुभारंभ

**लापुंग/ चान्हों (आजाद सिपाही)।** तीन धान क्रय केंद्र का रविवार को शुभारंभ हुआ। लापुंग और मालगो लैंपस का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, प्रखंड अध्यक्ष जयंत बारला प्रखंड आपूर्ति सह सहकारिता पदाधिकारी विनोद नारायण झा ने संयुक्त रूप से किया। लापुंग लैंपस में किसान मंगल साहू दाड़ी के अलावा प्रभात साहू ककरिया समेत कुल छह किसानों ने अपनी-अपनी धान बेची। वहीं, मालगो लैंपस में गणेश सिंह, सांगलिया, पंचू साहू व संजय गोप ने धान जमा किया। लापुंग अध्यक्ष योगेन्द्र मुंडा, सचिव परमेश्वर साहू व धान क्रय प्रभारी रामतीरथ भगत, व मालगो लैंपस के अध्यक्ष नागी देवी, सचिव विशेश्वर साहू आदि मौजूद थे। इस असर पर विनोद नारायण झा ने कहा कि किसान बिचौलियों के चक्कर में नहीं आकर खुद क्रय केंद्र आयें और उचित दर पर धान बेचें। मौके पर महेश साहू, जालंधर साहू, मुकेश गोप, अरुण सिंह आदि थे। वहीं, चान्हो प्रखंड अंतर्गत सोंस, लैंपस में रविवार को सरकार की ओर से निर्धारित 2400 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदारी विधिवत शुरू हो गयी। सोंस लैंपस में जिला परिषद सदस्य आदिल अजीम, पंसस रिजवान आलम, विधायक प्रतिनिधि प्रवेज आलम, इरशाद खान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर क्रय केंद्र का उद्घाटन किया। पहले दिन सोंस लैम्पस मे लगभग डेढ़ क्विंटल धान खरीदा गया। वहीं, प्रखंड के अन्य धान क्रय केंद्र में भी धान खरीदारी की शुरूआत की गई। सोंस लैम्पस में उद्घटन के मौके पर लैंप्स संचालक अजय कुमार मंगलेश्वर उरांव, मुखिया प्रतिनिधि देवत कुमार, पंसस रिजवान आलम आदि मौजूद थे।

## झारखंड कुरमी विकास परिषद का स्थापना दिवस 25 को



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** कुरमी विकास परिषद का 50 वां स्थापना दिवस सह स्वर्ण जयंती समारोह 25 दिसंबर को मनाया जाना है। इसकी तैयारी को लेकर बूटी आरटीसी बीएड कॉलेज में रविवार को झारखंड कुरमी विकास परिषद के पदाधिकारियों ने ने बैठक की। जिसकी अध्यक्षता संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष रणधीर चौधरी ने की। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में संरक्षक सह पूर्व सांसद रामटहल चौधरी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि झारखंड कुरमी विकास परिषद का 50वां वार्षिक उत्सव भव्य तरीके से मनाया जाएगा। उन्होंने जातीय जनगणना, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग आरक्षण पर पदाधिकारी को आगे आने को कह। वहीं, झारखंड कुरमी विकास परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष रणधीर चौधरी ने कहा कि हजारों की संख्या कुरमी समाज के लोग इस समारोह में उपस्थित होंगे। जिसकी तैयारी पूरी जोर शोर के साथ चल रही है। मौके पर झारखंड कुरमी विकास परिषद के संरक्षक मनरखन महतो, डॉ रुद्र नारायण महतो, डॉ धनेश्वर महतो, भुवनेश्वर महतो, खिरोधर महतो, संजय कुमार महतो, राजकुमार महतो, संजय कुमार पटेल, राजेंद्र नाथ महतो, अखिलेश महतो, आशीष कुमार, मनीष महतो, राजेंद्र महतो, बालसई महतो, विकास कुमार, कैलाश महतो, बिना महतो सीता कुमारी, जय नारायण महतो, वीरेंद्र कुमार, पनेश्वर महतो आदि मौजूद थे।

### जांचकर्ताओं के लिए क्षमता निर्माण सह कानूनी जागरूकता का आयोजन

# जांच सही से न हो, तो दोषियों को मिल जाता है लाभ: अमित

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त सह रांची डालसा अध्यक्ष के मार्गदर्शन में जिले के सभी थानों से आये जांच अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण सह कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन रविवार को व्यवहार न्यायालय के बैठक हॉल में किया गया। इस अवसर पर एजेसी-15 अमित शेखर, एजेसी-1, पीओएमएसीटी श्री मनीष, योगेश कुमार, एजेसी-4 सह पोक्सो जज, मो आशीफ ईकबाल, पीपी अनिल सिंह, डालसा सचिव कमलेश बेहरा, एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, एलएडीसी डिप्टी कविता खाती, एलएडीसी सहायक शिवानी सिंह, रांची जिला के सभी थानों से आये जांच अधिकारी, पीएलवी, कर्मचारी आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर एजेसी-15 अमित शेखर ने कहा कि बहुत सारे जांच ऐसे होते हैं, जिसे जांच अधिकारियों को लाना होता है पर उसे ला नहीं पाते हैं। त्रुटिपूर्ण



क्षमता निर्माण सह कानूनी जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोग।

अनुसंधान के कारण खामियाजा पीपी को भुगतना पड़ता हैं। कहा कि अनुसंधान सही तरीके से नहीं होने के कारण दोषियों को लाभ मिल जाता है। उन्होंने कहा कि आज के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी अधिकारियों को अनुसंधान की कड़ियों को बारीकी से समझना है। वहीं, सेक्शन-42, डॉक्युमेंटेशन के बारें में भी बताया और एनडीपीएस एक्ट पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी जांच अधिकारियों को यह जानना आवश्यक है कि समय-सीमा के भीतर रिपोर्ट तैयार करें। जब्त पदार्थों को समय सीमा पर मजिस्ट्रेट के पास भेजे। जब्त सामग्रियों के जब्ती और भंडारण के बारे में भी उपस्थित लोगों को बताया गया। इसके अलावा उन्होंने एनडीपीएस एक्ट के सेक्शन- 50 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पीओएमएसीटी मनीष ने मोटर वाहन दुघर्टना में मिलने वाले मुआवजा के बारे में बताया। कहा कि जांच अधिकारियों द्वारा जांच सही होगा तो पीड़ित या पीड़िता के घरवालों को जल्द से जल्द मुआवजा मिलने में कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने सभी जांच अधिकारियों को उच्च न्यायालय के आदेश और ऑर्डर को पूरी तरह से फॉलो करने को कहा। दुर्घटना होने पर एफआईआर की एक कॉपी इंश्योरेंस कंपनी, एक कॉपी एमएसीटी कोर्ट में भी देने पर बल दिया। उन्होंने फॉर्म-1 को 48 घंटे के भीतर तैयार कर इंश्योरेंस कंपनी व एमएसीटी कोर्ट में देने की बातें कहीं। उन्होंने क्रमशः फॉर्म 1 से लेकर फॉर्म-6 तैयार समय सीमा पर करने की बातें कहीं। एजेसी-1 योगेश कुमार ने उपस्थित जांच अधिकारियों को सीडीआर संग्रह करने और सेक्शन-65 के बारे में विस्तार से बताया। एजेसी-4 मो आशीफ ईकबाल ने जांच अधिकारियों को पोक्सो एक्ट के बारे में बताया। उन्होंने पीड़िता की पहचान, मेडिकल जांच, 164 का बयान पर जोर देते हुए पोक्सो एक्ट के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। पीपी अनिल सिंह ने सभी जांच अधिकारियों को विभिन्न उदाहरण देकर निष्पक्ष और उचित जांच को लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। धन्यवाद ज्ञापन एलएडीसी सहायक शिवानी सिंह ने किया।

## समय से पहले कार्यक्रम शुरू करने पर सांसद हुए नाराज

**ओरमांझी में धान क्रय में पहले ही दिन 135 क्विंटल धान की खरीदारी की गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** लैम्पस में किसानों से धान खरीदारी के लिए धान अधिप्राप्ति केंद्र का रविवार को शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर जिला आपूर्ति निदेशक दिलीप तिर्की, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत, प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी संजीव विक्रांत केर-केट्टा सीओ उज्जवल सोरेन ने



धान अधिप्राप्ति केंद्र के शुभारंभ के अवसर पर मौजूद राज्यसभा सांसद व अन्य।

किया। हालांकि कार्यक्रम समय से पहले ही शुरू कर दिये जाने पर राज्यसभा सांसद ने लैंप्स मैनेजर को खूब फटकार लगाई। इस पर लैम्पस मैनेजर ने जिला में मीटिंग का हवाला दिया। वहीं, धान अधिप्राप्ति केंद्र की ओर से इस दिन 135 क्विंटल धान की खरीद की गयी। इसका निर्धारित मूल्य 24 रुपये प्रति किलो की दर से भुगतान की बात कही गयी। धान खरीद का आधा भुगतान 24 घंटे के भीतर एवं शेष भुगतान धान उठाव के बाद किया जायेगा। इसकी जानकारी लैंप्स मैनेजर गौरव सिंह ने दी। इस मौके पर मुखिया दीपक बड़ाईक, उप मुखिया संतोष गुप्ता, पंसस ललिता मेहता, अमरनाथ चौधरी, परमानंद तिवारी, राजेश गुप्ता, आदित्य कुमार आदि मौजूद थे।

## कुआं में गिर कर युवक की मौत

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। नगड़ी थाना क्षेत्र के मनोकामना नगर निवासी बबलू महतो (27) की कुएं में गिर कर डूबने से मौत हो गई। पेशे से किसान बबलू शनिवार की शाम खेत से पत्नी बिंदिया देवी के साथ घर लौट रहा था। वह खेत के मेढ़ से सटे एक कुएं में पैर फिसल जाने से गिर गया, जिससे डूबने से मौत हो गयी। उसके साथ आ रही पत्नी बिंदिया देवी पति के कुएं में गिरने के बाद मदद के लिए आसपास के ग्रामीणों पुकारा। पर जबतक ग्रामीण मौके पर पहुंच तक बबलू को कुएं से बाहर निकालते तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना नगड़ी पुलिस को दी। खबर पाकर मौके पर पहुंची नगड़ी पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया।**

## बेड़ो व जामटोली में धान क्रय केंद्र का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड कार्यालय परिसर व हरिहरपुर जामटोली गांव में रविवार को सहकारिता विभाग खाद व सार्वजनिक उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से धान अधिप्राप्ति योजना 2024-25 के तहत धान अधिप्राप्ति के लिए क्रय केंद्र का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन जिप सदस्य बेरोनिका एक्का, उपप्रमुख मोदस्सीर हक, मुखिया सुशांति भगत, विधायक प्रतिनिधि करमा उरांव, नवल किशोर सिंह, चरवा उरांव व जगरनाथ भगत ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर वर्ष 2024-2025 के लिए सरकार की ओर से निर्धारित समर्थन मूल्य साधारण 2300 रुपये क्विंटल व बेहतर होने पर 100 रुपये बोनस प्रति क्विंटल पर किसानों से धान क्रय करने का काम प्रारंभ किया गया।



जनप्रतिनिधियों ने किसानों से पैक्स के माध्यम से ही धान की बिक्री करने की अपील की। कहा कि इसके लिए पैक्स के सदस्य को गांव-गांव जाकर किसानों को धान खरीद की जानकारी देने का निर्देश दिया गया। ताकि किसानों को सरकारी क्रय केंद्र वाले पैक्स दुकान से समुचित लाभ मिल सके। वहीं किसान अनमोल विनय तिर्की ने कहा कि धान क्रय केंद्र खुलने से क्षेत्र के किसानों को काफी राहत मिलेगी। अब अपनी उपज औने-पौने दामों में बेचने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। किसानों ने बताया कि क्रय केंद्र न होने के कारण काफी परेशानी हो रही थी। वहीं, लैम्पस अध्यक्ष जगरनाथ भगत व चरवा उरांव ने कहा कि किसान साफ कर व सुखाकर धान लाएं और सरकार की योजना का लाभ उठाएं। इस मौके पर लैम्पस प्रबंधक गोयंदी उराईन, पड़हा राजा विशाल उरांव, जनसेवक बैजू तिर्की, जूनस टुटी, ग्रामप्रधान राम प्रसाद लोहरा, पंसस फुलमनी देवी, वार्ड सदस्य मुन्नी उराईन, बुधराम लोहरा, कांग्रेस के पंचायत मंडल प्रभारी भीम गोप, प्रेमचंद भगत, रौशन केरकेट्टा आदि थे।

### किसान उत्पादक संगठन फार्म टू प्लेट क्रांति ने बोकारो में खोली नयी दुकान

# किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है : विधायक श्वेता सिंह

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** किसान उत्पादक संगठन ने अपनी फार्म टू प्लेट क्रांति को सशक्त बनाते हुए रविवार को बोकारो के सेक्टर 1/सी शॉपिंग मार्केट में अपनी नई दुकान का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में बोकारो की विधायक श्वेता सिंह भी उपस्थित रहीं। साथ ही, सेल के महाप्रबंधक अशोक कुमार सिंह और संगठन के निदेशक मंडल गोपाल राम बेदिया, अशोक गंजू, पंकज कुमार बेदिया, रमेश बेदिया और संजय बेदिया भी उपस्थिति रहे। इस अवसर पर विधायक श्वेता सिंह ने कहा कि यह पहल हमारे किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में एक



बड़ा कदम है। आज जब हम कृषि और ग्रामीण विकास की बात करते हैं, तो ऐसी योजनाएं किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें बाजार से सीधे जोड़ने में मदद करती हैं। ओरमांझी किसान उत्पादक संगठन का यह प्रयास न केवल किसानों की आय को बढ़ाएगा, बल्कि उपभोक्ताओं को भी शुद्ध, ताजे और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्रदान करेगा। मैं इस संगठन और इसमें जुड़े सभी किसानों को इस अद्भुत प्रयास के लिए बधाई देती हूं। यह पहल हमारे क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करने और स्थानीय कृषि को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक होगा। वहीं, सेल के महाप्रबंधक अशोक सिंह ने कहा कि किसानों और उपभोक्ताओं के बीच सीधा संपर्क स्थापित करने का यह प्रयास सराहनीय है। यह पहल न केवल किसानों को बेहतर मूल्य प्रदान करेगी, बल्कि स्थानीय कृषि उत्पादों को बाजार में नई पहचान दिलाएगी। यह नई दुकान किसानों की मेहनत को उपभोक्ताओं तक सीधे पहुंचाने का माध्यम बनेगी, जिससे दोनों पक्षों को लाभ होगा। किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य मिलेगा और उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद। ओरमांझी किसान उत्पादक संगठन के सीइओ रोहित मंडल ने कहा कि यह सामूहिक प्रयास हमारे मिशन को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। हम अपने किसानों के साथ मिलकर कृषि क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## फुटबॉल में खूंटी एफसी एवं क्रिकेट में जेकेएसएस विजेता



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिकिदिरी।** फूटबॉल मैदान में चल रहे जनकल्याण समर्पण संस्थान खेल महोत्सव के 22वें दिन रविवार को फुटबॉल का फाइनल मुकाबला हुआ। जिसमें आतिश स्पोर्टिंग को 2-1 के अंतर से हराकर खूंटी एफसी विजेता बना। खूंटी एफसी के विवेक औलर रणधीर ने एक-एक गोल किया। वहीं, आतिश टीम के खिलाड़ी ऋतिक ने 50 वें मिनट में गोल किया। इसके बाद खूंटी एफसी के विवेक को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। उसे नगद पुरस्कार और ट्राफी दिया गया। जबकि मैन ऑफ द सीरीज आतिश स्पोर्टिंग के गोलकीपर रितेश नायक को दिया गया। मैच के विजेता टीम को 1.51 लाख नकद, ट्रॉफी व सर्टिफिकेट, जबकि उपविकेता टीम को 81 हजार रुपये नकद छोटा ट्रॉफी दिया गया। वहीं. क्रिकेट की विजेता टीम को जेकेएसएस क्रिकेट क्लब को 51 हजार, ट्राफी व सर्टिफिकेट, उप विजेता थंडर बॉय को 31 हजार रुपए नगद व छोटा ट्रॉफी, तैराकी की चैंपियन श्रेया, आंचल, श्रवण, रूपाली, एथेलेटिक्स की चैंपियन दिया श्रेया, अवनी, सुदेश, सनी, इंदौर की विजेता दिया सरिता को ट्रॉफी, सार्टिफिकेट व नगद पुरस्कार देकर झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष कुणाल अजमानी, भाजयुमो के पूर्व प्रदेश महामंत्री राज श्रीवास्तव ने सभी विजेता टीम व खिलाडियों को सम्मानित किया। विधायक प्रतिनिधी अजगुत करमाली ने भी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार व संचालन कोषाध्यक्ष रमण कुमार व ब्रज किशोर प्रसाद ने किया। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष कुंती देवी, महासचिव सत्यपाल राउत, खेल प्रभारी राष्ट्रीय तैराक अमन कुमार जायसवाल, राष्ट्रीय तैराक पिंकी कुमारी, सचिव राजकुमार, मिडिया प्रभारी दिलीप कुमार दीपू, सरायकेला जिलाध्यक्ष कमलकांत साव, रामसाय मुंडा, जलनाथ चौधरी, दिगम्बर महतो, संदीप कुमार वर्मा, कृष्ण गोपाल भद्र पोप, माघु करमाली, निर्णायक मंडली के विवेक बेदिया, राजेश मुंडा, अजीत कुमार, उमाकांत शुक्ला, मिथिलेश तिवारी, रोहित कपटदार, रवि करमाली, प्रदीप साहू आदि मौजूद रहे।

## दवाई दोस्त फार्मा की नयी शाखा का उद्घाटन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** डोरंडा रोड स्थित सदाबहार चौक में रविवार को दवाई दोस्त फार्मा की नई शाखा का उद्घाटन हुआ। बीडीओ विजय कुमार ने शाखा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दवाई दोस्त की शाखाओं के माध्यम से लाखों जरूरतमंद लोगों को किफायती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं मिल रही है। वहीं, विशिष्ट अतिथि रांची जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष रमेश पांडेय ने दवाई दोस्त की पहल की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए लाभकारी बताया। जबकि शाखा संचालक प्रेम प्रकाश ने कहा कि दवाई दोस्त की अन्य शाखाओं की तरह यहां भी ब्रांडेड जेनरिक दवाएं 85 फीसदी तक की छूट पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा मरीजों को विशेष सुविधाएं दी जा रही है। उन्होंने बताया कि इस शाखा में शुगर जांच मात्र 10 रूपए में और बीपी जांच बिल्कुल मुफ्त की जाएगी। मौके पर विनय सिंह, अखिलेश सिंह, आत्मानंद पांडे और रामाशंकर तिवारी आदि मौजूद थे।

## कपड़ा बैंक ककरिया की चापाटोली एवं कांडरकेल बस्ती में कपड़े व कंबल बांटा



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** कपड़ा बैंक की टीम की ओर से रविवार को अध्यक्ष कैलाश कुमार के नेतृत्व में लापुंग प्रखंड के ककरिया चापाटोली बस्ती में 300 से अधिक जरूरमंदों में कपड़ा एवं कंबल का वितरण किया गया। लोगों के बीच स्वेटर, जैकेट, कंबल, शॉल, साड़ीव जीन्स पैंट आदि बांटा गया। वहीं रांची के शुभम रूंगटा की ओर से 50 कंबल का सहयोग किया गया। बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार ने कहा कि ठंढ़ में लोगों को बचने के लिए कपड़े की अधिक आवश्यकता होती है। कपड़ा बैंक लगातार जरूरतमंदों के बीच कपड़े का वितरण कर रहा है ताकि लोगों को ठंढ से बचाया जा सके। जिन लोगों के पास अनुपयोगी कपड़े हैं वो कपड़ा बैंक में दे सकते हैं, ताकि अधिक से अधिक लोगों को कपड़ा वितरित किया जा सके। कहा कि आपलोगों के पास यदि अनुपयोगी कपड़ा हो तो बेड़ों के डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में जमा कर सकते हैं उसे हम जरूरतमंदों तक पहुंचाएंगे। इस मौके पर ककरिया के समाजसेवी प्रवीण कुमार, रांची के शुभम रूंगटा, रवि केशरी, कैलाश कुमार, शक्ति साहू, अनुज गुप्ता व सुनील कुमार आदि थे।

## मकर संक्रांति पर लगनेवाले तीन दिवसीय मेला की विधि व्यवस्था को लेकर बैठक

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के प्रसिद्ध घघारी बाबा धाम में मंदिर समिति के अध्यक्ष राजकमल गोप की अध्यक्षता में मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले तीन दिवसीय मेला को लेकर रविवार को बैठक की गयी। जिसमें मुख्य मंदिर का रंग रोगन, यातायात सुविधा, दुकानदारों के लिए जगह सुनिश्चित करने, मुख्य मंदिर में पूजा के लिए लाइन लगने के लिए रेलिंग बनाने, भजन कीर्तन व भंडारा की व्यवस्था, साफ सफाई की व्यवस्था आदि मुद्दों पर चर्चा की गयी। इस दौरान विभिन्न लोगों को अलग-अलग जिम्मेदारियों सौंपी गयी। वहीं, मंदिर समिति के अध्यक्ष राजकमल गोप ने कहा कि 13, 14 और 15 जनवरी को लगने वाले तीन दिवसीय मेला को व्यवस्थित रूप से सफलतापूर्वक लगाने प्रयास किया जाएगा। इसमें लापुंग एवं बेड़ो पुलिस से भी यातायात सुरक्षा के लिए सहयोग लिया जाएगा। मौके पर समिति के कोषाध्यक्ष सेवक सिंह, सचिव संजय महतो, पूर्व अध्यक्ष गंगाधर साहू, राजेंद्र साहू, नफींद्र सिंह, राजधन शेखर सिंह, सोमा उरांव, संजय कुमार, दशरथ तिर्की, सुनील उरांव, मनोज उरांव, कृष्णा बड़ाईक, नाथूराम भगत, फागू भगत, सूबे सिंह, भगत सिंह, मकुंड सिंह, भुवन महतो, रुपनाथ सिंह, चिंता सिंह, कृष्ण गोप, विक्रम सिंह, परितोष सिंह, संतोष महतो, कोसव गोप, दयाल गोप, प्रकाश उरांव, रमाशंकर पाठक, सागर दास और तुलसी दास आदि थे।

### विधायक व अन्य प्रतिनिधियों ने किया धान खरीद केंद्र का उद्घाटन

# अधिकारी-कर्मचारी जनहित के कार्यों में तेजी लायें : विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित व्यापार मंडल कार्यालय में रविवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन विधायक संजय सिंह यादव, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार उर्फ टूटू सिंह, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी व व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने संयुक्त रूप से किया। इसके साथ ही धान अधिप्राप्ति केंद्र पर किसानों के फसल की खरीद शुरू हो गई है। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि हुसैनाबाद में धान अधिप्राप्ति केंद्र के खुलने से यहां के किसान लाभांवित होंगे। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को विकास कार्य के प्रति सजग रहने की हिदायत दी है। कहा कि पदाधिकारी व कर्मचारी अपने काम के प्रति सजग रहें। जनता के कार्य में लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कड़े शब्दों में अधिकारियों व कर्मियों से कहा कि आप लोग जनता के कार्य के लिए यहां आए हैं। पूर्व की सभी व्यवस्था में बदलाव करते हुए नया सिस्टम में काम करें। वहीं, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद प्रखंड में दो धान अधिप्राप्ति केंद्र पर 14 हजार क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित है। हम सभी मिलकर क्षेत्र में विकास की एक लंबी लकीर खीचेंगे। प्रखंड प्रमुख ने धान अधिप्राप्ति केंद्र से किसानों को लाभ लेने की बात कही। जबकि व्यापार मंडल अध्यक्ष ने बताया कि हुसैनाबाद व्यापार मंडल में 8 हजार व भीकेएस दंगवार को छह हजार क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित है। प्रति क्विंटल 2300 रुपये की दर से राशि भुगतान होगा। वहीं किसानों को 100 रुपये बोनस निर्धारित है। इस मौके पर राजद प्रदेश महासचिव रवि कुमार यादव, बीडीओ सुनील कुमार वर्मा, सीओ पंकज कुमार, सुरेश यादव, अशोक यादव, रामजनम सिंह, बिमलेश पासवान, रामसुंदर मेहता आदि मौजूद थे।


धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन करते विधायक संजय सिंह यादव व अन्य।

# साधन संपन्न हर व्यक्ति को जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आना चाहिए : रामचंद्र

- प्रेरणा परमार्थ आश्रम ने 700 जरूरतमंद लोगों के बीच किया कंबल वितरण
- मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिवर व महाभंडारा का भी आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** आदि गुरु भगवान श्री दत्तात्रेय जी की जयंती पर प्रयागराज प्रेरणा परमार्थ आश्रम के रेहला शाखा की ओर से रविवार को 700 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। जिसका आयोजन रेहला शिवतार ड्रेडर्स परिसर में हुआ था। कार्यक्रम की शुरूआत से पहले गुरु दत्तात्रेय, अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम, गुरुपद संभव रामजी व किन्नाराम जी महाराज की विशेष पूजा की गयी। इसके अलावा संत सुधीर भैय्या जी को नमन किया गया। इसके बाद समारोह का विधिवत उद्घाटन राज्य के पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह व शिक्षाविद डॉ राजेश्वर पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता आश्रम के रेहला शाखा के अध्यक्ष रंजीत सिंह व संचालन अमित कुमार सिंह बाबूल ने किया। इस अवसर पर रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि प्रेरणा परमार्थ आश्रम ने समाजसेवा के क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है, जिसका श्रेय भैय्या जी को जाता है। उन्होंने कहा कि हर साधन संपन्न व्यक्ति को जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। हमसे या हमारे संस्थानों से भी जो सहयोग चाहिए वह दिया जायेगा। वहीं, दिनेश प्रसाद सिंह ने कहा कि प्रेरणा परमार्थ आश्रम के प्रणेता भैय्या जी का स्पष्ट मानना था कि मानव सेवा, देव सेवा के बराबर है। इसलिए, आश्रम के सदस्य जरूरतमंदों तक पहुंचकर उनकी सेवा व मदद करते रहते हैं। शिक्षाविद राजेश्वर पांडेय ने कहा कि दुनियां में देना या लेने वालों में कोई बड़ा-छोटा नहीं होता है। वहीं, रंजित सिंह ने बताया कि आश्रम की ओर से सोमवार को महुआडांड़ के सोहरपाट व औरासा में भी 600 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरित किया जायेगा। इसस दौरान भंडारा का भी आयोजन किया गया था। जिसमें सैकड़ो लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल पर मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया था। जिसमें डॉ विश्वजीत सिंह अपनी टीम के साथ मरीजों की जांच किये। साथ ही रोगियों को मुफ्त दवा भी दी गयी। इस मौके पर डॉ राधाकिशोर, शशिनाथ चौबे, महेंद्र नाथ चौबे, ब्रजराज चौबे, राज सिंह, केदार सिंह, अरुण कुमार सिंह, संजय शुक्ला, संजू सिंह, कृपा सिंह, मुन्ना सिंह, मृत्युंजय सिंह, सुशील शुक्ला, अनिल सिंह, घूरा राम, विजय विश्वकर्मा, धर्मेंद्र चौधरी, उदित सिंह, बालजी चौबे, प्रेम राम, प्रदीप सिंह, प्रियव्रत सिंह, भोलू भगत सहित कई लोग मौजूद थे।

# नयी चुनौतियों के साथ भाजपा कार्यकर्ता सदस्यता अभियान में नयी पीढ़ी के साथ जुड़ जायें: गणेश

भाजपा सदस्यता अभियान के जिलास्तरीय कार्यशाला संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू भाजपा जिला कार्यालय में रविवार को सदस्यता अभियान कार्यशाल की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने की। इसमें भाजपा प्रदेश सचिव गणेश मिश्रा भी उपस्थित थे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि पार्टी का सदस्यता अभियान जोर शोर से चलाने के लिए 18 एवं 19 दिसंबर को मंडल स्तरीय कार्यशाला होगा, जिसमें जिला से नियुक्त प्रभारी प्रत्येक प्रखंड में जाएंगे। उसके बाद 22 दिसंबर से शक्ति केंद्रों पर सदस्यता अभियान की शुरूआत हो जाएगी। 25 दिसंबर को भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष पर बूथ स्तरीय सदस्यता अभियान प्रारंभ होगा, जो 14 जनवरी 2025 तक चलेगा। सक्रिय सदस्यता लेने के लिए 50 लोगों को पार्टी का प्राथमिक सदस्य बनाना अनिवार्य होगा। वहीं, गणेश मिश्रा ने कहा कि पार्टी का सदस्यता अभियान देश स्तर पर सितंबर से ही प्रारंभ हो गया था लेकिन झारखंड में विधानसभा चुनाव के कारण यह अब शुरू होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ होते हैं। नई चुनौतियों के साथ कार्यकर्ता संकल्पित समर्पण भावना से सदस्यता अभियान में नई पीढ़ी के साथ जुड़ जाए। कहा कि बड़ी-बड़ी जीत के लिए कभी-कभी छोटी-छोटी हार का सामना तो करना ही पड़ता है। सदस्यता अभियान का यही मुख्य उद्देश्य है कि पार्टी में अधिक से अधिक लोगों को जोड़े। राष्ट्रवाद से प्रेरित भाजपा के कार्यकर्ता सदस्यता का लक्ष्य पूरा करें और संगठन को और मजबूत करें। भाजपा एक राजनीतिक पार्टी ही नहीं, बल्कि विचार है जो सत्ता के लिए नहीं समाज और राष्ट्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा के राष्ट्रवादी विचार ही उसे अन्य पार्टियों से श्रेष्ठ बनाती है। बैठक में कार्यकर्ताओं को वरीय नेता प्रेम सिंह, हुसैनाबाद के प्रत्याशी कमलेश सिंह, वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री ज्योति सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री विजय ठाकुर ने किया। इस मौके पर रेडमा निवासी कांग्रेसी नेता दुर्गेश सिंह ने भाजपा की सदस्यता भी ग्रहण किया। मुख्य अतिथि गणेश मिश्रा ने उन्हें माला पट्टा देकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। वहीं, बैठक में अमलेश्वर दुबे, ज्योतिश्वर सिंह, परशुराम ओझा, अविनाश वर्मा, संध्या सिंह, मनोज भुईया, नरेंद्र पांडे, कृष्लय तिवारी, रामप्रवेश सिंह, मुन्ना चंद्रवंशी, मंगल सिंह, अरविंद सिंह, अभिमन्यु तिवारी, अरविंद गुप्ता, सुनील पासवान, शिवकुमार मिश्रा, धर्मेंद्र उपाध्याय, सोमेश सिंह, ओमप्रकाश पप्पू, प्रदीप सिंन्हा, श्वेवताग गर्ग, अविनाश छोटू सिन्हा, शुभम प्रसाद, आशीष भारद्वाज, नंदलाल गुप्ता, जितेंद्र तिवारी, विजय कुशवाहा, सरवन गुप्ता, अजय सिंह, सतीश कुमार, शंकर गुप्ता, संजय कुमार, किशन मखडिया आले हसन अंसारी, रूपा सिंह, लवली गुप्ता, मंजूलता दुबे, मधुलता सिंह, सीटू गुप्ता, मंजू गुप्ता, रेणु देवी, रीमा शर्मा साहित्य सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रसार हमारा मुख्य उद्देश्य: निदेशक



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शिवशक्ति नगर स्थित समता स्कूल में रविवार को हर्षोल्लास के साथ स्थापना दिवस मनाया गया। इस बार भी स्कूल प्रांगण में प्रधानाचार्य डॉक्टर अक्षय कुमार चौहान ने अपनी पत्नी शीला चौहान के साथ सैकड़ों छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में पूजा पाठ एवं हवन यज्ञ किया। पूजा पाठ गायत्री परिवार के आचार्य अशोक जी एवं बीएन शर्मा जी द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सह निदेशक डॉक्टर अक्षय कुमार चौहान ने कहा कि हुसैनाबाद में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रसार करना व बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ ही सामाजिक व सांस्कारिक ज्ञान देना हमारे विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है। इस मौके पर शिक्षक संतोष मिश्रा, विनोद चौधरी, किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, राहुल चौहान, दशरथ कुमार, कार्तिक कुमार, रिमझिम देवी, प्रियंका देवी, उमम जहरा, प्रियंका देवी, राहुल गुप्ता, सुभाष कुमार, शकुंतला देवी, बबिता देवी, सारिका कुमारी आदि थे।

# पांकी पुलिस ने 10 एकड़ भूमि में लगी पोस्ते की खेती को नष्ट किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांकी/पलामू।** पांकी थाना क्षेत्र के हेडूम पहाड़ के नीचे तराई एवं सालयाही नदी के पास कुछड़ी जंगल के पास पुलिस ने अभियान चलाकर करीब 10 एकड़ भूमि में की गयी पोस्ता की खेती को नष्ट कर दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर से जोतकर व पुलिस ने लाठी-डंडे से पीटकर पोस्ता को नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि पांकी थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थो पोस्ता, गांजा कि खेती करने वाले सुधर जाएं अन्यथा पुलिस कानूनी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि अवैध धंधे से जुड़े लोगों सहित पोस्ता खेती को प्रोत्साहन देने वाले व्यापर करने वाले को पुलिस लागातार चिन्हित कर रही है। किसी भी कीमत पर बख्सा नहीं जाएगा। इस अभियान में इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# किसान धान क्रय केंद्र पर ही धान की बिक्री करें : लल्लू सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** पलामू डीसी के निर्देश पर रविवार को शहरी क्षेत्र के मोतीराज महिला इंटर कॉलेज समीप अररुआ पैक्स में 2024-25 के लिए धान अधिप्राप्ति शरीफ विपणन केंद्र का क्रय पदाधिकारी लल्लू सिंह, पैक्स अध्यक्ष अभय कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा और कृष्ण कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस मौके पर मौजूद धान क्रय पदाधिकारी ने बताया कि साधारण धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल 2,300 रुपए और ग्रेड ए का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,320 है। जबकि राज्य सरकार द्वारा धान बिक्री करने वाले निर्बंधित किसानों को प्रति क्विंटल भुगतान की जाने वाली बोनस राशि 100 रुपए के हिसाब से दिए जाएंगे। उन्होंने किसानों से क्रय केंद्र पर ही धान की बिक्री करने की अपील की। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, पैक्स अध्यक्ष अभय कुमार सिंह, रामानंदन यादव, कृष्ण कुमार सिंह, दिनेश मेहता, अशोक कुमार, बबलू सिंह, अरविंद पासवान, गुड्डू सिंह, अर्जुन गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार, श्यामबिहारी यादव, संतोष यादव आदि मौजूद थे।

# मशीन की चपेट में आने से अधेड़ महिला की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर/पलामू।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के बंदुआ गांव में शनिवार की शाम धान कुटाई मशीन की चपेट में आने से बंदुआ काराकाट निवासी सुशीला देवी (50) की मौत हो गई है। इसकी सूचना चैनपुर पुलिस को दी गयी। मुखिया दीनानाथ मांझी ने बताया कि खलिहान में रखे करीब दो क्विंटल धान कुटवाने के लिए परिवार के लोग मशीन वाले को बुलवाए थे। मौके पर परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद थे। धान कुटवाने के कार्यक्रम में महिला की साड़ी मशीन में फंस गयी, जिससे वह मशीन की चपेट में आ गयी। इस कारण उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

# भाजपा के मीडिया प्रभारी मनोज कांग्रेस में शामिल

**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** भाजपा बेरमो प्रखंड के मीडिया प्रभारी मनोज कुमार रविवार को कांग्रेस में शामिल हो गये। उन्होंने बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह पर आस्था व्यक्त करते हुए कांग्रेसकी सदस्यता ग्रहण की। मनोज कुमार को विधायक कुमार जयमंगल ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराते हुए शुभकामनाएं दी। कहा कि कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता मेरे परिवार के सदस्य की तरह हैं। उनकी किसी भी समस्या में मैं खड़ा रहूंगा। वहीं, कांग्रेस में शामिल होने पर महेंद्र कुमार विश्वकर्मा, श्यामल सरकार, जीतेंद्र सिंह, अरुण सिंह आदि ने मनोज को बधाई दी है।

# डीएसपी के पहुंचने से पहले ही आरोपी पक्ष का पीड़ित के घर हंगामा

**महुदा (आजाद सिपाही)।** धर्माबांध ओपी क्षेत्र के बाबूडीह (सुरियाडीह) बस्ती में गत शुक्रवार की रात हुई गोलिबारी की घटना को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए रविवार को कार्रवाई तेज कर दी है। डीएसपी ने दोनों पक्षों से बयान दर्ज कर लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। गोलाबारी के मामले में पीड़ित द्वारा पुलिस को दिए आवेदन के बाद अब मामला और गरमा गया है। क्योंकि पीड़ित ने कुछ आरोपियों के नाम लिए थे, जिसके बाद रविवार दोपहर में डीएसपी के आने से पहले ही आरोपी के घर की महिलाओं ने पीड़ित के घर पहुंचकर भारी हंगामा किया। आरोप है कि आरोपित पक्ष की महिलाओं ने पीड़ित के घर पर पहुंचकर नाम वापस लेने के लिए दबाव बनाया। इसके बाद ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर स्थिति को काबू किया।

## स्पोर्ट्स



विमेंस प्रीमियर लीग 2025 के लिए रविवार को बेंगलुरू में हुए मिनी निलामी में पांच टीमों ने 9.05 करोड़ रुपये खर्च कर 19 खिलाड़ियों को खरीदा। इनमें से चार खिलाड़ी करोड़पति बन गयीं।

### डब्ल्यूपीएल नीलामी : 9.05 करोड़ में बिकीं 19 खिलाड़ी

# सिमरन शेख सबसे महंगी प्लेयर, गुजरात ने 1.90 करोड़ में खरीदा

चार खिलाड़ी बनीं करोड़पति, अनकैप्ड बैटर कमलिनी को एमआइ ने 16 गुना ज्यादा कीमत देकर खरीदा



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के लिए मिनी ऑक्शन बेंगलुरु में रविवार को करीब ढाई घंटे चला। पांच टीमों ने 9.05 करोड़ रुपए खर्च कर 19 प्लेयर्स को खरीदा, जिनमें से चार करोड़पति बनीं। इस दौरान पांच विदेशी खिलाड़ियों पर 2.70 करोड़ रुपए खर्च हुए। सिमरन शेख सबसे महंगी प्लेयर रहीं, उन्हें 1.90 करोड़ रुपए में गुजरात ने खरीदा। वहीं, अनकैप्ड विकेटकीपर बैटर जी कमलिनी ने सभी को चौंका दिया। उन्हें बेस प्राइस से 16 गुना ज्यादा कीमत देकर मुंबई इंडियंस (एमआइ) ने 1.60 करोड़ रुपए में खरीदा। वेस्टइंडीज की डिएंड्रा डॉटिन सबसे महंगी विदेशी प्लेयर रहीं, उन्हें 1.90 करोड़ रुपए में गुजरात ने खरीदा। स्नेह राणा, हीथर नाइट और लौरेन बेल जैसी बड़ी प्लेयर्स अनसोल्ड हो गईं।

### फाइनल राउंड में सात प्लेयर्स बिकीं

फाइनल राउंड में 7 प्लेयर्स को खरीदार मिले, सभी बेस प्राइस में ही बिक गईं। ऑस्ट्रेलिया की लेग स्पिनर एलाना किंग को यूपी और इंग्लैंड की बॉलर डैनिले गिबसन को गुजरात ने 30-30 लाख रुपए में खरीदा। अंकिता माहेश्वरी 20 लाख रुपए में मुंबई का हिस्सा बनीं। दिल्ली ने निकी प्रसाद, गुजरात ने प्रकाशिका नायक, बेंगलुरु ने जाग्रवी पवार और राघवी बिष्ट को खरीदा। चार प्लेयर्स 10-10 लाख रुपए में बिकीं। स्नेह राणा और लौरेन बेल आखिरी राउंड में भी अनसोल्ड रह गईं।

# नीरज की ओलिंपिक जर्सी विश्व एथलेटिक्स के विरासत संग्रह में शामिल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा की पेरिस ओलिंपिक वाली जर्सी विश्व एथलेटिक्स के विरासत संग्रह में शामिल की गई है। टोक्यो ओलिंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज ने अगस्त में खत्म हुए पेरिस ओलिंपिक गेम्स में सिल्वर मेडल जीता था। उन्होंने 89.45 मीटर का सीजन बेस्ट थ्रो किया था। पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 92.97 मीटर थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीता था। नीरज ने 2020 के टोक्यो ओलिंपिक में गोल्ड मेडल जीता था। बतातें चलें कि नीरज लगातार दो ओलिंपिक में मेडल जीतने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। नीरज से पहले रेसलर सुशील कुमार और बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने लगातार दो ओलिंपिक में मेडल जीते थे। वहीं, भारतीय इतिहास में नीरज चोपड़ा दो ओलिंपिक मेडल जीतने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी हैं। उनसे पहले रेसलिंग में सुशील कुमार, बैडमिंटन में पीवी सिंधु और शूटिंग में मनु भाकर भी दो ओलिंपिक मेडल जीत चुकी हैं। इनमें से नीरज चोपड़ा, सुशील कुमार और पीवी सिंधु ने लगातार दो ओलिंपिक गेम्स में ये मेडल जीते। वहीं मनु भाकर ने इसी पेरिस ओलिंपिक में शूटिंग में दो ब्रॉन्ज मेडल जीते।

### वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय

वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने पिछले साल बुडापेस्ट में में वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता था।इससे पहले, 2022 यूजीन में वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता था।

### ओलिंपिक डेब्यू पर गोल्ड जीतकर इतिहास रचा

जूनियर और सीनियर सर्किट में बेहतरीन प्रदर्शन के बाद नीरज ने टोक्यो ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई किया। पहले ही ओलिंपिक में उन्होंने 87.58 मीटर का जेवलिन थ्रो फेंका और गोल्ड मेडल जीत लिया। 2022 के वर्ल्ड फाइनल में सिल्वर और 2023 में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इसी दौरान स्टॉकहोम डायमंड लीग में उन्होंने 89.94 मीटर थ्रो फेंका और नेशनल रिकॉर्ड बनाया, यह नीरज का भी पर्सनल बेस्ट रहा।

## कार्यशाला में अनुसंधानकर्ताओं को न्यायाधीश ने सिखाये अनुसंधान के गुण

# समाज के प्रति जिम्मेवारियों को पूरा करना सभी का कर्तव्य : न्यायाधीश

## दुष्कर्म पीड़ितों की गरिमा बनाये रखने में न्यायपालिका की भूमिका अहम

- सर्वोच्च न्यायालय के अरणेश के मामले में पारीत निर्णय का पुलिस कठोरता से पालन करे : सीजीएम
- लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए हम कृतसंकल्प : डालसा सचिव




जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम में शामिल न्यायाधीश, एसएसपी व अन्य।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर पुलिस पदाधिकारियों के लिए रविवार को आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय कैपिसिटी बिल्डिंग सह जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ धनबाद सिविल कोर्ट में हुआ। जिसका उद्घाटन धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सिंह, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, एसएसपी एचपी जनार्दनन, बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो और महासचिव जीतेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर न्यायाधीश ने कहा कि समाज के प्रति हम सभी की जिम्मेदारियां हैं जिसे समय पर पूरा करना हमारा कर्तव्य है। न्यायाधीश ने कहा कि सड़क दुर्घटना में समय पर कागजात कोर्ट में जमा नहीं किए जाने के कारण मृतकों के परिजनों को मुआवजा नहीं मिल पाता है। इस विषय पर पुलिस को संदेश देते हुए जिला जज ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा है कि सड़क दुर्घटना के मामले में किसी भी हालत में 30 दिन के अंदर दुर्घटना की सूचना रिपोर्ट कोर्ट को भेज देनी है। ऐसा नहीं करने पर थाने के भार साधक अधिकारी पर कार्रवाई हो सकती है। उन्होंने कहा कि यदि समय पर पुलिस ऐसा कर दें तो मृतक के परिजनों को मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा। वहीं, एसएसपी ने कहा कि पुलिस के पास अत्यधिक कार्य का बोझ होता है जिस कारण कई बार अनुसंधान में कई तरह की त्रुटियां रह जाती है। जिसका फायदा आरोपित ले जाते हैं। इसलिए यह कार्यशाला हमारे जांच कर्ताओं को अनुसंधान में काफी मदद करेगी। वहीं, महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों और उससे संबंधित कानून की जानकारी देते हुए न्यायाधीश संजय कुमार सिंह ने कहा कि दुष्कर्म पीड़ितों की गरीमा बनाए रखने में न्यायपालिका सहित आप सभी की अहम भूमिका है। नए आपराधिक कानून के संबंध में कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अरणेश व ऐनटिल के मामले में पारीत निर्णय का पुलिस कठोरता से पालन करे। अब किसी भी व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में भेजने के लिए कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करने के समय उस व्यक्ति के विरुद्ध उसके अपराध में शामिल होने के पुख्ता साक्ष्य भी पेश करना होगा। अन्यथा उस व्यक्ति को जेल नहीं भेजा जाएगा। वहीं, धनबाद लोक अभियोजक अवधेश कुमार ने एनडीपीएस एक्ट में पुलिस पदाधिकारियों को अनुसंधान करने के तरीके के विषय में बताया। अधिवक्ता मो सिराज ने लोगों को सावधानीपूर्वक सड़क पर गाड़ी चलाने की सलाह दी। जबकि कार्यशाला के विषय में जानकारी देते हुए डालसा सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने पीड़ित से संबंधित कानून व उसके पुनर्वास से संबंधित कानून, योजना, कुमार विमलेंदु ने पोक्सो एक्ट से संबंधित कानून के विषय में बताया। डालसा सचिव ने बताया कि कार्यशाला में ससभी न्यायिक पदाधिकारी, बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष, महासचिव जीतेंद्र कुमार, लोक अभियोजक अवधेश कुमार, अपर एवं सहायक लोक अभियोजक, विभिन्न थानों के पदाधिकारी, पारा लीगल वालंटियर, डालसा के पैनल अधिवक्ता, एलएडीसीएस के चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कन्हैया लाल ठाकुर, नीरज गोयल, शैलेन्द्र झा और स्वाति, मुस्कान आदि उपस्थित थे।

## सभी अस्पतालों में हो आयुष्मान कार्ड धारियों का इलाज : ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिला बीस सूत्री के उपाध्यक्ष सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने धनबाद के डीसी को बताया कि जिले के साथ ही पूरे झारखंड में ऐसी शिकायतें मिल रही हैं की कई अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड धारी मरीजों को अस्पताल में भर्ती होने के बाद उनसे पैसे लिए जा रहे हैं। यही नहीं, मरीजों के साथ दुर्व्यवहार भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार इस पर कड़ी कार्रवाई करें, क्योंकि अस्पतालों को सरकार की ओर से धनराशि का भुगतान किया जाता है। ऐसी स्थिति में निजी अस्पतालों के संचालकों द्वारा आयुष्मान कार्ड धारी या 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों का अस्पताल में अच्छे से इलाज करने की उचित व्यक्ति सुनिश्चित की जाए। अस्पताल संचालकों की मनमर्जी और आनाकानी नहीं चलेगी। ब्रजेंद्र सिंह ने धनबाद डीसी माधवी मिश्रा से आग्रह किया कि वैसे अस्पतालों को चिन्हित कर कार्रवाई करने का निर्देश दें, या उनको उस परिधि से निकाल दें, जो आयुष्मानकार्ड धारियों का इलाज करने में आनाकानी कर रहे हैं।

### 70 से अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए आयुष्मान कार्ड नामांकन शिविर का किया गया आयोजन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मटकुरिया सेवा समिति की ओर से दुर्गा मंडप मटकुरिया में रविवार को शिविर का आयोजन कर 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए आयुष्मान कार्ड के लिए नामांकन कराया गया। शिविर का उद्घाटन धनबाद के भाजपा विधायक राज सिन्हा ने किया। भाजपा के संरक्षण में इस शिविर के आयोजन के वृद्धजनों ने काफी सराहा। वहीं, 70 वर्षीय समाजसेवी व वरिष्ठ पत्रकार अनिल पांडे ने इस संदर्भ में विधायक राज सिन्हा से अनुरोध किया कि संभव हो तो अपने आवासीय कार्यालय में आयुष्मान कार्ड के नामांकन की व्यवस्था करें। ताकि बुजुर्गों को इससे सहुलियत मिले।

## मानसिक रूप से बीमार युवक ने की खुदकुशी

**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** जोरापोखर थाना क्षेत्र के नूनीडीह सात नंबर मोहल्ला निवासी सूरज पंडित (25) ने विवार को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। वह मानसिक रूप से बीमार और अविवाहित था। वह अपने तीन भाइयों में सबसे छोटा था। बतातें चलें कि सूरज की पिछले कई महीने से मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। उसका इलाज कराया जा रहा था। इस दौरान वह मोहल्ला में लोगो के साथ अजीबोगरीब व्यवहार करता था, जिससे लोग भी परेशान थे। शुक्रवार को उसने मुहल्ले के एक लड़का के साथ मारपीट भी की थी। इससे नाराज होकर उसके दो भाइयों विजय और चंदन पंडित ने सूरज को पकड़कर एक कमरे में बंद कर दिया। रविवार की दोपहर में भाई चंदन ने जब खाना लेकर उसके कमरा में गया तो वह एक स्टॉल के सहारे फंदा बनाकर सिलिंग से लटकता पाया गया। इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गयी। वहीं, खबर पाकर निवर्तमान पार्षद जय कुमार भी मृतक के घर पहुंच गये और स्वजन को सहयोग करते हुए सांत्वना दिया।

## समारोह आयोजित कर टुंडी व सिंदरी विधायक को किया गया सम्मानित



**गोविंदपुर/धनबाद। (आजाद सिपाही)।** झामुमो गोबिंदपुर प्रखंड कमेटी की ओर से रविवार को रतनपुरा देसी रसोई के सामने स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता गोविंदपुर प्रखंड अध्यक्ष अताउल्लाह अंसारी और संचालन सचिव पारस हंसदा ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो एवं सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू महतो के अलावा जिला अध्यक्ष लखी सोरेन एवं जिला सचिव मन्नू आलम, अलाउद्दीन अंसारी, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, जिप सदस्या सह लक्ष्मी मुर्मू, पूर्व 20 सूत्री अख़्तर हुसैन अंसारी, वरिष्ठ नेता मोबिन अंसारी, प्रखंड उपाध्यक्ष निर्मल कुमार मंडल प्रखंड उपाध्यक्ष मिहिर गोप, प्रखंड उपाध्यक्ष फिरोज अंसारी आदि उपस्थित थे। इनके अलावा उपाध्यक्ष मोकिम अंसारी, कोषाध्यक्ष फारूक अंसारी, इमरान अंसारी, शमशेर अंसारी, मुबारक अंसारी, बोदीलाल सोरेन, असगर अंसारी, सिद्दकी अंसारी, खुदुस अंसारी, बबलू दास, टुंडी प्रखंड अध्यक्ष गिरिलाल किस्कू आदि मौजूद थे।

## जनहित का कार्य मेरी प्राथमिकता : जयमंगल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**फुसरो/बेरमो।** बेरमो प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार चांडक ने रविवार को विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह के मुलाकात कर झारखंड विधानसभा में कांग्रेस का सचेतक बनाए जाने पर ढोरी स्टाफ क्वार्टर स्थित आवास पर जाकर मुलाकात की। उन्हें बधाई स्वरुप भारत जोड़ो न्याय यात्रा के प्रतीकात्मक चिन्ह अंकित गोल्डन पेन भेंट किया। इस अवसर पर कुमार जयमंगल ने कहा कि जनहित के कार्य मेरी प्राथमिकता है। बेरमो का चहुमुंखी विकास करना ही एकमात्र लक्ष्य है। आने वाले समय में सभी अधूरे कार्य को पूरा किया जाएगा। वहीं, कृष्ण चांडक ने फुसरो स्थित श्री अग्रसेन भवन की जर्जर सड़क की मरम्मती की मांग की। इस पर विधायक ने शीघ्र इस पर पहल करने का आश्वाशन दिया। दूसरी ओर, अनूप सिंह की लगातार दूसरी बार जीत और झारखंड विधानसभा में कांग्रेस का सचेतक बनाए जाने पर लोगों की ओर से बधाई मिलने का सिलसिला जारी है। उनके आवासीय कार्यालय ढोरी स्टाफ क्वार्टर में लोग पहुंच कर पुष्पगुच्छ, मिठाई और अंगवस्त्र देकर शुभकामनाएं दे रहे है। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि यह जीत बेरमो की जनता की है। कहा कि बेरमो की जनता ने मेरे कामों को सराहते हुए मुझे 30 हजार वोटों से ऐतिहासिक जीत दिलायी है। मंत्री नहीं बनाए जाने पर उन्होंने कहा कि यह पार्टी का निर्णय है। पार्टी का जो आदेश होगा उसे हम लोग मानेंगें।

## मंत्री योगेंद्र प्रसाद से मिले पूर्व उप मुखिया चंदन अबुआ आवास योजना में कोटा बढ़ाने की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आइइएल।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत पलिहारी गुरूडीह पंचायत के पूर्व उप मुखिया चंदन पासवान ने राज्य के पेयजल, स्वच्छता एवं उत्पाद मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मंत्री योगेंद्र प्रसाद को कई महत्वपूर्ण समस्याओं से अवगत कराने के साथ ही अबुआ आवास योजना का लाभ हर जरूरतमंद लाभुकों को दिलाने की अपील की। इसके बाद पलिहारी गुरूडीह पंचायत में अबुआ आवास योजना में अनुसूचित जाति एवं अल्पसंख्यक जाति का कोटा बढ़ाने की भी अपील की। चंदन पासवान ने कहा कि गोमिया प्रखंड क्षेत्र के पलिहारी गुरुडीह पंचायत में अनुसूचित जाति एवं अल्पसंख्यक जाति में कम कोटा रहने होने के कारण कई जरूरतमंद लाभुकों को अबुआ आवास योजना का लाभ समय पर नहीं मिल पा रहा है। इन्हीं बातों को लेकर मंत्री योगेंद्र प्रसाद से मुलाकात कर अबुआ आवास योजना से संबंधित अपनी बातों को रखा। वहीं मंत्री जी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनने के बाद जल्द ही समाधान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर समाजसेवी राजू खान, वार्ड सदस्य प्रकाश गंझू, पूर्व वार्ड सदस्य बिगन पासवान, कारू पासवान, फरीद अंसारी, कृष्णा मूर्ति आदि थे।

## जेल अदालत का आयोजन, दो बंदी रिहा




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में रविवार को धनबाद जेल में जेल अदालत व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अवर न्यायाधीश ऐंजोलिना जोन, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी ऋषि कुमार ने मुकदमो की सुनवाई कर मौके पर ही फैसला सुनाया। इस बाबत जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधिश राकेश रोशन ने बताया कि जेल अदालत में निपटारे के लिए छह केस चिन्हित किए गए थे। जिसमें दो मुकदमे का निष्पादन कर बंदी आशीष मांझी व आशीष कुमार को रिहा करना का आदेश दिया गया। वहीं, डॉक्टर राजीव कुमार के नेतृत्व में सात सदस्यीय मेडिकल टीम ने बंदियों के स्वास्थ्य की जांच की। दूसरी ओर, न्यायिक पदाधिकारी व लीगल एंड डिफेंस काउंसिल की टीम की ओर से बंदियों को विभिन्न कानूनों की जानकारी दी गई। इस मौके पर एलएडीसीएस के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कन्नीहैया लाल ठाकुर, नीरज गोयल, शैलेन्द्र झा, कारा अधीक्षक, डालसा सहायक, अरुण कुमार और राजेश सिंह उपस्थित थे।

## आठ दिवसीय श्रीराम महायज्ञ चार फरवरी से, तैयारियों को लेकर बाघमारा विधायक ने की बैठक



**महुदा (आजाद सिपाही)।** श्रीश्री राम महायज्ञ के आयोजन की तैयारियों को लेकर विधायक शत्रुघ्न महतो की अगुवाई में रविवार को मंदिर परिसर में बैठक हुई। जिसमें विधायक ने यज्ञ के सफल आयोजन को लेकर गणमान्य लोगों को सदस्यों से चर्चा किया। कहा कि यह महायज्ञ हमारे क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध करने के साथ ही समाज में धार्मिक एकता और भाईचारे को बढ़ावा देगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को यज्ञ के आयोजन में पूरी तत्परता से जुटने की अपील की और क्षेत्रवासियों से यज्ञ में भाग लेने का आह्वान किया। विधायक ने बताया कि कलश यात्रा एवं भव्य शोभायात्रा महायज्ञ की शुरूआत अत्यंत धूमधाम से होगी। वहीं, अन्य वक्ताओं ने कहा आज चिटाही धाम स्थित राम राज मंदिर देशभर से श्रद्धालुओं का प्रमुख स्थल बन चुका है। जब भी देश के विभिन्न राज्यों में किसी के घर मेहमान आते हैं, तो वे इस पवित्र मंदिर की महिमा और महत्व की चर्चा अवश्य करते हैं। जो हम सभी के लिए गर्व की बात हैं। इस बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## कुशवाहा समाज परिचय सम्मेलन पांच जनवरी को



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बरूआटांड तूपकाडीह में रविवार को पारिवारिक सहायता केंद्र की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता कनारी पंचायत के उप मुखिया राजू कुशवाहा व संचालन विष्णु महतो ने किया। इस अवसर पर संस्था के केंद्रीय अध्यक्ष मदन मोहन महतो ने बताया कि पांच जनवरी 2025 को पारिवारिक सहायता केंद्र के तत्वाधान में परिचय सम्मेलन का आयोजन होगा। जिसे सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक परिवारों को संस्था से जोड़ना होगा। कहा कि मानव सेवा ही मानवता के सर्वोत्तम आदर्श का मार्ग है। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सर्वसम्मति से तूपकाडीह शाखा कमेटी के निर्माण के लिए एक संयोजक मंडली का गठन किया गय, जिसमें अनिल महतो, नीतीश महतो, प्रेम महतो, सागर कुमार, राहुल, गौतम, आशीष, भीम महतो, राजू महतो, विष्णु महतो, शंकर महतो, संतोष महतो, ठाकुर राम महतो और सहदेव महतो आदि शामिल हैं। इस मौके पर समरेश कुमार, उमेश महतो, चितरंजन कुमार, देवरंजन कुमार, शिव शंकर प्रसाद व बंशीधर महतो आदि उपस्थित थे।

## परंपरा की आड़ में मुर्गा अखाड़ा ना करें: धीरज

**महुदा (आजाद सिपाही)।** ग्रामसभा में हुए फैसले के अनुसार मुर्गा अखाड़े का आयोजन नहीं करना है। अगर कोई जबरन ऐसा करने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह घोषणा कांडरा की मुखिया सह मुखिया संघ की अध्यक्ष रिंकू देवी ने ग्रामसभा में लिए गए निर्णयों के बाद की थी। पर कुछ लोग परंपरा की आड़ में इसे राजनीतिक रंग देने में लगे हैं और सोमवार को जबरन अखाड़े का आयोजन कर शांति भंग करने की कोशिश में लगे हैं। इस पर मुखिया ने ग्रामवासियों से अपील की हैं कि वे किसी भी प्रकार के अवैध आयोजन में भाग ना लें। ना ही किसी के बहकावे में आये। मुखिया ने कहा कि मुर्गा आखाड़ा एक अवैध और हिंसक खेल है, जो हमारे गांव के समाजिक और सांस्कृतिक वातावरण को प्रभावित कर रहा है। ग्राम सभा ने इस पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। हम चाहते हैं कि पुलिस प्रशासन इसे लागू करने में पूरी तरह से सहयोग करे। वहीं, थाना प्रभारी धीरज कुमार ने चेताते हुए कहा कि जो लोग मुर्गा अखाड़ा जैसे विवादास्पद आयोजनों का सहारा लेकर परंपरा के नाम पर मनाते हैं, उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। थानेदार ने कहा कि त्योहारों को उनके वास्तविक रूप यानी शांति और भाईचारे के साथ मनाया जाना चाहिए, ना कि उसे राजनीति का हिस्सा बनाकर विवादित किया जाना चाहिए। इस तरह के आयोजनों में किसी प्रकार की हिंसा या विवाद को बढ़ावा नहीं मिलना चाहिए। सबको मिलकर इसे एक धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन की तरह मनाना चाहिए। मुर्गा अखाड़े जैसे आयोजनों से स्थानीय शांति भंग होती है और सामाजिक असहमति का कारण बनती है। ऐसे आयोजनों को रोकने के लिए पुलिस पूरी तरह तत्पर रहेगा। अगर किसी ने मुर्गा अखाड़ा आयोजित किया तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## टुंडी में धान क्रय केंद्र का विधायक ने किया उद्घाटन

# किसानों की मेहनत का उचित मूल्य देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मथुरा महतो

- हटिया रोड़ से टुंडी दुर्गा मंदिर तक पथ निर्माण कार्य का भी किया उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन व सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास करते विधायक।

**टुंडी।** झारखंड सरकार की अति महत्वाकांक्षी धान अधिप्राप्ति योजना 2024-25 अंतर्गत खरीफ विपणन मौसम में धान अधिप्राप्ति केंद्र का रविवार को टुंडी के दुबराजपुर एवं कटनियां में शुभारंभ हुआ, जिसका उद्घाटन झारखंड विधानसभा के मुख्य सचेतक सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने किया। सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 2300 रुपये प्रति क्विंटल और बोनस 100 रुपए (कुल 2400 रुपए) प्रति क्विंटल की दरें निर्धारित किया है। इस अवसर पर टुंडी विधायक ने कहा कि इस योजना से किसानों को उनके धान का उचित मूल्य मिल सकेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी। इस तरह की योजना से खुले बाजार में कम मूल्य पर धान बेचने की मजबूरी खत्म होगी। विधायक ने कहा कि झारखंड सरकार किसानों की मेहनत का सम्मान करते हुए उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए प्रतिबद्ध है। दूसरी ओर, ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से डीएमएफटी योजना से हटिया रोड़ से टुंडी दुर्गा मंदिर तक पथ निर्माण कार्य का भी विधायक मथुरा प्रसाद महतो एवं सांसद प्रतिनिधि रामप्रसाद महतो ने संयुक्त रूप से विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर टुंडी प्रमुख मालती मरांडी, झामुमो नेता फूलचंद किस्कू, विधायक प्रतिनिधि बसंत महतो, पूर्णाडीह पैक्स अध्यक्ष किशोर कुमार गुप्ता, किशोर कुमार मिश्रा, कांग्रेस नेता प्रवीण कुमार जायसवाल, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष लोलिन बास्की, श्रवण बेसरा, आनंद महतो, शहादत अंसारी, वीरवल गोप, जयप्रकाश सिंह, शमशेर अंसारी, बबलू सिंह, सुशील साव, तुलसी रजवार, विजय कुमार सिंह, खिरोध रवानी, रणधीर गुप्ता और जयप्रकाश सिंह आदि उपस्थित थे।

## बीएसएफ हैप्पी स्ट्रीट का हुआ शुभारंभ

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील प्लांट की ओर से रविवार की शुबह सात बजे डाइरेक्टर इंचार्ज बीके तिवारी ने फीता काटकर व गुब्बारे उड़ाकर हैप्पी स्ट्रीट का शुभारंभ किया, जो प्रति रविवार को आयोजित होगा। जिसका समापन जनवरी के अंतिम सप्ताह में होगा। यहां हर तरह के स्टाल लगाये गये हैं। विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम सभी स्कूल के बच्चों-बच्चियों द्वारा सांस्कृतिक डांस गाने व एनजीओ और विभिन्न संगठनों की ओर से अपनी चीजों को प्रदर्शित किया जाएगा।

## ओड़िशा के गंजम में चलती ट्रेन से गिरकर दो महिलाओं की मौत

**बरहामपुर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के गंजम जिले के सुरला रोड रेलवे स्टेशन पर रविवार को चलती ट्रेन से गिरकर दो महिलाओं की दुखद मौत हो गयी। मृतकों की पहचान पार्वती गौड़ा और झुनू गौड़ा के रूप में हुई है। दोनों जिले के चिकिती ब्लॉक के जगन्नाथपुर गांव के निवासी थे। सूत्रों के अनुसार वे जगन्नाथपुर स्कूल में रसोइया के रूप में काम करते थे। सूत्रों ने बताया कि वे भुवनेश्वर में पचिका संघ की चल रही रैली में जा रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। उन्होंने सुरला रोड रेलवे स्टेशन पर पलासा-कटक डीएमयू ट्रेन में चढ़ने की कोशिश की। हालांकि, उनमें से एक महिला वाहन में चढ़ने की कोशिश करते समय चलती ट्रेन से गिर गयी और उसे बचाने के दौरान दूसरी महिलाएं भी फिसल गयी। चलती ट्रेन से कटने के बाद दोनों की मौत हो गयी।

# भारत में पहली बार ओड़िशा ने एआइ तकनीक का लाभ उठाया: मुख्यमंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा सरकार को अपने ओडिशा विजन 2036 और 2047 पहल में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जिसमें भारत और विदेश से ईमेल, व्हाट्सएप और समर्पित ओड़िशा विजन वेबसाइट के माध्यम से 3 लाख से अधिक नागरिक इनपुट प्राप्त हुए हैं। यह उल्लेखनीय सार्वजनिक सहभागिता, विकासशील भारत के लिए विकासशील ओडिशा के निर्माण के साझा मिशन के साथ, भागीदारीपूर्ण शासन में अग्रणी के रूप में ओड़िशा की स्थिति को मजबूत करती है।


ओडिशा के सीएम मोहन चरण माझी

मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने सभी योगदानकर्ताओं को धन्यवाद दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओड़िशा के भविष्य को आकार देने के लिए महत्वपूर्ण इनपुट के साथ आगे आने के लिए ओडिशा को धन्यवाद। भारत में पहली बार, ओडिशा ने नागरिकों के सुझावों की सावधानीपूर्वक समीक्षा और विश्लेषण करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रौद्योगिकी का लाभ उठाया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक विचार पर विचार किया जाए और सर्वोत्तम विचारों को राज्य के रणनीतिक रोडमैप में शामिल किया जाये। यह अभिनव कदम नागरिक-संचालित नीति-निर्माण को बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की ओड़िशा की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव और पार्वती परिदा ने भी अपनी हार्दिक सराहना व्यक्त की तथा समृद्ध ओडिशा के सपने को साकार करने में सामूहिक प्रयास की शक्ति पर बल दिया। एक उज्जवल कल के लिए ऐतिहासिक सहयोग, ओड़िशा विजन नागरिक सहभागिता मंच को छात्रों, पेशेवरों, सरकारी अधिकारियों, संगठनों और प्रतिष्ठित व्यक्तियों सहित विविध हितधारकों से इनपुट प्राप्त हुए हैं।

### ये योगदान 17 परिवर्तनकारी विषयगत क्षेत्रों में फैले हैं, जो विकास के लिए आधार का काम करेंगे

- **कृषि और ग्रामीण विकास:** जलवायु अनुकूल कृषि, उन्नत सिंचाई और बाजार संपर्क पर ध्यान केंद्रित करना।
- **टिकाऊ खनन प्रथाएं:** पर्यावरणीय स्थिरता और सामुदायिक कल्याण को प्राथमिकता देना।
- **महिला-नेतृत्व विकास:** महिला उद्यमियों को बढ़ावा देना और लैंगिक समानता को बढ़ावा देना।
- **पर्यटन और विरासत:** रणनीतिक बुनियादी ढांचे के माध्यम से पारिस्थितिक और सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देना।
- **शहरी विकास:** स्मार्ट शहरों और टिकाऊ शहरीकरण को आगे बढ़ाना।
- **जलवायु लचीलापन:** आपदा तैयारी को मजबूत करना और नवीकरणीय ऊर्जा समाधान अपनाना।

## भाजपा की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा




आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह रविवार को भाजपा जिला कार्यालय गिरिडीह में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में शामिल हुए। प्रदेश संगठन महामंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बगोदर विधायक नागेंद्र महतो, जमुआ विधायक मंजू देवी एवं सुनील पासवान की उपस्थिति में पार्टी को धरातल पर और अधिक मजबूत करने हेतु विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा की गयी। साथ ही बैठक में पार्टी संगठन मजबूती के लिए सदस्यता अभियान भी चलाया गया। इस मौके पर सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नवीन पटनायक ने भारतीय महिला हॉकी टीम को बधाई दी



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के पूर्व मुख्यमंत्री और बीजद सुप्रीमो नवीन पटनायक ने भारतीय महिला हॉकी (जूनियर) टीम को जापान के खिलाफ ऐतिहासिक जीत हासिल करने और महिला जूनियर एशिया कप टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने पर बधाई दी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें लिखा था, 'भारतीय महिला हॉकी (जूनियर) टीम को #Womens Junior Asin Cup 2024 के फाइनल में पहुंचने पर बधाई, जापान पर 3-1 से जीत हासिल की। फाइनल के लिए टीम को शुभकामनाएं।' भारतीय महिला हॉकी (जूनियर) टीम ने शनिवार को मस्कट, ओमान में गत चैंपियन टीम इंडिया ने जापान पर 3-1 से शानदार जीत हासिल कर जूनियर महिला एशिया कप 2024 के फाइनल में जगह बना ली है। ट्रॉफी जीतने वाला मैच आज यानी 15 दिसंबर को रात 8.30 बजे खेला जायेगा।

## ओड़िशा में तापमान 5.2 डिग्री तक गिरा

- ओडिशा में अगले 2 दिनों तक शीतलहर जारी रहेगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के 33 शहरों में रात का न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। कुछ स्थानों पर भीषण शीतलहर के कारण तापमान 5.2 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है।

मौसम विज्ञान केंद्र ने पूर्वानुमान जताया है कि अगले 48 घंटों में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहेगा। रिपोर्ट के अनुसार, जी उदयगिरी रात में 5.2 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ सबसे ठंडा स्थान रहा। इस बीच, सेमिलिगुडा और फूलबानी में 9 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। राउरकेला (7.2 डिग्री सेल्सियस), किरेई (8.8 डिग्री सेल्सियस) और दारिंगबाड़ी (10 डिग्री सेल्सियस) सहित अन्य स्थानों पर भी पारा गिरा है।

सुंदरगढ़ और झारसुगुड़ा जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में कोई बदलाव नहीं होने की संभावना है। हालांकि, आज से दिन के तापमान में 3-5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। इस बीच, लामातापुट के कुछ स्थानों पर मौसम की पहली बर्फबारी देखी गयी है, क्योंकि तापमान 4 डिग्री सेल्सियस से नीचे है।

## भुवनेश्वर में 10 लाख रुपये जब्त: सीबीआइ की छापेमारी जारी, दफ्तरों और आवासों की तलाशी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** 7 दिसंबर को भुवनेश्वर में एक मर्सिडीज-मेबैक कार से 10 लाख रुपये की नकदी जब्त होने के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की जांच जारी है और भ्रष्टाचार निरोधक टीम के अधिकारियों ने तीन गिरफ्तार आरोपियों के कार्यालय और आवास पर छापेमारी की है।

रिपोर्टों के अनुसार, जांच एजेंसी ने एक बार फिर ब्रिज एंड रूफ कंपनी (इंडिया) लिमिटेड के भुवनेश्वर कार्यालय, आदित्य देव इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय और मेसर्स पेंटा ए स्टूडियो प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय और इसके निदेशक संतोष मोहराणा के आवास पर छापेमारी की। दूसरी ओर, आदित्य देव इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड के एमडी और मामले में आरोपी व्यक्तियों में से एक देबदत्त महापात्रा के रिश्तेदार से आज भुवनेश्वर में भ्रष्टाचार निरोधक टीम ने पूछताछ की। वह करीब 30 मिनट तक कार्यालय में रहीं, लेकिन उन्होंने मीडियाकर्मियों से कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। आज चार स्थानों पर छापेमारी करते समय, अधिकारियों ने कथित तौर पर कंपनियों के कई दस्तावेजों का निरीक्षण और सत्यापन किया ताकि उनकी संदिग्ध अवैध गतिविधियों के बारे में अधिक जानकारी सामने आ सके। उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने मेसर्स ब्रिज एंड रूफ कंपनी (इंडिया) लिमिटेड के भुवनेश्वर कार्यालय के समूह महाप्रबंधक संतोष मोहराणा, देबदत्त महापात्रा और चंचल मुखर्जी को दो चरणों में रिमांड पर लिया है और पिछले आठ दिनों से उनसे पूछताछ कर रही है। रिमांड अवधि पूरी होने के बाद तीनों को कल अदालत में पेश किया जायेगा। इस बीच, मुखर्जी के वकील राजेश मिश्रा ने कहा कि वह कल उनकी जमानत के लिए अर्जी दाखिल करेंगे। मिश्रा ने सीबीआई कार्यालय में मुखर्जी से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। संतोष मोहराणा के पिता मनमोहन मोहराणा तब से फरार हैं, जब से सीबीआई टीम ने 7 दिसंबर को नकदी के साथ कुछ सोने के आभूषण जब्त किये थे।

## दर्जी की रसीद और यूपीआइ लेनदेन इतिहास की मदद से मामला सुलझा, तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**कटक।** कटक के काठजोड़ी नदी तट पर महिला की हत्या के मामले को कमिश्नरेट पुलिस ने सफलतापूर्वक सुलझा लिया है। जांच में दर्जी की रसीद और यूपीआई ट्रांजेक्शन हिस्ट्री की मदद से मामले को सफलतापूर्वक सुलझाया गया और तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया - महिला का पति और देवर, ऐसा जानकारी भुवनेश्वर-कटक कमिश्नरेट पुलिस के कमिश्नर सुरेश देव दत्ता सिंह ने दी।

जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी के बारे में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए सिटी डीसीपी जगमोहन मीना ने कहा कि इस मामले में पता लगाना ओडिशा पुलिस और गुजरात के बीच और ओडिशा में विभिन्न जिला पुलिस के बीच सावधानीपूर्वक जांच और सहयोग का एक बहुत अच्छा उदाहरण है। यह पता लगाना मामले का पता लगाने में बड़े पैमाने पर समुदाय की मदद का एक अच्छा उदाहरण भी है।

13 दिसंबर की सुबह कंदरपुर थाना क्षेत्र के काठजोड़ी नदी के किनारे एक महिला का शव मिला। तत्काल ही आईआईसी कंदरपुर और एसीपी जोन ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। वैज्ञानिक टीम और डॉग स्क्वायड ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाये। मौके से अपराध के हथियार (चापड़) बरामद किए गये।

इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच करने, पड़ोसी थानों में गुमशुदा लोगों की प्रविष्टियों की जांच करने, पास की ग्राम पंचायतों में गुमशुदा लोगों के बारे में पूछताछ करने के लिए कई टीमें बनायी गयी थी। मृतक के दोनों हाथों पर खास टैटू भी मिले थे, जिस पर बाबा बलिया माता और पिता केपीएसएम लिखा हुआ था। घटनास्थल के पास स्थित जलाशय से खून से सना एक शर्ट और पैंट बरामद किया गया। इसे जब्त कर लिया गया और पाया गया कि पहने हुए दोनों कपड़ों पर 'न्यू स्टार टेलर्स' की रसीद लगी हुई थी। इस सुराग पर ध्यान केंद्रित किया गया।

ओड़िशा में इस नाम के मिलते-जुलते नाम वाले करीब 10 दर्जी की जांच की गयी और उनकी रसीद के डिजाइन का मिलान मौके पर मिली रसीद से किया गया। हालांकि, कोई मिलान नहीं मिला। व्यापक प्रचार के कारण, एक अज्ञात व्यक्ति ने व्हाट्सएप पर संदेश भेजा कि यूट्यूब पर एक टिप्पणी के अनुसार गंजम के भंजनगर इलाके में ऐसी एक दुकान उपलब्ध है। ग्राहक के विवरण का पता लगाने के लिए सटीक सीरियल नंबर '3833' खोजा गया। विवरण में केवल एक उपनाम 'बाबू' का उल्लेख था। हालांकि, दर्जी ने एक महत्वपूर्ण सुराग दिया कि उसे एक मोबाइल नंबर के ई-वॉलेट पर 100 रुपये वापस करने थे। उस नंबर से संपर्क किया गया और पाया गया कि वह 'बाबू' का एक दोस्त था। बाबू के बारे में विवरण प्राप्त हुए। वह केंद्रपाड़ा जिले के महाकालपाड़ा पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत भिटारा सोबाला का जगन्नाथ दुहुरी (27) उर्फ बाबू पाया गया।

आगे की जांच और पूछताछ में पता चला कि वह मृतक का साला है। उसने यह भी खुलासा किया कि उसने अपने भाई बलराम दुहुरी और चचेरे भाई हापी दुहुरी के साथ मिलकर यह अपराध किया था। तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। बलराम दुहुरी को केंद्रपाड़ा पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया गया। मृतका बलराम दुहुरी की पत्नी है और अपराध का कारण मृतका और उसके पति के बीच पुराना वैवाहिक विवाद है। बलराम को शक था कि मृतका का किसी के साथ विवाहेतर संबंध है। तीनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उन्हें माननीय न्यायालय में पेश किया जायेगा। मामले में आगे की जांच जारी है।

## भद्रक में यात्री बस बिजली के खंभे से टकरायी, एक की मौत, 10 घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भद्रक।** ओडिशा के भद्रक जिले में रविवार को एक बड़ी बस दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि 10 अन्य घायल हो गये। खबरों के मुताबिक, रविवार को भद्रक-आनंदपुर राजमार्ग पर बंता के पास एक यात्री बस बिजली के खंभे से टकराकर पलट गयी।

सूत्रों से पता चला है कि अरूपा नाम की एक निजी बस भद्रक से आनंदपुर जा रही थी, तभी वह अनियंत्रित होकर खंभे से टकराकर पलट गयी। इस दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और दस अन्य यात्री घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गयी है और मामले की जांच कर रही है।

### पिकअप वैन पलटने से 2 की हालत गंभीर, 10 घायल

**मयूरभंज (आजाद सिपाही)।** मयूरभंज जिले के अरापाटा गांव में रविवार को मजदूरों को ले जा रही एक पिकअप वैन के टायर फटने से पलट जाने से कम से कम 2 लोगों की हालत गंभीर हो गई और 10 अन्य घायल हो गये। सूत्रों के अनुसार, पिकअप वैन मजदूरों को लेकर कपटीपाड़ा जा रही थी, तभी यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि पिकअप वैन के टायर अचानक फट गया, जिससे वैन पलट गयी। इस हादसे में दो लोगों की हालत गंभीर है, जबकि 10 अन्य घायल हो गये हैं। घायलों का उदाला अस्पताल में इलाज चल रहा है।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**